श्री प्रियरंजन दासमुंशी (रायगंज) : मेरा कहना है कि लास्ट स्पीकर की बात नहीं कह रहा हूं। मैंने कहा कि आप प्रोग्रैस को स्टडी कीजिए। नौ बजे खत्म होना है, नौ बजे होगा, आठ बजे होना है, आठ बजे होगा, लेकिन अगर किसी ने नाम दिया है तो चाहे दो हों, तीन हों, उसको चलने दीजिए।

श्री प्रमोद महाजन : आप टाइम तय करिये न। अब आप कह रहे हैं कि आठ बजे हो, नौ बजे हो, दस का होगा तो कोई कहेगा, 11 बजे हो जायेगा। कोई टाइम आप तय करिये, आप नौ बजे तय कर दें, नौ बजे हो जाये। …(व्यवधान)

सभापति महोदय : 8.30 बजे तक समय बढ़ाया जाये। अब 8.30 बजे तक डिस्कशन पूरा करना है।

…(व्यवधान)

सभापति महोदय : रघुवंश बाबू, हमने नाम पुकार लिया है। अडसुल जी, आप अपना भााण शुरू करिये।

18.07 बजे

श्री आनन्दराव विठोबा अडसुल (बुलढाना) : सभापति महोदय, हमारी शिवसेना पार्टी श्रद्धेय अटल जी के नेतृत्व में काम करने वाली सत्ताधारी पार्टी का एक घटक दल है और आगे भी रहेगा।...(व्यवधान) पूरे पांच साल रहेगा और बाद में भी आयेगा। विरोध के लिए विरोध भावना से नहीं, ...(व्यवधान)

सभापति महोदय : इतना इण्टरप्शन होगा तो मुश्किल हो जायेगा। आप अपनी बात अपने समय में कहिये।

श्री आनन्दराव विठोबा अडसुल (बुलढाना) : सही परिस्थिति है, वह सरकार के सामने रखना हम अपना कर्तव्य समझते हैं। दूसरी बात यह है कि जो लोगों के प्रतिनिधि के रूप में हम यहा बैठे हैं, उन लोगों के सुख-दुख की भावना का यहां ख्याल रखना हमारा परम कर्तव्य हम समझते हैं। मैं एक रिजर्व कांस्टीट्वेंसी बुलढाना से आता हूं, जो महाराट्र में विदर्भ का एक पिछड़ा इलाका है। जिस इलाके में बहुत से लोग गरीबी की रेखा के नीचे रहने वाले हैं, जिसे पिछड़ा इलाका बोलते हैं, जहां पीने के पानी की सुविधा नहीं है, खेती के लिए पानी की सुविधा नहीं है। जहां रास्ते नहीं हैं और ऐसी स्थिति में जो गरीब लोग हैं, उनकी जो मूलभूत जरूरतें हैं, अनाज जो बुनियादी जरूरत बोली जाती है, वह आज की स्थिति में हमारी सरकार करेगी, पहली बात यह ध्यान में लानी चाहिए। जो हमने कीमतें बढ़ाई हैं, उसमें हमारे अर्थ मंत्री ने यहां बताया कि हमने सब्सिडी निकाली है, लेकिन जो पी.डी.एस. के अन्तर्गत अनाज दिया जाता था, उसका कोटा हमने डबल किया है। उस माध्यम से सिर्फ 68 परसेंट कीमतें बढ़ाई गई हैं। हमें दूसरी बात ध्यान में रखना चाहिए कि जिसको परचेजिंग पावर कहा जाता है, उसमें बिलो पावर्टी लाइन के जो लोग हैं, वे उसे खरीद पाएंगे या नहीं खरीद पाएंगे। जब गवर्नमेंट ई.जी.एस. के माध्यम से रोजगार देती है,

(s3/1810/jr-kvj)

जो ई.जी.एस. के माध्यम से रोजगार देते हैं, वह कितना देते हैं। मेरे पास जो आंकड़े हैं, उनके हिसाब से 38 रुपए आते हैं। एक महीने में 992 रुपए बनते हैं। अगर हम देखें कि जो अनाज हम दे रहे हैं, उसका क्या है, तो आज की स्थिति में गेहूं पांच रुपया प्रति किलो दे रहे हैं, चावल छः रुपया चालीस पैसा प्रति किलो दे रहे हैं। परिवार नियोजन के आधार पर देखें तो एक परिवार में पांच लोग आप मान लें। सरकार की तरफ से यह भी कहा गया है कि हमने कोटा डबल किया है, लेकिन वास्तव में ऐसा नहीं है। दो आदमियों का राशन 30 किलो होता है, अगर ई.जी.एस. या ई.ए.एस. के आधार पर देखें तो एवरेज व्यक्ति को 40 रुपए मिलते हैं, जबकि 30 दिन हम उसे काम नहीं दे पाते। उसको मुश्किल से 20 दिन काम देते हैं, इस प्रकार कुल मिलाकर महीने में उसको 800 रुपए मिलते हैं। यदि उसके परिवार में पांच लोग हैं तो अनाज खरीदने में ही 400 रुपए उसके चले गए, तो बाकी जरूरतों के बारे में वह क्या करेगा। यह प्रेक्टिकली देखने की बात है।

एक तरफ हम पी.डी.एस. में अनाज की कीमत सब्सिडी कम करके बढ़ा देते हैं, लेकिन दूसरी तरफ हम और जगह भी सब्सिडी दे रहे हैं। मेरा कहना किसी की भावना को चोट पहुंचाना नहीं है, लेकिन हज यात्रा के ऊपर भी सरकार द्वारा सब्सिडी दी जाती है। इसलिए मेरा अनुरोध है कि जहां-जहां भी सब्सिडी दी जा रही है, वह कम करें। मुझे लगता है, मेरा यह सुझाव गलत नहीं है।

हम रोजगार देने की बात करते हैं। लेकिन वास्तव में कितने लोगों को रोजगार दे पाते हैं। मेरे इलाके में खेतों में सिर्फ तीन-चार महीने ही काम होता है। वहां कोई उद्योग भी नहीं है। वहां कितने ऐसे बेरोजगार हैं जो काम करना चाहते हैं, लेकिन काम नहीं मिलता। ऐसे लोगों की जिनकी कोई आमदनी नहीं है, वे कैसे जी पाएंगे। एक तरफ हम बड़ी-बड़ी बातें करते हैं कि गरीब को केन्द्र बिन्दु मानकर विकास की योजनाएं बनांगे, रोड बनाएंगे, पानी देंगे, यह करेंगे--वह करेंगे। लेकिन अगर उस गरीब के पेट में अनाज जाएगा तो वह जिंदा रहेगा और यदि जिंदा रहेगा तभी उसको आपके डवलपमेंट का लाभ मिलेगा। आपने गरीब लोगों को दी जानी वाली चीजों पर से जो सब्सिडी कम की है, उनको राहत पहुंचाने के लिए वह वापस लें। इसके साथ ही पी.डी.एस. में पहले वाली दर से अनाज मिलता था, उसी पर दिया जाए।

(इति)

1809 बजे

श्री सुकदेव पासवान (अररिया) : सभापति महोदय, सदन में हम लोग मूल्य वृद्धि पर चर्चा कर रहे हैं। सही मायने में आजादी के बाद आज तक चीजों के दामों में जिस तरह से एन.डी.ए. सरकार ने वृद्धि की है, उतनी मूल्य वृद्धि पहले किसी भी सरकार ने नहीं की।

(t3/1815/asa/ru)

मूल्य वृद्धि के कारण गरीबी रेखी से नीचे रहने वाले गुजर बसर करने वाले लोगों को बड़ी कठिनाई हो रही है।

डा. रघुवंश प्रसाद सिंह (वैशाली) : इससे पहले बाजार वाले मूल्य वृद्धि करते थे लेकिन इसमें सरकार ने मूल्य वृद्धि की है।

सभापति महोदय (श्री देवेन्द्र प्रसाद यादव) : एक ही आदमी बोलिए।

श्री सुकदेव पासवान (अररिया) : गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले जो लोग गांव में हैं, झुग्गी-झोंपड़ी में रहने वाले लोग हैं, जिनकी कम आमदनी है, जो मजदूरी करता है और जिसे चालीस-पैंतालीस रुपया प्रतिदिन मजदूरी मिलती है, वह व्यक्ति शाम को घर के लिए जाते समय जब खाने का सामान ले जाता है तब उसे महसूस होता है कि किस ढंग से मूल्य वृद्धि हुई है। राशन तेल में भी किस तरह से मूल्य वृद्धि हुई है। प्रभुनाथ बाबू आप भी जानते होंगे कि आपके गांव में भी शत प्रतिशत बिजली नहीं है। जनरेटर आपके यहां हो सकता है, आप सुसम्पन्न लोग हैं।...(व्यवधान)

सभापति महोदय : टोंकाटोकी नहीं करिए।

श्री सुकदेव पासवान (अररिया) : हम लोग गांव के रहने वाले लोग हैं और गांव में 95 प्रतिशत लोग राशन तेल का प्रयोग करते हैं। जो आज तक केन्द्र सरकार आई, अधिकांश सरकारों ने राशन तेल के मूल्यों को नहीं छुआ लेकिन एन.डी.ए. की सरकार ने राशन तेल से भी सब्सिडी को हटाकर मूल्य-वृद्धि की है। गांव में लोगों को सोलह रु, बीस रुपये राशन तेल मिलता है, उससे बच्चे पढ़ते हैं, लोग खाना बनाते हैं और अपनी गुजर-बसर करते हैं। गरीब गांव में ढ़िबरी जलाता है, बड़े-बड़े शहरों में ढ़िबरी नहीं बिजली जलती है। लेकिन गांव में ढ़िबरी और लालटेन ही बच्चों के पढ़ने के लिए एक सहारा है। एन.डी.ए. की सरकार में सहयोगी दलों ने मूल्य-वृद्धि का विरोध किया है। मैं आपसे आग्रह करता हूं कि पार्टी में रहकर इसका विरोध कर रहे हैं, आप खुल्लमखुल्ला सरकार को समर्थन देते हैं और अगर आप वापस लेते हैं तो इस भय से भी सरकार मूल्य-वृद्धि वापस लेगी। उसी तरह गेहूं, चावल और चीनी में जो पी.डी.एस. के अन्तर्गत गांव में सामान मिलता है, उसमें जो मूल्य वृद्धि हुई है, उससे भी सभी लोग परेशान हैं। चीनी के अलावा, कपड़े, यूरिया, डी.ए.पी. खाद लीजिए। इसमें डी.ए.पी.. खाद और यूरिया में अधिकांश सरकारें किसानों को सब्सिडी देती थी लेकिन यह सरकार किसान विरोधी सरकार है। यूरिया पर से भी सब्सिडी उठा ली है और इससे किसान लोगों को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। इसमें 75 फीसदी लोग जो सांसद हैं, वे ग्रामीण इलाके से चुनकर आये हैं। वे चाहे भारतीय जनता पार्टी के हों या आर.जे.डी. के हों, चाहे कांग्रेस के हों या शिव सेना के हों या जनता दल के हों, किसी भी दल के लोग हैं, 75 फीसदी लोग गांव के रहने वाले लोग हैं। जब आप अपने क्षेत्र में जाते होंगे तो सभी लोग कहते होंगे कि इस तरह से मूल्य वृद्धि जो हुई है, वह किसान के ऊपर कुठाराघात हुआ है, उसका निराकरण कीजिए। इसलिए मेरी सरकार से प्रार्थना है कि जो मूल्य-वृद्धि की है, निश्चित रूप से उसे वापस लीजिए। दवाई और डी.ए.पी. खाद की भी वही कीमत है। हमें जो एल.पी.जी. का कोटा मिलता था और हम गांव में जाते हैं तो गांव में ईंधन की इतनी दिक्कत है कि मजदूर भी आज कहता है कि एम.पी. साहब, आप हमें गैस कनैक्शन दीजिए।

(u3/1820/sb-brv)

अब 200 रुपए एक सिलेंडर की कीमत हो गई है। सरकार क्या सोच रही है? आप उन चीजों की कीमत बढ़ाएं जो देश के बड़े-बड़े अरबपति, करोड़पति और केप्टलिस्ट के यूज की हैं। जब आप कार पर सब्सिडी देते हैं, बड़े-बड़े उद्योग चलाने के लिए सब्सिडी देते हैं, वैसे ही आपको किसान के पक्ष में, गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले लोगो को सब्सिडी देनी चाहिए।

महोदय, किसानों के खेत में जो फसल पैदा होती है, चाहे बंगाल हो, उत्तरी-बिहार हो या उड़ीसा हो, जो किसान जूट की फसल उगाने का काम करता है, उसे जूट की सही कीमत नहीं मिलती। खेती में उसकी जो लागत और मेहनत लगती है, उतना मूल्य भी उसे वापस नहीं मिलता। देश में जूट की इतनी कम कीमत है कि उसे लागत का उचित मूल्य एवं मजदूरी भी वापस नहीं

मिलती। हम लोग सनफ्लावर का तेल खाते हैं, उसकी कीमत बाजार में इतनी ज्यादा है। दूसरी तरफ जब किसान उसे पैदा करता है तो 600-700 रुपए प्रति क्विंटल सूरजमुखी का बीज हम उसे बेचते हैं लेकिन बीज खरीदते वक्त सौ-डेढ़ सौ रुपए प्रति किलो बीज खरीदते हैं। उसकी कीमत, जब वह बाजार में आता है तो 60 रुपए प्रति किलो मिलता है। अगर किसानों को आपकी सरकार नहीं देखेगी तो कौन देखेगा। जो किसान आज अन्न एवं तिलहन की फसल उगाने का काम करता है, यदि कल वह उसे उगाना बंद कर देगा तो हिन्दुस्तान का सौ करोड़ आबादी वाला देश, जो कृाि पर निर्भर रहने वाला है उसकी क्या हालत होगी, इसे आप अच्छी तरह जानते हैं।

देश में जितने बड़े-बड़े पूंजीपति हैं, वे भी चीनी, गेहूं, रोटी, चावल सब खाते हैं। जो गरीबी रेखा से नीचे रहने वाला व्यक्ति है, वह जिस कीमत पर ये चीजें खरीदता है, वहीं जो देश का सबसे बड़ा उद्योगपति है, उन सबको आप एक-समान कैसे आंकते हैं। जो गरीबी रेखा से नीचे रहने वाला व्यक्ति है और जो देश का सर्वोच्च पैसे वाला व्यक्ति है, उसे आप एक समान मानने का काम कैसे करते हैं।

महोदय, मैं दावे के साथ कह सकता हूं कि सभी राज्यों और जिलों में गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले व्यक्तियों का पूर्ण रूप से सर्वे करवा लिया गया हो, ऐसा नहीं है। जब हम जाते हैं तो हमें चाहे उत्तर प्रदेश का आदमी मिले, बंगाल या बिहार का मिले, वह कहता है कि हम लोगों के नाम गरीबी रेखा से नीचे वाली सूची में नहीं हैं। केन्द्र सरकार द्वारा 20,000 रुपए इंदिरा आवास योजना के अंतर्गत दिए जाते हैं। सीमेंट की कीमत बढ़ गई है, लौहे और ईंट की कीमत भी बढ़ गई है फिर ऐसे में उसका मकान कैसे बनेगा। इसलिए जो मूल्यवृद्धि की गई है उसे आप वापस लें।...(व्यवधान) आपने मुझे समय दिया, उसके लिए धन्यवाद।

(इति)

1825 hours

श्री शंकर प्रसाद जायसवाल (वाराणसी) : माननीय सभापति जी, मैं आपका आभारी हूं कि आपने मुझे बोलने का अवसर दिया है। आज अपना देश किस तरीके से आर्थिक संकट में फंसा है। इस आर्थिक संकट की घड़ी में जब देश चौराहे पर खड़ा है, तो देश के सारे दलों को अपनी राजनैतिक दीवारों को तोड़कर इस संकट से किस तरह उबरा जाये, इस पर विचार करने की आ वश्यकता है।

माननीय सभापति जी, आजादी के 50 वार्ों के बाद भी हमारे देश में 33 करोड़ लोग गरीबी की रेखा के नीचे अपना जीवनयापन करते हैं। इस देश में 25 लाख ऐसे बच्चे हैं जिनको पौटिक भोजन न मिलने के कारण अपने नेत्रों की ज्योति से हाथ धोना पड़ा है। इस देश के 50 प्रतिशत बच्चों को पौटिक भोजन नहीं मिलता है।

मान्यवर, जब हम अपने देश के वर्तमान बजट को देखते हैं तो पाते हैं कि हमारी शुद्ध आय दो लाख करोड़ रुपये की है। हमारे उधर बैठे लोग जो पहले इस देश को चला रहे थे, उनके द्वारा इस देश को

चलाने के लिए जो कर्जा लिया गया, उसका ब्याज ही हमें एक लाख, एक हजार करोड़ रुपये देना पड़ता है। पुराने कर्जों की उधारी की जो किश्त है वह एक लाख चौबीस हजार करोड़ रुपये की है। ये दोनों ही देना आवश्यक है। दोनों को मिलाकर देखते हैं तो यह रकम दो लाख पच्चीस हजार करोड़ रुपये बैठती है। यह केवल ब्याज और कर्जे की देय धनराशि है जबकि इस देश की इस वार् की शुद्ध आय केवल दो लाख करोड़ रुपये है। इस कर्जे और ब्याज को देने के लिए भी हमें विदेशों से ऋण लेना पड़ता है।

देश जब अपने पुरुाार्थ का प्रकटीकरण कर रहा हो, ललकार कर कह रहा हो कि हम बराबरी पर समझौता करने के लिए तैयार हैं, अगर वह आर्थिक संकट में फंस जाये, उस समय सारे देश को और सदन को विचार करना चाहिए कि उससे निकलने के लिए हमें क्या करना चाहिए, जिससे हम किसी के आर्थिक दबाव में न पड़ें। आप भी इसे नहीं चाहेंगे और न देश की जनता ही इसे चाहेगी। जिन कदमों को आपने बढ़ाया था इस सरकार ने उन्हें और आगे बढ़ा दिया है। पेट्रोलियम पदार्थों के बढ़ाने की बात पूर्वर्ती सरकार ने की थी। मैं यह बात कोई आरोप लगाने के लिए नहीं कह रहा हूं। आज आवश्यक हो गया है कि उसको कार्यान्वित किया जाये और सहमति की राजनीति की जाये। यह ठीक है कि शासन में बैठे लोगों की यह जिम्मेदारी है कि वह किसी प्रकार के कठोर कदम उठाने के बजाय सहमति की राजनीति करे। पार्टी से ऊपर उठकर, सभी लोगों से बातचीत करके, सभी कामों को करने का उनका जो निश्चय है, उसी के साथ काम को आगे बढ़ाना चाहिए।

(x3/1830/am-ss)

मैं बहुत अदब के साथ कहना चाहता हूं कि आवश्यकता इस बात की है कि पूरा समाज सबसिडी पर जीवन यापन करने की आदत छोड़े। केवल गरीबों को सबसिडी का लाभ दिया जाए और धनी तथा सम्पन्न लोगों को अपने पैरों पर खडे होने के लिए कहा जाए। मैं माननीय सदस्यों से अपील करना चाहता हूं कि हमारे सामने उदाहरण जापान का है। जापान को भी स्वतंत्र हुए 50 र्वा हो गए हैं। क्या हम इस बात का निश्चय कर सकते हैं कि हम सबसिडी के साथ कड़ाई से साथ पेश आएंगे? जब हम सबसिडी की बात करते हैं तो मेरे ध्यान में एक बात आती है। सांसद भोजन के लिए फर्स्ट फ्लोर जाते हैं। वहां की भी सबसिडी खत्म होनी चाहिए। कोई भी सांसद गरीबी रेखा के नीचे नहीं है। वहां साढ़े पांच रुपए में सब्जिडाइज्ड रेट पर भोजन दिया जाता है। मेरी जानकारी के मुताबिक इसमें दो करोड़ रुपए की सबसिडी दी जाती है। यह सबसिडी समाप्त होनी चाहिए। थोड़ी सी महंगाई बढ़ने पर हमने बाहर और भीतर राजनैतिक बात करनी शुरु कर दी। मैं माननीय बसुदेव आचार्य जी को आचार्य मानता हूं। वह बहुत सीनियर मैम्बर हैं। उनका नाम भी आचार्य है। यदि बसुदेव कोई बात कहते हैं तो, मैं उसका जवाब नहीं दूंगा। क्या वाघेला जी चले गए? उनके नाम और मेरे नाम का एक अंश मिलता है। वाघेला जी कहें कि हमारा सहयोगी दल सत्ता के पीछे भाग रहा है, यह वाघेला जी को कहने का हक नहीं है। वह यहां नहीं हैं। मैं क्या कहूं? इस नाते मैं उनका नाम इस चर्चा से वापस ले रहा हूं।...(व्यवधान)

सभापति महोदय (श्री देवेन्द्र प्रसाद यादव) : आप असैंशल कमोडिटीज पर बोलिए। वाघेला जी का नाम मत लीजिए।

एक माननीय सदस्यः इन्होंने वापस ले लिया।

श्री शंकर प्रसाद जायसवालः मैंने वापस नहीं लिया है। पिछले 18 र्वाों में मुद्रास्फीति की दर न्यूनतम रेखा दो प्रतिशत तक पहुंच गई है। यह सरकार की उपलब्धियां हैं। मैं इस बात को जरूर कहना चाहूंगा कि जमाखोरों और कालेबाजार का धंधा करने वालों के विरुद्ध सरकार जो कड़ाई बरत रही है, वह बहुत आवश्यक है। यह बात सच है कि गरीबी रेखा के नीचे रहने वालों के लिए जो अनाज गांवों में जाता है, उसमें से 35 परसैंट अनाज कालेबाजार में चला जाता है और वह उस गरीब तक नहीं पहुंचता। यह बात सही है कि इस सरकार ने सार्वजनिक वितरण प्रणाली को सुदृढ् करने के लिए एक ठोस कदम उठाया और उसे पंचायत के अधीन किया। इससे भ्रटाचार के ऊपर अंकुश लगाने का काम किया है। इसकी प्रशंसा अखबारों ने भी की है। राट्रीय सहारा ने लिखा है कि सरकार का यह निर्णय लोकतंत्र और सार्वजनिक वितरण प्रणाली दोनों को मजबूत करने तथा गरिमा प्रदान करने वाला है। उन्होंने इस तरीके से जो सराहनीय निर्णय लिया...(व्यवधान)

श्री रामदास आठवले (पंढरपुर) : क्या दाम बढ़ाना ठीक है?

सभापति महोदयः आठवले जी. आप अपना स्थान ग्रहण करिए। आप माननीय सदस्य को बोलने दें। आपकी कोई बात रिकॉर्ड में नहीं आएगी

...(व्यवधान)... (कार्यवाही वृत्तान्त में सम्मिलित नहीं किया गया।)

(y3/1835/skb-rs)

सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से कहना चाहता हूं कि जब दुनिया के देशों में कच्चे तेल का दाम दुगुने हो गये तो हमारे पेट्रोलियम डिपार्टमेंट ने डीज़ल के दाम 40 प्रतिशत बढ़ाये। आज मिट्टी के तेल उपभोक्ता की 5.46 रुपये प्रति लीटर मिल रहा है जिस पर 5.08 रुपये सबसिडी दी जा रही है। गैस सिलेंडर पर, 98 रुपये दाम बढ़ने के बाद भी, सरकार को सबसिडी देनी पड़ रही है। मेरा इस सदन के माननीय सदस्यों से अनुरोध है कि इस देश के आर्थिक ढांचे को ठीक करने के लिये सभी राजनैतिक दीवारों को तोड़कर विचार करने की जरूरत है। सबसिडी गरीबों के लिये हो सकती है, अमीरों के लिये नहीं।

सभापति महोदय, मुझे इस बात को कहते हुये प्रसन्नता हो रही है कि आपके कालखंड में गरीबों को 10 किलो अनाज देने का निर्णय किया था जिसे इस सरकार ने 20 किलो कर दिया है।

कई माननीय सदस्य; और वह भी दाम बढ़ाकर।

श्री शंकर प्रसाद जायसवाल (वाराणसी); सभापति महोदय, दाम थोड़ा बढ़ाया है लेकिन अनाज दूना कर दिया गया है इस नाते कि गरीबों को लाभ हो। पिछले र्वा की तुलना में 10 किलो के स्थान पर 20 किलो अनाज देने से ज्यादा लाभ है। प्रत्येक परिवार को वर्तमान नीति के अनुसार 37 रुपये का लाभ मिल रहा है। जब यहां सबसिडी की बात की जाती है तो किसानों के लिये कहा जाता है कि उन पर अत्याचार हो रहा है। जब मूल्य वृद्धि का प्रस्ताव श्री बसुदेव जी लेकर आये तो उनके बगल में बैठे एक माननीय सदस्य ने दूध शब्द मुंह से निकलने के बाद कहा कि दूध का दाम बढ़ना चाहिये, दूध महंगा बिकना चाहिये। मेरा कहना है कि यदि दूध उत्पादक को वास्तविक मूल्य मिलता है तो दूध का उत्पादन बढ़ता है। इसी प्रकार किसान को

गेहूं और चावल का मूल्य अधिक मिलता है। इससे उसका मन खेती में लगता है और जवान आदमी अपने खेत में काम करने के लिये तैयार रहता है। इस सरकार ने अनाजों का मूल्य निर्धारित किया है। इससे किसानों को प्रोत्साहन मिला है और इसमें गरीबों का ध्यान रखा गया है।

सभापति महोदय, आपने मुझे बोलने का समय दिया, उसके लिये धन्यवाद।

(इति)

1839 hours

SHRI PRIYA RANJAN DASMUNSI (RAIGANJ): Mr. Chairman Sir, I rise to take part in this debate opposing very strongly the hike in prices of the essential commodities, including the petroleum products.

It is amazing, in the House, that whenever any debate begins the NDA suffers because of its own inner contradictions. They start with accusing Congress for its fifty years' rule and at the same time, indirectly, unconsciously the truth comes out from their mouth, including the mouth of hon. Prime Minister, about the achievements of the Congress for the past fifty years.

When you go to Lahore, you think of Simla Treaty by Shrimati Gandhi; when you think of India in the eyes of the world, you think of Mahatma Gandhi; when you think of planning, you talk of Nehru; when you think of a strong nation, you talk of Sardar Patel; when you think of Pakistan Wars of 1965 and 1971, you think of Lal Bahadur Shastri and Indira Gandhi; and when you think of criticising, you carry on the whole chariot of fifty years of Congress Rule.

Only yesterday, the Prime Minister said: "whatever achievement is there in this country, in terms of Defence and everything, I do add that it has not been for the last two years but it is a systematic growth of last fifty years".

(z3/1840/lh-bks)

They think that it is a political election meeting and not a Parliament. They go on addressing the people to get their votes by abusing and accusing Congress. You do it. It is your own desire. I do not like to question your *bona fide*. Today, India is the tenth economic nation in surpassing the record of South Korea. It is not because of the efforts of the last two years. The foundation has been made strong for the last fifty years in a systematic process.

When we were in power, we did increase the prices. I just give you one figure. In this country, Pandit Jawaharlal Nehru used to say, `In a poverty-stricken nation like India, when you think of giving a burden to the people, you think first how much load they can carry, do not give a load with which they break their spine.' This was not my speech. This was the speech of Pandit Nehru. In

1975, the price of diesel was increased by one paisa. After ten years, in 1985, the price of diesel was increased by one rupee and nineteen paise. After 15 years, the diesel price of diesel has jumped by Rs.11.37. It is not a question of fighting individually. Please try to understand the impact. I do not like you to go and read your speeches that you had made when the price of diesel was increased by one paisa. I do not like to go and read your speeches that you had made when the price of diesel was increased by Rs.1.19. I only submit to you that in your NDA Manifesto, it is said: `Our all-time effort should be to lessen the burden of the poorest of the poor.' Therefore, you have promised certain things in your Manifesto. Kindly read the paragraph, `Our Vision'. In the same tone, your Members are defending with high sounding words: `This is a just thing. This is a correct thing. We will go and educate people.' Who is preventing you from doing that? You go to your constituency. Please do not forget to carry your speech that you made here and tell the people: `We asked as to why you had increased the price of diesel when it was increased by one paisa. We asked as to why you had increased the price of diesel when it was increased by Rs.1.19. Now, we feel that this one time jump of Rs.11 in the price of diesel is justified.' Also tell the people that what you had said on that day was wrong.

Please try to have a rational thinking. I just tell you about the philosophy of this Government. My attack is not against you. You simply increased the price. I know, to run a Government, you have to maintain your fiscal discipline. I know, to run a Government, you have to take care many things. I do not say that the Government should not do it and it can sit quietly without increasing the prices or taxes. We know our responsibility. But I want to address your philosophy. There is a total contradiction among the Members who are speaking from the Ruling Party and the approach that has been made by the Government. The philosophy of the Government should be studied first.

I thank the then Prime Minister, Shri Deve Gowda that during those critical days, during his short tenure with the support of Congress and Left from outside, he did one good thing in this country and due to that, there is no class struggle now between the haves and the have-nots. He did draw a line, BPL and APL. And that process provided a new strength and confidence to the poorest of the poor, who had otherwise supported various development programmes.

Mr. Chairman, Sir, at that time, you were also the Minister and when BPL was drawn, there was an enormous enthusiasm among the poorest of the poor throughout the country, cutting across the party-line, caste-line, and religion-line, they felt that something positive was coming to their door.

In your NDA Manifesto, you have said that your first commitment is to the poorest of the poor. Kindly see the quantum jump in the matter of increasing the price of diesel. Just before I started my speech, the Member who spoke has said: `हमें ख्याल करना है कि इसका लाभ गरीबों को पहुंचे, अमीरों को नहीं। ' I will give you one example. What is the quantum of jump with regard to BPL? It is 68 per cent in regard to the price of wheat and 55 per cent in regard to the price of rice.

(a4/1845/tkd-rpm)

What is the jump in APL? It is twenty-three per cent in rice and 29 per cent in wheat. This is your philosophy. It is your philosophy that you want to protect the poor. The quantum jump on the one hand is 68 per cent and 55 per cent to the BPL and quantum jump to the APL category is 29 per cent and 23 per cent. In what manner can you defend this logic? I think the allies – with whom we have differences -- at last have understood. I am not scoring any point here. They have understood the

feelings. This includes Shiv Sena in the city of Mumbai where they have sufficient strength and what the people are talking.

जनता यह कह रही है कि हमारे ऊपर बोझ बढ़ाकर उनके ऊपर बोझ कम क्यों किया, इसका जवाब क्या है?

We have to take the country to the new millennium. Is it the answer? This is their economic mechanism. It is just to please Shri Yashwant Sinha because he cannot afford to lose Rs. 4,000 crore; just to please Shri Yashwant Sinha's economics which is being monitored by CII in this country. You will do everything; you will defend everything. How will you answer this rise in APL and BPL? Who is BPL? Are they salaried people?

एक कुदाल लेकर जंगल में जाता है। शाम को उसको कुछ मिलेगा, तो खाना मिलेगा।

Who is BPL? He goes to the fishery, catches fish and gets something. Who is BPL? He goes to the agricultural field, if there is a job, he gets a work. Wherefrom can he get something? He can get it from the ration shop. I give you the position as to how did they work.आप बताइए, फिशरमैन को काम कहां मिलेगा, गांव में। मजदूर को काम कहां मिलेगा, गांव में। उस गांव में एम्पलायमेंट एशोरेंस स्कीम के लिए पैसा देना चाहिए था, लेकिन नहीं दिया। आपने कहा कि 20 किलो कर दिया। Hon. Minister, Shri Shanta Kumarji, it is your policy. It is very categorical.यह 20 के.जी. तो सुनने के लिए है, लेकिन कंडीशन क्या है, कंडीशन यह है-The condition is very interesting. It was not done by Shri Shanta Kumar; it was done earlier also by the Chief Ministers' Conference. The policy is very interesting. The policy is, `take it or leave it basis'. शान्ता कुमार जी, आपको यह सोचना चाहिए और वित्त मंत्री जी के साथ-साथ आप प्रधान मंत्री जी को भी समझाइए, एक तरफ आपने जवाहर समृद्धि योजना का पैसा 200 करोड़ काट दिया, एक तरफ आपने सोश्यल सिक्योरिटी वैलफेयर के लिए पैसा घटा दिया, एक तरफ आपने जो लास्ट ईयर प्रोग्राम था, पहले उसमें 2095 करोड़ रुपए थे, बाद में आपने उसे 1600 करोड़ पर लाकर रोक दिया और अन्त में 1400 करोड़ किया, वहां भी आपने 400 करोड़ काट लिए। आपने 1400 करोड़ उनके काम के पैसे घटा दिए।

That basis is still maintained. If you pay the price, take it. If you do not have the price, then it will be stored here. We will take care as to how we do it. This is still the policy. I am talking about the policy. Now, how that poor man will get the money? He will get the money by doing something in the rural areas. What is the approach of the Finance Minister's Budget? उल्टे उनसे आप कह रहे हैं कि तुमको तो हम 20 के.जी. दे दिया है। पैसा ज्यादा लगेगा, डबल लगेगा, जेब में पैसा है, तो आ जाओ और ले जाओ, पैसा नहीं है, तो वापस जाओ।

This is the policy of addressing things. Will you think it very carefully about what I am talking? I am talking from your own records and the facts. If Shri Atal Bihari Vajpayee's Government would have said, `look we are in a difficult situation, we cannot manage. But we are pouring more money to these schemes'; from where the poor man will get the money? In Bihar and in some parts of West Bengal, the poorest of the poor only cries for his work that he does in the whole 24 hours.

जो उसे मजदूरी मिलती है उसमें से वह खाता है। स्टेशन पर जाइए, सुबह 9 बजे से मजदूर खड़े होते हैं। कोई काम मिलेगा, तो उन्हें रोटी मिलेगी। गांव में जाइए, पंचायत के दफ्तर के सामने कतार में लोग खड़े रहते हैं। उन्हें काम मिलेगा, तो रोटी मिलेगी। काम नहीं मिलेगा, तो रोटी नहीं मिलेगी।

(b4/1850/rjs-pb)

पंचायत कह देती है कि अब हम काम नहीं देते हैं क्योंकि पैसा घट गया है। I come from the rural area. Everyday I interact with my *Panchayat* and with my rural constituency people. They say, they cannot afford to

give them any more work because their budget is cut, their allotment is cut. उनका पैसा वहां घट रहा है। राशन शॉप में जाकर कह रहे हैं कि तेरे लिए 20 के.जी. तैयार है। पैसा है, नहीं है तो वापिस जाओ।This is the point I am talking about. It is not a prestige issue whether roll back will satisfy the allies or whether the roll back will satisfy us, it is the question of the plight of the poorest of the poor. Therefore, my request to you, Mr. Minister, is, please try to understand that in our country, there is no distinct definition of APL. APL means above Rs.6,000 up to Rahul Bajaj. Mr. Minister, you can bring another revolutionary change. You think about it in your Cabinet whether you can re-define a restricted group within APL. Do not abandon it throughout the country. Do not think that in the name of APL, everybody will take the advantage. I do agree with your suggestion. The time has come when the richest, the affluent should not get special privilege in terms of subsidy. I do agree. But think of the poorest.

The other day, Shri Rangarajan Kumaramangalam was telling us that

बिहार के गांव का इलेक्ट्रीफिकेशन करने में 771 साल लगेंगे और बंगाल को 71 साल लगेंगे। हमने कहा कि क्यों? उन्होंने कहा कि जिस ढंग से एस.ई.बी. काम करता है उसको हटाकर हमें प्राइवेट कम्पनी को लाना है, कानून बदलना है। So, I say, if 771 years are required from the present standard to get light in Bihar, then at least for these ten years, can you ensure for the poorest, till the multinational chums in the global economy respond to your call of electricity, at least to get kerosene at the end of the day at reasonable price? हम नहीं दे सकते। आपकी योजना क्या है? Adult education in the night. नाइट के एडल्ट एजुकेशन में क्या जरूरत होती है- मिट्टी का तेल। आपने गांव में यह योजना बनाई है कि हर हफ्ते हम महिलाओं को फैमिली प्लानिंग के बारे में शिक्षा देंगे। लेकिन उनको क्या चाहिए, मिट्टी का तेल चाहिए। And what is the price! More than double. And what is the answer! मंत्री जी ने क्या जवाब

दिया ? उन्होंने जवाब दिया कि बंगलादेश, पाकिस्तान और श्रीलंका इस लैवल में है। पाकिस्तान की पर कैपिटा क्या है? मंत्री जी को तैयार होकर आना चाहिए था। जब कोई मंत्री बनता है तो उसे इक्नोमिक्स के साथ-साथ हिस्ट्री और भूगोल के बारे में जानना चाहिए। श्रीलंका की पर कैपिटा क्या है, जी.डी.पी. क्या है? बंगला देश की पर कैपिटा क्या है? Bangladesh's own resource mobilisation capacity is 0.5 per cent. बाकी बाहर की उधार। हमारे भारत की शक्ति है कि हम 80 परसेंट रिसोर्स मोबलाइज कर सकते हैं। हमारे रिसोर्स मोबलाइज के साथ आप बंगलादेश, श्रीलंका और पाकिस्तान की तुलना करते हैं। मंत्री जी वहां खड़े होकर जवाब देते है कि मैं गौरव के साथ कहता हूं। इसी तरह आपकी सरकार चल रही है। Is this your philosophy? And you are justifying your point. Therefore, I request you to reconsider it. I do not say that subsidy should not be withdrawn step by step. Try to understand the words of Jawaharlal Nehru.कितना बोझ यह धीरे-धीरे ले सकते हैं। आप कहिये कि हम ए.पी.एल. केटेगिरी को और संकुचित कर रहे हैं और उसकी जगह मैं बी.पी.एल. को दे रहा हूं, तब ठीक है। आप कहिये कि फलानां ग्रुप के लिए मैं यह फैसिलिटी बंद कर रहा हूं। You ensure a scheme whereby the income-tax payers above a particular income should not get this thing. आईडेंटिफिकेशन कैसे होगा, यह आप तय करिये। हम इसके खिलाफ नहीं कहेंगे बल्कि हम सहयोग देंगे। लेकिन जो दबे हुए हैं, उनको बचाने के लिए आपका कदम गलत है। आपने चुनाव घोाणा पत्र में जो कहा और किया, वह उलट है। इसलिए मैं आपसे रिक्वैस्ट कर रहा हूं कि you re-think it, revise it, reconsider it, and come back to the House. It is not a question of Congress and yourself, it is a question of unanimity. आपने कहा कि सबकी सहमति होनी चाहिए। राम नाईक जी ने कुछ समय पहले बोला। शिव सेना वाले बोल रहे हैं कि इसको रिकंसीडर करो। टी.डी.पी. वाले बोल रहे हैं कि रिकंसीडर करो। तृणमूल बोल रहे हैं इसको रिकंसीडर करो। जे,डी.यू. बोल रहे हैं कि रिकंसीडर करो। मैंने सुना है कि भाजपा के कुछ सांसदों ने प्रधानमंत्री जी से मिलकर बोला है कि क्षेत्र में बहुत तकलीफ हो रही है इसलिए रिकंसीडर करो। हम लोग भी रिकंसीडर के लिए बोल रहे हैं। इसका मतलब आम सहमति होती है। फिर भी आप जिद करते रहेंगे कि नहीं जो हमने कहा, वह सही कहा। गणेश जी को दूध पिलाकर एक दिन चमत्कार दिखा सकते हैं लेकिन सारे साल गरीब जनता को खिलाना है। उनके सामने गणेश चमत्कार नहीं होते हैं।

(c4/1855/mkg/krr)

जब तक उसको दाना नहीं मिलता है, इसको समझने की कोशिश कीजिए, यही मेरी दरख्वास्त सरकार से है। आप अपनी नीति बताइये, एप्रोच बताइये, आप डबल स्टैण्डर्ड मत रखिये। मैदान में जाकर वाजपेयी जी कहेंगे कि आपको देखने के लिए, आपका साथ देने के लिए हमारे कमल पर आप छाप दीजिए, मैं देखूंगा और आने के बाद बंगलादेश, श्रीलंका, पाकिस्तान में कैरोसीन का भाव देखेंगे और उसका भाव बराबर है तो हमें भी रखना है। हम उनके बराबर हो गये हैं ? हमारे रिसोर्सेज ज्यादा हैं, गरीब को ज्यादा मौका मिलेगा। हां, उधार है, कर्ज है, कुछ सांसदों ने बताया कि कर्ज है, लेकिन कर्ज क्यों है। जो गौरव आप कारगिल के लिए कर रहे हैं, पूरा देश कर रहा है, वही गौरव हमने 1971 में किया है, वही गौरव हमने 1965 में किया है। हमारी सीमाओं के कारण हमें देश के डिफेंस के बजट को बढ़ाना पड़ा। चाहे चीन हो, चाहे पाकिस्तान हो, उसके लिए हमारे बेरोजगार नौजवान आज भी तड़प रहे हैं, इसके लिए कोई भी सरकार जिम्मेदार हो, वह बात नहीं है। लेकिन बात यह है कि अन्तर्राट्रीय स्थिति ऐसी थी, जिसका हमें मुकाबला करना पड़ा। चाहे नेहरू जी की आंखों से आंसूं आये या वाजपेयी जी की आंखों से आंसू आये, इसमें कोई पार्टी की बात नहीं होनी चाहिए। लेकिन गौरव है, आज देश दुनिया के सामने नम्बर दस में आ गया है, हमने साउथ कोरिया को बीट कर दिया है। उसके बाद अगर देश के मंत्री वहां खड़े होकर बोलें कि ए.पी.एल. को ज्यादा मौका मिलेगा, बी.पी.एल. को कम मिलेगा। फिर भी हम गरीबों की बात करतेहैं तो आप ही समझिये कि आप क्या कर रहे हैं, आप क्या बता रहे हैं। धन्यवाद।

(इति)

1856 hours

SHRI S.S. PALANIMANICKAM (THANJAVUR): Sir, on behalf of my Party, the D.M.K. I participate in this discussion regarding the price rise of the essential commodities. I want to say … (*Interruptions*) Please listen to me. I will be on the same side. But you listen and wait for some time.

MR. CHAIRMAN (SHRI DEVENDRA PRASAD YADAV) : Please address the Chair.

… (*Interruptions*)

SHRI S.S. PALANIMANICKAM (THANJAVUR): Why do you not have patience for some time? Please wait upto the end. … (*Interruptions*) Sir, I want to say that our N.D.A. Government should be very particular about the welfare of the poorest of the poor. Whenever the prices of the essential commodities rise, it immediately affects the poor people only. The poorest of the poor people need a safety net from the Government. Then only we can save them from this type of price rise. We must improve the purchasing power of the poor. This purchasing power cannot be improved overnight. PDS is the only source of supply of foodgrains to the poor. The recent price hike in the PDS items has come as a surprise to the poor people living below the poverty line.

We understand about the fiscal deficit of the Government and of the nation. The Government must take steps to check the fiscal deficits but not at the cost of the poor people living below the poverty line. When we talk of economic reforms, we should consider the welfare of the poor people living below the poverty line. It should not affect the poor people who are below the poverty line. The Government has cut the subsidies on PDS foodgrains and increased the prices immediately. The poor were twice burdened. How can the poor people increase their income twice, within such a short time? This burden of price rise should not immediately be transferred to the shoulders of the poor people.

Our State Government, headed by Dr. Kalaingar, bears the effect of the price rise at the Government level. … (*Interruptions*) What is the next alternative? Immediately the State Governments

approached the Centre for the financial assistance. There is no doubt that some essential commodities are misused by some illegal people, particularly things like kerosene and other commodities.

Our hon. Member from Tamil Nadu, who spoke just now, stated that three lakh bogus cards have been detected by the State Government.

(d4/1900/san-jr)

Yes, it was a period from 1991 to 1996. There were *dadas* in the ration shops and they were running the Government and not the officials. All the lower level politicians were issuing the ration cards with the help of the officials. In cities like Chennai, they were forming a lobby and were never allowing the ration shop workers, by giving *mamool*, to work. They used to collect the foodgrains which were meant for the poor and took them away. They had a lion share. That is why, our Government, after 1996, after the guidance given by our Chief Minister, Dr. Kalaingar, made a scrutiny in the matter of bogus ration cards and we came to know that more than three lakh ration cards were misused. Then, the State Government seized those bogus ration cards and stopped the poor people's foodgrains from going to those people. Now, it is restored for the poor people. It should be monitored by a proper mechanism. The pilferage must be checked.

To cut the subsidy is not a proper way to regularise foodgrains and essential commodities meant for the PDS. I would request the Government to reconsider the hike in prices of rice, kerosene and other essential commodities in order to help the poor, and to save the poor.

Thank you very much.

(ends)

1902 hours

SHRI AJOY CHAKRABORTY (BASIRHAT): Sir, I rise to speak with a strong reservation about the exorbitant price hike of foodgrains and other essential commodities. The new Millennium Budget of the Union Government has tremendously and brutally assaulted the livelihood of the common people of our country. The steep price hike of foodgrains, rice, wheat etc. takes the level of price of the items under the PDS to the level of price in the open market and in certain cases, more than the price in the open market. They claim to double the supply of the foodgrains, through the PDS, to the people Below Poverty Line, but this will not bring relief to the common people because of the exorbitant price hike of rice and wheat.

Sir, the price of wheat for families Below Poverty Line has gone up from Rs. 2.50 per kilogram to Rs. 4.20 per kilogram and the price of rice has increased from Rs. 3.50 to Rs. 5.85 per kilogram.

(e4/1905/sh-asa)

States like Kerala, Andhra Pradesh, West Bengal, Maharashtra, Karnataka and others are efficiently running the PDS. In Andhra Pradesh and Kerala, PDS covers nearer to 80 per cent of the people. Now, the people of those States have to bear the entire burden. The social objective of the PDS is to

maintain price stability and to ensure food security for the common people of our country. The present Government is actually planning to get rid of this very system.

The cost of urea has increased by 15 per cent. It has an adverse effect on the agriculture sector as well as on the farming community. The increase in the cost of urea due to cutting down of the subsidy has adversely affected the small, marginal and middle farmers. The Government has also taken a decision to cut down the subsidies on kerosene and LPG. Who is using kerosene? Are the rich and the higher middle class people using it? It is the people in the villages, who have no facility of electricity or who have no capacity to install electricity connections, who are using kerosene. The poor people in the villages, who have no capacity to purchase LPG, are using kerosene for cooking purposes. That is why, this decision has affected not only the poor people in the villages, but also the people living in slum areas in urban cities and towns, who have no capacity to purchase LPG or have electricity connections. They have been adversely affected by cutting down of the subsidy on kerosene oil and the increase in the price of kerosene oil. Similar is the case with LPG also. The lower middle class and the middle class people have been adversely affected by this decision.

Some of the constituents of the NDA have expressed serious concern over this, and they are not endorsing or approving the anti-people policy of the Government. I appeal to Shri Prabhunath Singh, Shri Yerrannaidu, Shri Ramaiah and other friends in the DMK to come forward openly, and to join hands with us. For the sake of the poor people, I would request you to raise your voice, and stop or debar your Government from implementing the anti-people policy, which is adversely affecting the common people, the poor people.

As Chairman of the Standing Committee on Food, Civil Supplies and Public Distribution, you, Mr. Chairman, have strongly recommended a roll-back in the prices of foodgrains and other essential commodities, and I thank you and the Committee Members for that recommendation.

no capacity to purchase LPG, are using kerosene for cooking purposes. That is why, this decision has affected not only the poor people in the villages, but also the people living in slum areas in urban cities and towns, who have no capacity to purchase LPG or have electricity connections. They have been adversely affected by cutting down of the subsidy on kerosene oil and the increase in the price of kerosene oil. Similar is the case with LPG also. The lower middle class and the middle class people have been adversely affected by this decision.

Some of the constituents of the NDA have expressed serious concern over this, and they are not endorsing or approving the anti-people policy of the Government. I appeal to Shri Prabhunath Singh, Shri Yerrannaidu, Shri Ramaiah and other friends in the DMK to come forward openly, and to join hands with us. For the sake of the poor people, I would request you to raise your voice, and stop or debar your Government from implementing the anti-people policy, which is adversely affecting the common people, the poor people.

As Chairman of the Standing Committee on Food, Civil Supplies and Public Distribution, you, Mr. Chairman, have strongly recommended a roll-back in the prices of foodgrains and other essential commodities, and I thank you and the Committee Members for that recommendation.

(f4/1910/kmr/sb)

I hope the Government will fully appreciate the significance of the recommendations made by the Standing Committee. I hope the Government will note the feelings of the Members of Parliament and of the general public. People all over the country have come to the streets agitating against the anti-people policies of the Government.

I urge upon the Government to withdraw this decision for the sake of the poor people in the country. I request the Government to roll back its decision to increase the prices of essential commodities, for the benefit of the poor people in the country.

Thank you. (ends)

1912बजे

डा. जसवंत सिंह यादव (अलवर) : महोदय, हमारे सभी साथी गरीबों के लिए बहुत चिंतित हो रहे हैं, लेकिन दुर्भाग्य की बात है कि जिन लोगों का 50 साल तक राज रहा, उन्होंने इतने सालों में कुछ नहीं किया। आज भी 33 करोड़ लोग इस देश के अंदर गरीबी रेखा से नीचे हैं। इनसे पूछा जाए कि आज वे गरीबों की इतनी चिन्ता कर रहे हैं, उन्हें वे 50 साल तक नजर नहीं आए। गरीबों के बारे में सोचने की इनकी कभी मंशा नहीं हुई। अगर उस समय सोचते तो आज यह बीपीएल का झगड़ा ही न रहता। मैं ही नहीं कह रहा हूं, हर आदमी जानता है कि देश मजबूत होगा, देश की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी तो देश आगे बढ़ेगा और दुनिया का मुकाबला भी करेगा। इससे ज्यादा दुर्भाग्य क्या होगा कि देश के अंदर आज गांवों में जाएं तो जो मौलिक सुविधाएं मिलनी चाहिए, वे नहीं हैं। वहां न अस्पताल हैं, न बच्चों को अच्छा पोण मिल रहा है, उन्हें किसी तरह की कोई सुविधा नहीं मिल रही है। ये 50 सालों तक गांवों को कैसे भूल गए। उस समय गरीबी कहां चली गई थी। बीपीएल के लोग कहां चले गए हैं। आज सब को बीपीएल के लोगों की चिन्ता हो रही है।

महोदय, देश की आर्थिक स्थिति को सुधारने के लिए, दुनिया का मुकाबला करने के लिए जो एनडीए सरकार ने एक साहसिक कदम उठाया है, वोटों की राजनीति नहीं की, चिन्ता नहीं की है, एनडीए सरकार ने देश की चिन्ता की है। आज देश सुरक्षित है तो सब कुछ सुरक्षित है। आज बार-बार कैरोसिन आयल की कीमत बढ़ाने की बात कर रहे हैं। ये मन में सब जानते हैं कि देश को किस हालत में, किस-किस जर्जर स्थिति में एनडीए सरकार को किस बिगड़ी हुई आर्थिक स्थिति के अंदर सौंपा है। कैरोसिन आयल के जो भाव बढ़े हैं, इसमें एक हकीकत में जो पहलू है, इसे सब मानते हैं। इसका ब्लैक मार्केटिंग होकर डीजल में मिलावट होती थी और जो किसान की बात कहते हैं वे यह नहीं सोचते कि जो सब्सिडी घटाई गई है उससे किसान को कुछ न कुछ तो मेरे अनुसार लाभ हुआ है। ऐसा कोई भी किसान नहीं होगा जिसके यहां पम्पिंग सेट या ट्रेक्टर न हो। अगर वे मिलावट किया हुआ डीजल यूज़ करते थे तो मेरे ख्याल से उनका एक साल में पम्पिंगसेट को बोर कराने का या जो ट्रेक्टर एक साल में खराब हो जाता था उसका इंजन बनवाने का कितना खर्चा आता था, उसके बारे में किसी को ध्यान नहीं है।

(g4/1915/har/vbr)

उसके बारे में न ही किसी को कुछ सोचने की जरूरत पड़ रही है। अब वे किसके पास थे, मुझे मालूम नहीं है। लेकिन निश्चित तौर पर किसानों को नुकसान होता था। आज कीमतों में जो वृद्धि हुई है वह पहली बार तो हुई नहीं है। सब्सिडी घटाने की बात सबसे पहले मनमोहन सिंह जी ने कही थे, जब वे वित्त मंत्री थे। उन्होंने बयान दिया था कि अगर हमें दुनिया का मुकाबला करना है, देश की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करना है तो निश्चित रूप से सब्सिडी को घटाया जाना चाहिए। उस वक्त कांग्रेस के हमारे भाइयों ने विरोध क्यों नहीं किया था? इसका मतलब साफ है कि उस समय सब्सिडी घटाने के लिए कांग्रेस के लोग सोच रहे थे। अब अगर हर बात पर विरोध करने का जिम्मा ही कांग्रेस ने लिया है तो उससे देश का भला होने वाला नहीं है।

बीपीएल के लोगों की ये चिंता तो करते हैं, बढ़े हुए भावों की ये चिंता तो करते हैं, लेकिन गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले जो लोग हैं उनके बारे में ये यह मानकर चलते हैं कि उन्हें केवल दो वक्त की रोटी दे दो, उससे ऊपर वे न सोचे, न आगे बढ़े। लेकिन इससे देश का विकास होने वाला नहीं है। हमारे बहुत से भाई हैं जो ऐसा सोचते हैं। वे दलितों, मुसलमानों की चिंता तो करते हैं लेकिन उन्होंने कभी सोचा कि अगर वे कभी जामा-मस्जिद इलाके में जाकर देखें तो सबसे ज्यादा भिखारी कौन हैं? वे हमारे मुसलमान भाई हैं। उसका कारण यह रहा कि ये लोग चाहते थे कि वे गरीब रहें, भीख मांगे, लेकिन आगे न बढ़ें। इन लोगों

ने कभी उनकी शिक्षा की, फैमली-प्लानिंग की चिंता नहीं की। यह चिंता नहीं कि कि जब महंगाई हर चीज की बढ़ रही है तो कम से कम उन्हें फैमली प्लानिंग अपनाने के लिए तो सलाह दें। ये ऐसा नहीं चाहते थे क्योंकि इससे इनके वोट पर असर पड़ता है।

अल्पसंख्यक तो ईसाई भी हैं। लेकिन उनमें से एक भी भीख मांगता नजर नहीं आता है, एक भी सिख भाई भीख मांगता नजर नहीं आता है, क्योंकि उन्होंने शिक्षा पर ध्यान दिया, फैमली प्लानिंग की। ये दलितों की, अल्पसंख्यकों की चिंता तो करते हैं, उनका रोना तो रोते हैं लेकिन इन्होंने कभी उन्हें ऊपर किस तरह उठाया जाये इस ओर ध्यान नहीं दिया। इन्होंने कभी नहीं सोचा कि उनका विकास किस तरह से किया जा सकता है।

एक हमारे सांसद भाई कह रहे थे और मैं भी उनकी बात से सहमत हूं कि जब एक बीपीएल से संबंध रखने वाला आदमी बैंक से कर्जा लेने जाता है तो बैंक वाले गारंटी मांगते हैं। जब उसके पास जमीन, जायदाद, मकान, दुकान नहीं है, तभी तो वह बीपीएल की श्रेणी में है, तो वह गारंटी कहां से लायेगा। हमें उनके लिए लड़ाई लड़नी चाहिए कि उन्हें काम कैसे मिले, रोजगार कैसे मिले, कैसे वे खुशहाल हों। खाली रोटी देकर वोट की छोटी राजनीति हमें नहीं करनी चाहिए।

माननीय शांता कुमार जी ने 10 किलो से बढ़ाकर पीडीएस में 20 किलो करके क्या गलत काम किया। सीपीआई के हमारे एक सांसद कह रहे थे कि यह तो हमारी मांग थी। क्या आप अपनी मांग को पूरा होते नहीं देखना चाहते। अगर एनडीए की सरकार ने उसे पूरा किया तो आपको तो शांता कुमार जी को धन्यवाद देना चाहिए था, उनकी आलोचना नहीं करनी चाहिए थी। लेकिन ि वपक्ष का काम तो केवल आलोचना करना मात्र रह गया है। आज गरीब आदमी के बजट के अंदर निश्चित रूप से फायदा हुआ है।

इसी तरह से यूरिया की बात आ रही है, और वस्तुओं की बात आ रही है। किसान परेशान नहीं है। जब 10 हजार का ट्रैक्टर आता था किसान तब भी खरीदता था।

(h4/1920/am-rsg)

आज ढ़ाई-तीन लाख रुपए में ट्रैक्टर आता है लेकिन यहां किसी ने एक बार भी नहीं कहा कि ट्रैक्टर की कीमत घटा दीजिए। किसान को फायदा देना है तो सर्वसम्मति से पूरा हाउस निर्णय ले कि मीनिमम प्राइस तय हों और जो भाव बढ़ाए गए हैं, इन्हें बढ़ाए रखिए। आप किसान का मीनिमम सपोर्ट प्राइस और बढ़ा दीजिए। इससे बात अच्छी लगेगी। किसानों की फसलों की कीमत बढ़ाने की बात की जाए तो वह अच्छी बात होगी...(व्यवधान) यह देश का दुर्भाग्य है कि जब-जब किसी ने आर्थिक स्थिति सुधारने की कोशिश की है तो दलगत राजनीति करनी शुरु कर दी गई। ये सारी की सारी आर्थिक स्थिति दलगत राजनीति के अन्दर आ रही है। सभी को देश के बारे में सोचना पड़ेगा। देश को किन कठिन परिस्थितियों में एन.डी.ए. सरकार चला रही है यह देखना होगा। देश के हर आदमी को काम मिले, रोटी मिले, अच्छा जीवन मिले इसके लिए कठोर कदम उठाने पड़ेंगे। मैं सभी सदस्यों से यह अनुरोध करता हूं कि जहां देश की बात आ जाए, उसमें वोटों की राजनीति नहीं करनी चाहिए। देश के लिए लाखों लोगों ने कुर्बानी दी थी। आप एक वोट की कुर्बानी नहीं दे सकते? वोट के पीछे देश को खत्म किया जा रहा है।...(व्यवधान) यदि हम खत्म कर रहे होते तो यह साहसिक कदम नहीं उठाते और सबसिडी खत्म नहीं करते। राजनीति तो आप कर रहे हैं कि बी.पी.एल. वालों को रोटी का टुकड़ा तो मिल जाए लेकिन उसे आगे सोचने की शक्ति न मिले चाहे देश कहीं भी चला जाए। गरीब गरीब रहे और अमीर अमीर रहे, यह सोच आपको छोड्नी पड़ेगी। इस बारे में आपको सोचना पड़ेगा। अगर आप किसानों के हितैी हैं तो उनके मीनिमम सपोर्ट प्राइस के लिए मांग करो। तब हम मानेंगे कि आप किसानों के समर्थक हैं। किसान की चीजों के दाम जरा से बढ़े उसी में रोना शुरु कर दिया। गेहूं के भाव बढ़ने पर रोना शुरु कर देते हैं। आप आखिर क्या चाहते हैं?...(व्यवधान)सपोर्ट प्राइस बढ़ाने के लिए क्या कभी आपने मांग की? इस सरकार ने जो साहसिक कदम बढ़ाया है इसे दलगत राजनीति से ऊपर उठ कर देखें और वोटों की राजनीति छोड़ कर देश के बारे में सोचें। देश को आगे बढ़ाने के लिए हम सब को निर्णय लेना चाहिए और इस निर्णय में एन.डी.ए सरकार का साथ देना चाहिए।

(इति)

1923 बजे

डा. रघुवंश प्रसाद सिंह (वैशाली) : सभापति महोदय, गोपाल सिंह नेपाली की कविता से मैं अपनी बात शुरु करता हूं।

दिन गए, बरस गए, यातना गई नहीं,

रोटियां गरीब की, प्रार्थना बनी रही,

श्याम की बंसी बजी, राम का धनु चढ़ा,

बुद्ध का भी ज्ञान बढ़ा, निर्धनता गई नहीं।

सभापति महोदय (श्री देवेन्द्र प्रसाद यादव) : आप मैथेमैटिक्स के प्रोफेसर हैं लेकिन कविता भी अच्छी कर लेते हैं।

डा. रघुवंश प्रसाद सिंहः जब आप मंत्री थे तो आपने टी.पी.डी.एस. लागू किया था। अभी आप स्टैंडिग कमेटी के चेयरमैन हैं। उसमें कमेटी ने अनुशंसा की है कि दाम घटा दिए जाएं और पहले जो दाम थे वही रखे जाएं। यह सरकार इसके बाद भी नहीं सुन रही है।

सभापति महोदयः पूरी समिति ने अनुशंसा की है।

डा. रघुवंश प्रसाद सिंहः आप इसके चेयरमैन हैं इसलिए हम आपको धन्यवाद देते हैं। आपने गरीबों के बारे में शुरुआत की और ये उसे ध्वस्त करने जा रहे हैं। हमारा सरकार पर आरोप हैं कि यह पंचद्रोही सरकार है। समिति का दर्जा पंच की तरह होता है। सभी दल उसमें रहते हैं। उस समिति ने अनुशंसा की कि गरीबों पर इसका बोझ नहीं पड़ना चाहिए। उस तरफ के लोग तोता रंटत हैं। अमर्त्य सेन, मार्शल और एडम स्मिथ जैसे सारे अर्थशास्त्री उधर हैं। बहस में तीन बातों का उल्लेख हुआ है। उन्होंने कहा कि गरीब को सबसिडी देने के कारण देश की अर्थव्यवस्था चौपट है।

(j4/1925/skb-vp)

गरीब पर खर्चा करके इसका सुधार कर रहे हैं। फिर कहते है कि ब्लैक हो रहा है, इसलिये पी.डी.एस. को खत्म करना चाहते हैं। उधर के लोग दो तर्क दे रहे हैं। लेकिन सभापति महोदय, मैं मूल सिद्धांत उठा रहा हूं कि इस देश में करोड़ों अछूत, दलित और ओ.बी.सी. रह रहे हैं जिसके लिये संविधान निर्माताओं ने आरक्षण का सिद्धांत बनाया। उन 16 करोड़ लोगों में से 6 करोड़ परिवार ऐसे थे जो बिलो पावर्टी लाइन थे। अब माना यह गया कि कुल 34 करोड़ लोग गरीबी रेखा के नीचे हैं। ऐसी कुव्यवस्था के चलते इस सबसिडी का प्रावधान किया गया। अगर सरकार इन गरीबों पर 4-8 हजार करोड़ रुपया खर्च कर देगी तो क्या इससे देश की आर्थिक व्यवस्था खराब हो रही है, यह गलत है। हर समय सैंट्रल इश्यू प्राइस में 5-10 प्रतिशत की वृद्धि होती रही है लेकिन इस बार 100 प्रतिशत वृद्धि हुई है जो दुनिया के इतिहास में किसी भी मुल्क में किसी अर्थशास्त्री ने कहा हो कि दुगुना कर दो। इससे पहले सरकार कहां करने जा रही थी जो आज गरीब के लिये किया। अब भाजपा की सरकार आई तो कह रहे हैं कि गरीब पर खर्च कर रहे हैं लेकिन सभापति महोदय, मुझे .यह बर्दाश्त नहीं है। मिट्टी का तेल, गेहूं पर 68 प्रतिशत वृद्धि कराई। उसी तरह से चावल का दाम बढ़ाया। गांवो में बी.पी.एल के लिये गेहूं का दाम 6 रुपये है। सरकार ने 5.85 रुपये तय किया था। इसमें ए. पी.एल. के लिये 9 रुपये भाव रखा है। यह सरकार मुनाफाखोर है या नहीं, कोई है जो साबित करके दिखाये कि बाजार भाव 6 रुपये है और यह 9 रुपये का भाव उन लोगों को दे रही है। इस प्रकार आप मुनाफाखोरी को प्रोत्साहित कर रहे हैं जिससे महंगाई बढ़े। व्यापारी लोग सोचते हैं कि जब सरकार 9 रुपये का भाव दे रही है तो वे क्यों नहीं ज्यादा भाव पर बेचें? जहां पर मार्किट में परचेजिंग सैंटर्स नहीं हैं, वहं किसान साढ़े पांच या 6 रुपये का भाव दे रहा है। मैं सरकार से पूछना चाहता हूं कि सरकार ने यह बिना हिसाब के काम क्यों किया? सरकार ने इसलिये किया कि उस समय निर्धारित फार्मूला था, सैंट्रल इश्यू प्राइस का आधा बी. पी.एल. की कीमत होगी, इसलिये 9 रुपये कहा। तब पता चला कि ए.पी.एल. के लिये आधा करने से सबसिडी में बचत होगी और देश खुशहाल होगा, आर्थिक व्यवस्था अच्छी होगी। इस तरह से गरीबों के खिलाफ बहस करने वालों को हम बर्दाश्त नहीं कर पा रहे हैं। इस तरह से गरीबों पर बोझा डाल रहे हैं । पी.डी.एस की व्यवस्था इन गरीबी रेखा से नीचे रहने वालों के लिये की गई थी जिसे ये ध्वस्त कर रहे हैं। डब्लयू.टी.ओ. और अंतर्राट्रीय जगत का प्रेशर है, उसके चलते ये लोग बोल नहीं रहे हैं और कहते हैं कि सबसिडी देने से आर्थिक व्यवस्था ठीक हो जायेगी। इन्होंने काले धन पर हमला नही किया। इस समय देश के 58 हजार करोड़ रुपये में से 30 हजार करोड़ रुपया बड़े लोगो के पास है। बड़े आदमी की आर्थिक व्यवस्था दुरुस्त करने के लिये आपने कोई निर्णय नहीं लिया लेकिन गेहूं, मिट्टी का तेल, चावल का दाम दुगना-तिगुना बढ़ाना है। रसोई गैस का दाम बढ़ाया है इससे गरीब आदमी के खर्चे बढ़ेंगे लेकिन बड़े आदमियों के खिलाफ कोई निर्णय नहीं लिया गया। ये कहते हैं कि गरीब का गला काटकर देश की अर्थ व्यवस्था सुदृढ़ हो जायेगी। गरीब को आप क्या देते है? न पानी, न बिजली, न रोज़गार, न घर और न सड़क देने की व्यवस्था है। कुछ रुपया गरीब परिवार को दिया गया, यही बर्दाश्त नहीं हो रहा है। इसलिये यह पंचद्रोही सरकार है जो समिति की

सिफारिशों को नहीं मान रही है, लोकमत को नहीं मान रही है। यहां तक कि इनके सहयोगी भी बोल रहे हैं कि मूल्य वृद्धि वापस लेनी चाहिये और खुद भाजपा में अंदरूनी बहस चल रही है कि ये सब दाम घटाना चाहिये लेकिन चुपके चुपके कह रहे हैं कि यह सरकार की गलती है और इस पर जोर लगाया जाये। इसलिये सरकार से चाहूंगा कि लोकमत को देखते हुये भाव घटाना है।

(k4/1930/bks-rbn)

इसलिए ये जनविरोधी हैं, किसान विरोधी हैं, क्योंकि इन्होंने दाम बढ़ाये। किसान को सब्सिडाइज्ड क्यों करना है क्योंकि इस देश में सीमान्त कृाक ज्यादा हैं। देश में 26 प्रतिशत लोग सीमान्त कृाक हैं। गरीब किसान हैं जिनके पास एक एकड़, दो एकड भूमि है, उनके लिए सब्सिडी का प्रावधान किया गया है, ताकि उनकी उपज में वृद्धि हो। उपज में कुछ वृद्धि हुई भी है। लेकिन यह कहते हैं कि किसान की सब्सिडी खत्म करो, गरीब की सब्सिडी खत्म करो। इंडस्ट्रियलिस्ट्स, करोड़पतियों की सब्सिडी बढ़ा दो और उनके लिए सुविधाएं बढ़ा दो, क्या इससे देश सुधर जायेगा। यह बात सभापति महोदय मेरी समझ में नहीं आ रही है। हम देख रहे हैं, सहयोगी दलों को मैं धन्यवाद देता हूं, चूंकि ये लोग भी जोर लगा रहे हैं, हालांकि ये लोग सरकार का समर्थन कर रहे हैं, लेकिन वाजिब बात के लिए ये लोग भी जोर लगा रहे हैं। हम सभी लोगों को मिलकर इसके विरोध में आन्दोलन चलाना पड़ेगा। डा. लोहिया ने कहा था - "अन्नदान का घटना-बढ़ना आना-सेर के अंदर हो, हर करखनिया माल की कीमत लागत से डेढ़ गुनी हो" ।

इसके बाद तुलसीदास जी की कविता है, उस समय इकोनोमिक्स का कितना सिद्धांत था - मणि, मुक्ता जो अमीर के इस्तेमाल की चीजें हैं, उसकी कीमत में वृद्धि कर दो, जो गरीब के इस्तेमाल की चीजें हैं, उनकी कीमत में कमी कर दो। तब उसे गरीब न वाज सरकार कहते हैं। जो परम्परागत नीति है, आप लोग उसके भी खिलाफ हैं। अभी का जो अर्थशास्त्र है, उसके खिलाफ हैं। आपके समय में छ: करोड़ परिवारों की गरीबी के रेखा से नीचे गणना हुई थी, लेकिन यदि सही कैलकुलेशन की जाए तो आज आठ करोड़ परिवार गरीबी की रेखा से नीचे हैं। यह 1991 की जनगणना के मुताबिक था। हम लोग गांव में जाते हैं। श्री सी. पी.ठाकुर भी गांव में जाते होंगे। सैकड़ों गांव वाले कहते हैं कि हमें लाल कार्ड नहीं मिला है। आई.आर..डी.पी. में जो पैरवी वाले लोग थे, जो लोन लेने के लिए इंटरेस्टिड थे, उन्होंने अपने नाम लिखवा लिये। लेकिन असली गरीब छूट गये। हर राज्य में गरीबी की रेखा के नीचे के लोगों की सूची में संशोधन होना चाहिए, सर्वेक्षण होना चाहिए। आज आठ करोड़ परिवार गरीबी की रेखा से नीचे हैं, जिसमें दो करोड़ लोग वंचित है। इसलिए हम मांग करते हैं कि गरीबी की रेखा से नीचे के परिवारों की जो संख्या छ: करोड़ थी, उसे बढ़ाकर आठ करोड़ किया जाए तथा जो पुरानी कीमत है, जिसके लिए स्टैंडिंग कमेटी ने अनुशंसा की है, उसका काफी महत्व है, उसे मानना चाहिए और सहयोगी दलों की राय को भी मानना चाहिए। नहीं तो हम लोग चिंतित हो जाते हैं, इन लोगों ने गड़बड़ वाला रास्ता पकड़ लिया है, कही फिर घुटन न हो जाए और खतरा न हो जाए। इसलिए हम समझाते हैं, नहीं तो हम लोग तो चाहते ही हैं कि ये लोग जल्दी से जाएं। इसलिए हम लोग मूल्यवृद्धि के खिलाफ बड़ा भारी आंदोलन करेंगे - महंगाई रोको, बांधो दाम, नहीं तो होगा चक्का जाम। यह लड़ाई हमें लड़नी पड़ेगी। इन्हीं शब्दों के साथ मैं सरकार को सावधान करता हूं कि गरीब की गर्दन पर छुरी मत चलाइये। गरीब के लिए जो कुछ अनाज, दाने का इंतजाम किया गया था, उसके दाम मत बढ़ाइये। उसकी परचेजिंग कैपेसिटी नहीं है, वह नहीं खरीद पायेगा और गरीबी से मुकाबला नहीं कर पायेगा। इन्हीं शब्दों के साथ मैं आपको बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूं।

(इति)

1933 hours

SHRI RAMESH CHENNITHALA (MAVELIKARA): Mr. Chairman, Sir, I rise to oppose very strongly the anti-people policies of this Government. It is unfortunate that this Central Government is pursuing anti-people policies for the last two years. If we look at the policies of this Government very closely, like the EXIM Policy, it is very clear that they are anti-people. This Government imported wheat from Australia and sold it at a cheaper rate when our farmers were suffering; this Government allowed sugar import when the sugar-cane growers in Uttar Pradesh and other parts of the country were suffering; and this Government is unscrupulously importing edible oil at the cost of poor farmers of this country.

(l4/1935/rk-rpm)

The situation has led to the accumulation of food grains. As a result, the poor people in our country are suffering. As rightly pointed out by my other colleagues, this Government is pursuing an anti-people, anti-farmer policy. So, I rise to strongly oppose the policy being adopted by the Government. As you are well aware, from 1990 onwards we are following the policy of economic liberalisation. But economic liberalisation does not mean economic slavery. In the name of globalisation, we have opened up our economy. It does not mean that we should impose more and more burden on the shoulders of the poor and the toiling masses of our country.

1936 hours (Dr. Raghuvansh Prasad Singh *in the Chair)*

The success of a Government is measured or evaluated on the basis of the number of facilities being offered by it to the poor people to reduce their burden. The poor people of a country look to the Government to redress their grievances. The point is, whether the popular Government of this country is ready to redress their grievances? The Government should try to reduce the burden of the toiling masses of this country. A section of economy is administered by the Government. It is the duty of the Government to protect the poor, to give more facilities to the poor and to reduce their burden. The entire system should stand for the poor, otherwise, the Government will be blamed. Today, the Government headed by Shri Vajpayee is being blamed by the people because it has not tried to lessen the burden of the poor, the toiling masses of our country who are living below the poverty line. In food articles, the inflation was 2.7 per cent. The annual rate of inflation comes to 35 per cent. This inflationary trend has led to an unprecedented rise in the prices of food grains. This is definitely going to affect the poor people living below the poverty line. Earlier, one kilo of rice used to cost them Rs.3.5. It now cost them Rs.5.85. How can the Government say that this measure adopted by the Government is for the poor? Can the Government say that this is not going to affect the poor? Similarly, one kilo of wheat used to cost Rs.2.50 and now they have to pay Rs.4.20. Can any democratic Government justify it? For the people living above poverty line, the cost of rice was Rs.9.05. It has now gone up to Rs.11.70. Similarly the cost of one kilo of wheat has gone up from Rs.6.82 to Rs.8.40.

(m4/1940/rc/rjn)

The overall increase is 68 per cent. Sir, it is a very exorbitant rate and the poor people of our country are suffering by this.

Sir, the hon. Minister of Consumer Affairs and Public Distribution, Shri Shanta Kumar is here. We, the MPs from Kerala, represented to him the matters concerning our State. He is well aware of the facts. Sir, you are also aware about this. Shri D.P. Yadav was also the Minister for Food and Civil Supplies. He also knows our problems. When Pandit Jawaharlal Nehru was the Prime Minister he started the statutory rationing for the State of Kerala in 1964. This statutory rationing is continuing in Kerala for the last 50 years. But now this system has been dismantled and our State is in total agony and misery. The Government of Kerala has represented this matter to the Central Government.

The other day our Chief Minister along with many leaders of various political parties staged a *dharna* in front of Parliament House. This is the first time that the Chief Minister, the Ministers and

leaders of Opposition Parties have come together. They are demanding restoration of statutory rationing. This facility was enjoyed only by the State of Kerala. Pandit Jawaharlal Nehru in his wisdom started statutory rationing in Kerala. It is helping the poor.

Sir, our Public Distribution System was continuing very effectively. More than 5000 Fair Price Shops were running. It was running very effectively and there was no complaint. It is a well streamlined system and a well connected system. All the villages were getting benefit of this. But unfortunately, due to this decision our State is suffering. So, the statutory rationing has to be re-implemented. That is our demand.

Sir, earlier our off-take of foodgrains was around 80 per cent. But now it has come down to 50 per cent. The hon. Minister is well aware of the fact that the quality of the foodgrains which we are getting is very low. That is why, our off-take is coming down. To maintain that off-take, we have to be supplied good quality wheat, rice, and other food articles.

Another problem which is now coming up is regarding Fair Price Shops. The persons who were working in these shops are now going to be unemployed. So, this has to be viewed in a separate manner. The Minister is aware of this fact. Therefore, the people of Kerala expect something from him when he replies.

Sir, as regards APL and BPL, it was introduced when Shri Yadav was the Minister of Food and Civil Supplies. Now, we have a complaint regarding the assessment of the APL and BPL. The Kerala Government is saying that they have 56 per cent people who live below the poverty line but according to the Central Statistical Organisation, it is only 26 per cent. The allotment from the Central Government is made on the basis of the figures given by the CSO. So, we are deprived of more quantity of rice, wheat, and other food articles. There are a lot of anomalies as to how to assess the people living Below Poverty Line and Above Poverty Line. There is no standard system. Therefore, I would request the hon. Minister to adopt a scientific approach to assess and determine as to who is Below Poverty Line and who is Above Poverty Line. A lot of confusion is prevailing about this as the State Government is saying something and the Central Government is saying something else. Therefore, this should be streamlined so that this confusion can be avoided.

Sir, recently in Karnataka and Andhra Pradesh, we witnessed incidents of suicides by farmers. Our leader Shrimati Sonia Gandhi visited that place. In all nine persons committed suicide as they were not in a position to repay the loans taken from the banks.

(n4/1945/kvj/mkg)

The plight of the poor people has to be sympathetically considered. Farmers are in a grave condition. Shri Janardhana Reddy is sitting here. He knows that the largest number of suicidal deaths committed by farmers was in Warangal and other districts of Andhra Pradesh. It is still continuing and spreading to Karnataka also. We are not able to support them and redress their grievances. The policies adopted by this Government are going to impoverish the poor.

FCI is not able to lift larger quantity of wheat from Punjab and Haryana. Who is going to be affected by this? The poor farmers who are trying to increase the food production in the country are badly affected by this decision. Today our country is self-sufficient in foodgrains because of the

farmers who are trying to increase the food production in the country. We have to salute them for this. We have to support them in all possible ways.

The off-take is coming down. Nobody will take food articles from the fair price shops. People below poverty line have no purchasing power to buy from the ration shops. You may have increased the quantity of foodgrains supplied through PDS, but they are not in a position to purchase the same. People above poverty line go to the open market. Why should they go to the fair price shops? What is the need for them to go to the fair price shops? Open market is there for them. As a result, the off-take is going to be less and our FCI godowns will be flooded with food articles. Food articles will be accumulated in FCI godowns and the Central Government has to incur more expenditure on this count. The subsidy cut which you have effected will not be workable. This new system is going to be a failure.

I do not want to politicise the issue. But, as rightly pointed out by other hon. Members, particularly by the allies of the NDA Government, we demand a roll-back of these prices. We cannot compare India and Bangladesh. We cannot also compare India's prosperity with that of Pakistan. Today the need is to roll-back the prices for the betterment of the poor, to lessen the burden of the poor and the toiling masses in the rural areas.

The hon. Petroleum Minister is not here now. But, Shri Ram Naik has given a wrong picture of the whole situation. The increase in the prices of petroleum products is not for the betterment of our economy. I can give you any number of examples. The increase in the price of kerosene is going to adversely affect the fishermen and the poor in our country who have no electricity in their homes. They are using kerosene even for fishing purposes.

I would, therefore, request the hon. Minister to reconsider their decision about the cut in subsidies on foodgrains and hike in the prices of petroleum products even at this stage.

(ends)

श्री प्रियरंजन दासमुंशी (रायगंज) : सभापति जी, मेरा एक सुझाव है कि जब भी सदन की बैठक का समय आठ बजे से ज्यादा होता है, लोक सभा सैक्रेट्रिएट का स्टाफ, सिक्योरिटी से लेकर, जो लोग पार्लियामेंट के काम को चलाने के लिए मेहनत करते हैं, वे लोग हर रोज रात को भूखे रह जाते हैं और उनको हर रोज तकलीफ होती है। संसदीय कार्य मंत्री को यह चाहिए कि उनके भोजन की व्यवस्था करे, कुछ खान-पान की व्यवस्था करे। कल भी मैंने देखा, काफी शिकायतें भी आईं। वे लोग कह नहीं सकत हैं, लेकिन हम लोगों को इसके बारे में सोचना चाहिए, देखना चाहिए और ऐसा नहीं होना चाहिए। आपका आदेश इसके ऊपर होना चाहिए।...(व्यवधान) सदन के सदस्य तो हैं ही, लेकिन जो लोग काम करते हैं, स्टैनोग्राफर से लेकर सिक्योरिटी के लोग और बाहर के लोग, ये लोग कितना टाइम बैठते हैं। उनके लिए पहले हर समय इन्तजाम होता था, लेकिन अब कोई प्रबन्ध नहीं होता।

(04/1950/jr-ru)

...(व्यवधान) इस पर आपका कोई आदेश होना चाहिए। यह ठीक नहीं है, संसदीय कार्य मंत्री जी की जिम्मेदारी होती है, वह इसको टेक केयर करें।

सभापति महोदय (डा. रघुवंश प्रसाद सिंह) : ठीक है, आपने सवाल उठा दिया, सरकार सुन रही है।

1951 बजे

डा. सुशील कुमार इन्दौरा (सिरसा) : सभापति महोदय, महंगाई पर चर्चा के लिए आपने मुझे समय बहस में हिस्सा लेने का वक्त दिया, उसके मैं आपको धन्यवाद देता हूं। हमारी पार्टी, इंडियन नेशनल लोक दल, सरकार की सहयोगी पार्टी है। यह जरूरी नहीं कि सरकार अगर कोई गलत निर्णय ले तो हम उसका विरोध न करें। सरकार को सही रास्ते पर ले जाना हम अपना फर्ज समझते हैं। इस बात के तहत मैं कहना चाहूंगा जैसे-जैसे सरकार के खर्चे बढ़ते हैं, वैसे-वैसे सरकार को टैक्स भी लगाने पड़ते हैं। जब टैक्स लगेंगे तो कीमतें भी बढ़ेंगी। पिछले र्वा को देखा जाए तो पता चलेगा जहां सरकारी आमदनी को आंकें तो हमारा खर्च ज्यादा हुआ है। पिछले र्वा हमने कारगिल जैसे युद्ध का सामना किया था। मैं सरकार को बधाई दूंगा कि उसने एक ऐसी विजय प्राप्त की है, जिसकी गाथा सारे संसार में गाई जा सकती है। उस पर भी खर्चा हुआ है। पिछले दिनों प्रकृति ने भी हम पर ज्यादा गाज गिराई है। उड़ीसा में समुद्री चक्रवात आया, जिससे जानमाल का नुकसान हुआ। उससे भी खर्चा बढ़ा। इसके अलावा पांचवे वेतन आयोग ने भी ऐसी प्रक्रिया सरकार के सामने रखी, जिसकी वजह से सरकार को मजबूर होकर टैक्स लगाने पड़े। उससे भी कीमतें बढ़ने का काम हुआ। इसी कारण 2000 में कठोर निर्णय लेने पड़े, इसमें सरकार की मजबूरी झलकती है। इसमें कोई दो राय नहीं हैं कि सरकार के खर्चे बढ़ेंगे तो उसको टैक्स लगाना पड़ेगा। यह भी देखना होगा। यह भी देखना होगा कि टैक्स कहां और कैसे लगे। इन दोनों में सावधानी बरतनी पड़ेगी। टैक्स लगाने में भी और टैक्स से जो राशि आती है, वह कैसे और कहां खर्च की जाए, इसको भी देखना पड़ेगा।

भारत की गरीब जनता टैक्स इसलिए देती है कि जिस लोकतांत्रिक सरकार को उसने चुना है, वह उसकी मूलभूत समस्याओं का सामना करेगी, उनके दुख में काम आएगी और उनको सुख-सुविधाएं प्रदान करेगी। मैं यह भी कहना चाहूंगा कि सरकार अपने मूल रास्ते से भटक गई है। पिछले सत्र में वित्त मंत्री जी ने कहा था कि सरकारी खर्च कम किए जाएंगे। हकीकत में देखा जाए तो सरकारी खर्च घटाने के बजाए बढ़े हैं। उदाहरण के लिए जो प्रशासनिक ढांचे में बढ़ावा हुआ है, 80,000 लोगों को रोजगार दिया गया है उससे सरकार पर बोझ पड़ा है। सरकार का छोटा आकार करने की बात थी, वह भी नहीं किया जा सका। लगभग 8000 करोड़ रुपए तो वेतन वृद्धि में ही चले गए। सरकार का जो खर्चा है, वह कहां कम हुआ, यह फिजूलखर्ची है।

(p4/1955/asa/brv)

अगर इसी तरह से देखा जाये तो मैं एक और उदाहरण दूंगा। एयर इंडिया के आज के हालात में 26 एरोप्लेन हैं और अगर इनके कर्मचारियों की संख्या देखी जाये तो वह 17386 है अर्थात् एक एरोप्लेन पर 686 आदमी काम कर रहे हैं। अब इस बात से पता चलता है कि फिजूलखर्ची हो रही है कि नहीं हो रही है। गरीब आदमी का पेट काटा जा रहा है, उसे दिक्कत में डाला जा रहा है और फिजूलखर्ची को बढ़ावा दिया जा रहा है। इस फिजूलखर्ची को बंद करके जो गरीब का पेट काटा जा रहा है, इस पैसे को गरीब के काम में लाया जाना चाहिए। जब भी सरकार की कर लगाने की कोई ऐसी मजबूरी आ जाये चाहे वह खाद्यान्न, पैट्रोल, डीजल या केरोसिन पर है तो सरकार को यह देखना चाहिए कि क्या उससे आम आदमी, गरीब या पिछड़ा आदमी जो गांव में रहता है, वह तो कहीं प्रभावित नहीं हो रहा है ? अगर इन चीजों के दाम बढ़ेंगे तो इसकी सीधी मार गरीब आदमी और किसान पर पड़ेगी। देखा जाये तो हम सभी जमीन, खेती से जुड़े लोग हैं। भारत देश कृि प्रधान देश है और किसान से जुड़ा हुआ चाहे वह मजदूर है, उसकी मजदूरी किसान से जुड़ी है। अगर कर्मचारी का वेतन है तो वह भी किसान से जुड़ा है। व्यापारी की आय भी किसान से जुड़ी है। अगर किसान के खेत में फसल नहीं होगी तो किसी कारखानेदार का कारखाना नही होगा। सरकार ने जिस तरह पैट्रोल, केरोसिन और डीजल के दाम बढ़ाए हैं, उससे स्वाभाविक है यातायात के साधनों का किराया बढ़ाना पड़ेगा। यातायात के साधनों से फल, सब्जियां तथा अनाज वगैरह बाहर भेजना पड़ेगा तो उसका दाम बढ़ जाएगा और इससे आम आदमी पर उसका असर पड़ेगा।

मैं आपको एक उदाहरण देना चाहूंगा। हिन्दुस्तान में गेहूं का जो हमारा उत्पादन है, दक्षिण भारत में एक आटा मिल एसोसिएशन के प्रवक्ता का बयान आया था कि हिन्दुस्तान में पैदा किया गया गेहूं महंगा पड़ता है जबकि आस्ट्रेलिया और ब्राजील से मंगाया गया गेहूं सस्ता पड़ता है। अगर दक्षिण भारत वाले गेहूं आस्ट्रेलिया से मंगाये तो प्रति टन 20 और 22 डॉलर चेन्नई बंदरगाह तक पहुंचने में लगते हैं। अगर उत्तरी भारत के एफ.सी.आई. के गोदाम से वही गेहूं मंगाया जाये और वह रेलगाड़ी से मंगाया जाये तो 1200 रुपये और ट्रक से मंगाया जाये तो 2000 रुपये प्रति टन लगते हैं। भारत के गेहूं की जो कीमत है, वह 7.60 पैसे या 7.80 पैसे पड़ती है जबकि आस्ट्रेलिया और ब्राजील से मंगाया जाये तो उसकी कीमत 7.10 पैसे या 7.20 पैसे पड़ती है। हमारे अपने उत्पादन में सिस्टम है कि हम अपने किसान को मुनाफा नहीं दे सकते और बाहर से मंगाकर दूसरों को मुनाफा दे सकते हैं, इन चीजों को रोकना होगा। मैं पहली बार जब बोला था तब आप थे। जल्दी-जल्दी में कई बातें भूल जाता हूं। लोक तंत्र में सरकार का दायित्व होता है और हम सरकार को थोड़ा सा सजग करना चाहते हैं। हम सरकार को यह बताना चाहते हैं कि आपने जैसे

फर्टिलाइजर के दाम बढ़ाये हैं, इससे किसान पर बोझ लादा गया है। अगर इससे किसान मर गया तो देश का बहुत बड़ा नुकसान हो जाएगा। फर्टिलाइजर्स, गेहूं और चावल से जैसे सब्सिडी वापस कर ली गई है।

(q4/2000/sb-ksp)

जो आकाश छूती कीमतें हैं उससे आम आदमी की कमर टूट गई है। हम सभी जानते हैं कि लोकतंत्र में सरकार का क्या दायित्व होता है। जिन लोगों ने बड़े ऊंचे अरमानों के साथ भगवान से प्रार्थना करके, गरीब लोगों ने हाथ जोड़ कर सरकार को बनाया था और वाजपेयी पर विश्वास किया था। जो लोग लाईन में लग कर वोट डालते हैं उन्होंने विश्वास के साथ वोट दिया कि देश के प्रधानमंत्र, वाजपेयी जी बनें और लोगों में सुख-समृद्धि आए तथा लोगों के दुख दूर हों। एयरकंडीशन में बैठने वाले लोग वोट नहीं डालते। जिन्होंने वोट दिए थे उन्हें जब यह पता चला कि पीडीएस की सब्सिडी वापस ले ली है, यहां तक कि दूध के भाव भी बढ़ा दिए गए हैं तो लोगों के दिल पर क्या गुजरी होगी, आप अच्छी तरह समझते हैं। गेहूं की खरीद का किसान को मूल्य 5 रुपए 80 पैसे मिलता है और अगर उसे स्टोर करके एफसीआई के गोदाम तक रखें तो उसका खर्च 12 रुपए तक बढ़ जाता है, यानी सरकार व्यापार करती है। किसान, जो देश की रीढ़ है, उसे मूल्य नहीं दे पाती। मैं आपको बताना चाहता हूं कि सात हजार करोड़ रुपए इस रख-रखाव में खर्च हो जाते हैं, जब कि मेरे ख्याल से सरकार जो सब्सिडी देती है वह इतनी नहीं है, वह भी तकरीबन सात-आठ हजार रुपए पड़ती है।

महोदय, दिल्ली दुग्ध योजना की बात ले लीजिए। आज जो दूध की बिक्री पहले से आधी हो गई है और खर्च ज्यों का त्यों है। हालांकि उसके रख-रखाव के लिए कमीशन बना दिया गया है लेकिन खर्च ज्यों का त्यों है। जहां पहले चार लाख लीटर दूध बिकता था, वहां आज दो लाख लीटर बिकता है लेकिन खर्च ज्यों का त्यों है। आमदनी कम है, वह घाटा कहां से पूरा होगा। सरकार ने इस बारे में नहीं सोचा। यहां मंत्री जी बैठे हैं। मैंने टीवी पर देखा तो महसूस किया। मंत्री जी कहते हैं कि हमने दस किलो की जगह 20 किलो कर दिया, लेकिन जिस आदमी की खरीदने की शक्ति नहीं है उसके लिए अगर आप 50 किलो कर देंगे तो भी उसे कोई फायदा नहीं है। अगर हिसाब लगाया जाए तो पहले का जो भाव है, पहले दस किलो पर 25 रुपए देने पड़ते थे और 20 किलो बाजार से लेना पड़ता था, उसके 90 रुपए देने पड़ते थे। आज अगर टोटल हिसाब लगाया जाए, 30 किलो एक परिवार के लिए लगाया जाए तो 30 किलो जो पहले खरीदा जाता था, वह 30 किलो 175 रुपए में खरीदा जाता है। आज अगर बढ़े हुए भाव पर खरीदें तो 210 रुपए बैठते हैं। मैंने एक सबमिशन में लिखा था कि यह अनावश्यक बोझ है। किसान पर जो फर्टिलाइजर के बोझ बढ़े हैं, किसान बेचारा जितना उगाता है उससे भी कोई आमदनी नहीं हो पाती। आज किसान कर्जदार है। अगर किसान कर्जदार है तो उसके सथ-साथ खेत में काम करने वाला मजदूर भी दो रोटी के लिए तरस जाता है।

महोदय, सरकार ने तो इन सुविधाओं के नाम पर आम आदमी की जो जरूरत की चीजें हैं, चाहे खाद्यान्न हो या कैरोसिन आयल हो, उसके भाव 60 से 70 प्रतिशत बढ़े हैं। मैं सरकार से पूछना चाहता हूं कि जो सम्पन्न वर्ग के लोग हैं वे जिन चीजों का इस्तेमाल करते हैं उनके दाम क्या 60-70 प्रतिशत बढ़े हैं। ऐसी कोई चीज नहीं होगी, जिनके दाम 60-70 प्रतिशत बढ़े हों।

(r4/2005/har/ss)

मेरा माननीय प्रधान मंत्री जी से और माननीय मंत्री जी से यही आग्रह है कि जो आज खर्चों के नाम पर हम कटौती कर सकते हैं वह हम करें। मैंने उदाहरण भी दिया कि हम सरकारी खर्चों में कटौती कर सकते हैं, अपने घाटे को और संसाधनों से पूरा कर सकते हैं जिससे कि हमें घाटा न हो। लेकिन किसी गरीब के पेट पर लात मारकर, उसके दिल को दुखाकर हमें अपने घाटे को पूरा करना चाहिए। ऐसी बात नहीं है कि हम सरकार के खिलाफ हैं लेकिन हमारा यह भी फर्ज बनता है कि गरीब आदमी की आवाज को हम सरकार तक पहुंचाएं। इसलिए मैं सरकार से पुनः कहूंगा कि सरकार इस पर फिर से विचार करे। सरकार इस बात पर सोचे कि हिंदुस्तान का गरीब आदमी कैसे फले-फूले, क्योंकि गरीब आदमी ही सरकार बनाते हैं। पैसे वाले लोग सरकार नहीं बनाते हैं। इस देश की 70 प्रतिशत आबादी जो सरकार बनाती है, सरकार उसके प्रति दुबारा से चिंतन करे और उनको सुख-सुविधाएं दे। धन्यवाद।

(इति)

2006 बजे

श्री प्रभुनाथ सिंह (महाराजगंज, बिहार) : सभापति जी, सदन में महंगाई पर चर्चा हो रही है और बढ़ी हुई महंगाई के कारण पूरा सदन चिंतित है और चिंतित होना भी चाहिए। यह चिंता केवल अखबारों तक या टी.वी. पर अपना चेहरा दिखाने के लिए नहीं बल्कि हकीकत में उनको चिंता होनी चाहिए जो लोग किसानों और गरीब आदमियों के प्रति हमदर्दी रखते हैं। शून्य काल में जब भी चर्चा होती है तो विपक्ष के लोग हंगामा किया करते हैं कि महंगाई बढ़ गयी, महंगाई बढ़ गयी। टी.वी में प्रियरंजन दास जी बैठे हुए हैं और श्रीमती सोनिया जी का भी चेहरा नजर आता है लेकिन इतने गंभीर सवाल पर यहां चर्चा हो रही है पर हमने

जब से चर्चा आरम्भ हुई है आज दिन में सोनिया जी को सदन में नहीं देखा है। हमने इंद्रजीत गुप्ता जी को भी सदन में नहीं देखा है और हमने सोमनाथ चटर्जी जी को भी चर्चा में नहीं देखा है...(व्यवधान)

श्री सत्यव्रत चतुर्वेदी (खजुराहो) : हमने प्रधान मंत्री जी और वित्त मंत्री जी को भी चर्चा के वक्त सदन में आज नहीं देखा है।

श्री प्रभुनाथ सिंह (महाराजगंज, बिहार) : साथ ही कांग्रेस के लोगों की उपस्थिति की संख्या केवल दो है और सबसे ज्यादा चिंतित ये लोग हैं कि महंगाई बढ़ गयी, महंगाई बढ़ गयी। अगर चिंतित है तो सरकार का समर्थक दल, जो सरकार में रहते हुए और अपने प्रधान मंत्री से मिलकर उन्होंने अनुरोध किया है कि देश की गरीब जनता पर बोझ पड़ रहा है, इसलिए इस पर विचार किया जाये। साथ ही सदन में गठबंधन के लोगों ने अपनी भावनाओं को भी रखने का प्रयास किया है।

सभापति जी, देश पर आर्थिक बोझ बढ़ा है और आर्थिक बोझ एक-दो दिन में बढ़ता नहीं है। पहले जो सरकारें इतने दिनों में केन्द्र में रही हैं और अपने पाप का गठरी जो उन्होंने अपने सिर से उतार कर फेंका, वह आज की सरकार को ढोनी पढ़ रही है। इसी के कारण सरकार को कठोर निर्णय लेना पड़ा है। सरकार को कठोर निर्णय लेने के लिए जनता की स्वीकृति मिल चुकी है और इसमें हल्ला मचाने की कोई जरूरत नहीं है। जिस समय चुनाव हो रहा था उससे पहले प्रधान मंत्री जी ने कहा था कि चुनाव के बाद नयी सरकार बनेगी तो कठोर निर्णय लिये जायेंगे, जिसमें हमें जनता का सहयोग चाहिए। जनता की स्वीकृति मिली और सरकार बनी। लेकिन कठोर निर्णय लेने में गंभीर चिंतन की जरूरत होनी चाहिए। बहुत सी चीजों के दाम बढ़े हैं। सदन में जब चर्चा होती है तो मैं बहुत सी बातों से सहमत नहीं होता हूं। गरीबों और किसानों की आड़ में व्यावसायियों की वकालत इस सदन में की जाती है। सदन में चर्चा होती है कि गैस सिलैंडर के दाम बढ़ गये।

(s4/2010/am-rs)

हम जानना चाहेंगे देश में कितने प्रतिशत लोग गैस का प्रयोग करते हैं? उनकी कितनी संख्या है? 100 करोड़ की आबादी में से ढ़ाई से तीन प्रतिशत लोग गैस पर खाना नहीं बना पाते हैं। बंगाली मार्किट में मिठाई की दुकान पर गैस का ज्यादा खर्चा है। क्या उन्हें सबसिडी की जरूरत है? अगर सबसिडी देनी है तो गांव के लोग जो अपने खेत से लकड़ी पैदा करते हैं और जिससे खाना बनने का काम होता है, उन्हें दें। वे लकड़ी जला कर कोयला बनाते हैं, उस पर सबसिडी क्यों नही दी जाती? कारखानों में बने माल पर इन्हें सबसिडी चाहिए और गांव के लोग अपने परिश्रम से जो सामान तैयार करते हैं क्या उस पर सबसिडी की जरूरत नहीं पड़ती? जो लकड़ी और कोयले का प्रयोग करते हैं उन्हें सबसिडी की जरूरत है। जो लोग इन पर सबसिडी देने की जरूरत महसूस नहीं करते तो मैं उनसे कहूंगा कि गैस सिलैंडर पर भी सबसिडी देने की जरूरत नहीं है।

एन.डी.ए. की सरकार ने गरीबों और किसानों के प्रति चिंता व्यक्त की। उसने कहा कि हम गरीबों को काफी सुविधा मुहैय्या कराएंगे। देहातों में दो तरह के कार्ड बनाए गए। मंत्री जी बैठे हैं। यह प्रदेश के मुख्यमंत्री भी रहे हैं। कार्ड बनाने में बड़ी धांधली हुई। सारे काम केन्द्र सरकार के जिम्मे नहीं होते। जिन गरीबों का नाम गरीबी रेखा के नीचे रहने वालों की सूची में होना चाहिए मैं जिम्मेदारी से कहता हूं कि इनका नाम काफी संख्या में छूट गया है।

श्री प्रियरंजन दासमंशीः आप सच कह रहे हैं। हम आपकी बात का समर्थन करते हैं।

श्री प्रभुनाथ सिंहः मैं सच बात कह रहा हूं। वहां जो गड़बड़ियां हुई, उसके बारे में राज्य सरकार को निर्देश दिया जाए। इस मामले में सर्वे कराया जाए और जो गरीबी रेखा के नीचे हैं और जिन्हें गरीब कहा जाता है, उनका नाम निश्चित रूप से इस सूची में होना चाहिए और उसका लाभ मिलना चाहिए। किसी व्यवसाय में 10 प्रतिशत मुनाफा होता है तो माना जाता है कि यह कम नहीं होगा। जनतांत्रिक देश में सरकार किसानों और गरीबों पर बोझ कम डालना चाहती है तो मुनाफे का कुछ प्रतिशत सीमित करे। खाद्यान्नों

के जो दाम बढ़ाए गए हैं उसे देखते हुए किसानों का समर्थन मूल्य बहुत कम है। किसानों का समर्थन मूल्य तय होना चाहिए लेकिन जिस प्रतिशत में किसानों की चीजों के मूल्य बढ़ाए गए हैं और जिस प्रतिशत में पी.डी.एस. से सामान बिक्री की बात की जाती है, उसमें 50 प्रतिशत मुनाफे का सवाल होता है। अगर आप 20 प्रतिशत खर्च भी निकाल लें तो 30 प्रतिशत मुनाफा इस देश की सरकार अपनी जनता से ले तो मुनासिब नहीं होगा। इस पर पुनर्विचार करना चाहिए। आज देश के किसान बहुत पीड़ित हैं। किसान सरकार के भरोसे जिन्दा नहीं हैं। वे अपने परिश्रम से जिन्दा हैं। उन्हें सरकार से सुविधाएं मुहैय्या नहीं हो पातीं। जो उनके खेतों में उत्पादन होता है और जो मूल्य सरकार द्वारा निर्धारित किए जाते हैं, उसमें वे अपना सामान बिक्री करने जाते हैं तो व्य वसायी मनमाने ढंग से उस सामान को लेते हैं। किसान मजबूरी में उन जगहों पर अपने सामान को बेचता है। कई जगह क्रय केन्द्र नहीं हैं। अगर आप उन्हें बना सकें तो बनाएं। अगर नहीं बना सकते तो राज्य सरकार को निर्देश दीजिए। आप प्रखंड स्तर पर क्रय केन्द्र बनाइए जहां किसान अपनी फसल को ले जाएं। आप जो दाम निर्धारित करते हैं, वहां उन्हें वह मूल्य प्राप्त हों। इससे किसानों को सुविधा मिलेगी।

(t4/2015/skb-lh)

खाद का दाम बढ़ा दिया गया है, इससे किसानों पर सीधी मार पड़ी है। इससे देश के न केवल 70 प्रतिशत किसान बल्कि सारा देश इससे प्रभावित हुआ है। चूंकि किसानों पर जब बोझा पड़ेगा तो फसल उत्पादन मूल्य भी बढ़ जायेगा। किसानो ने अपनी फसल उत्पादन के लिये जितना परिश्रम किया, फसल उगाने में मजदूरी लगाई, खाद,पानी, बिजली, सूखा, बाढ़ और कभी कभी जल जमाव की मार झेली तो उसे उत्पादन मूल्य भी सरकार ने नहीं दिया। अगर इन सब बिन्दुओं पर ठीक ढंग से समीक्षा कर दी जाये तो मै मानता हूं कि जो उनकी पूंजी लगती है, आपके मूल्य निर्धारण से वह पूंजी भी नहीं निकल पाती है। इसलिये आप समर्थन मूल्य बढ़ाइये। किसी भी प्रजातांत्रिक देश में व्यावसायिक दृटि से सरकार नहीं चल सकती है, इसलिये कहूंगा कि किसानों को मिलने वाली खाद के मूल्य में जो 6 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी हुई है, वह नहीं होनी चाहिये। जब इस देश के प्रधानमंत्री श्री देवेगौड़ा जी थे तो गांव के किसान उसे याद करते हैं क्योंकि उन्होंने खाद के मूल्यों को कम कर दिया था। कोई प्रधानमंत्री रहे या न रहे, लोग उनको भूलते नहीं है। इसलिये हम अपनी सरकार से कहना चाहेंगे कि सरकार के पास आमदनी बढ़ाने के लिये कई तरीके हैं। बहुत से सरकारी पैसे की ठगी की गई है, उसके वसूलने की कोई कार्यवाही क्यों नहीं की जाती है? यहां दिल्ली और वहां मुम्बई में बहुत बड़ी अटारियां बनी हुई हैं जहां सरकारी खजाना प्रवेश कर चुका है। सरकार उस खजाने को निकालने का काम क्यों नहीं करती है? हम चाहेंगे कि उनके खिलाफ कठोरता से कार्यवाही होनी चाहिये। खाद का दाम निश्चित रूप से घटाना चाहिये।

सभापति महोदय, अभी श्री दासमुंशी जी ने कहा कि मिट्टी के तेल का दाम बढ़ा हुआ है। हम इससे असंतुट नहीं हैं। हम चाहते हैं कि यदि एक दो रुपया बढ़ जाये तो संतुट होंगे। आप संतुट नहीं हैं क्योंकि आपके प. बंगाल में राजनीति चलती है, वोट चलता है लेकिन हमारे बिहार में यह सब नहीं चलता। हकीकत यह है कि जिन लोगो के लिये सामान दिया जाता है उन्हें नहीं मिलता और सारा काला बाजार में चला जाता है। गांव के लोग 20-22 रुपये प्रति लीटर मिट्टी का तेल खरीदते हैं। हम यही कहते हैं कि यदि सरकार में हिम्मत है तो दो रूपया बढ़ाकर फ्री सेल कर दे, उसे पी.डी.एस. में भेजने की जरूरत नहीं है। जैसे चीनी को फ्री सेल कर दिया गया है, जनता वाहवाही कर रही है। यदि मिट्टी का तेल भी एक दो रुपये लीटर बढ़ा दिया जाता है और इसे फ्री सेल कर दिया जाता है तो जनता वाहवाही करेगी, इससे सरकार को कोई अंतर नहीं पड़ता। सरकार को खाद का दाम कम न करने में जिद नहीं करना चाहिये। हमें मालूम हुआ है कि वित्त मंत्री जी इसमें अड़े हुये हैं। मैं यह मानता हूं कि उनका अड़ना भी गलत न होगा क्योंकि उनको किसानों से क्या लेना-देना। वे किसानों की परिस्थिति को नहीं जानते हैं। संयोग से वे अच्छे परिवार में पैदा हुये और कलेक्टर हो गये। चन्द्रशेखर जी की कृपा हो गई और देश के वित्त मंत्री हो गये। अब श्री वाजपेयी जी का आशीर्वाद मिला तो फिर से वित्त मंत्री हो गये। वे जिस क्षेत्र से आये हैं, वहां किसान हैं ही नहीं, हजारीबाग पथरीला इलाका है।

(u4/2020/bks-tkd)

जानते हैं, बताइये क्या मंत्री जी किसान है। वहां कोयले के खदाने हैं, कोयले के मजदूर हैं और वे लोग भी कोयला चुरा-चुराकर बेचते हैं। यदि उन्हें दो रुपया महंगा सामान खरीदना भी पड़े तो उन्हें कोई अंतर नहीं पड़ेगा, वे खरीद लेंगे। चूंकि वहां किसान नाम की चीज ही नहीं है, इसलिए वह किसानों की पीड़ा को समझ नहीं सकते। लेकिन सरकार में बहुत से मंत्री है, जो किसानों की पीड़ा को महसूस कर सकते हैं। इसलिए हम शांता कुमार जी से निवेदन करेंगे कि हम लोगों को भावनाओं को प्रधान मंत्री जी तक पहुंचाइये।...(व्यवधान)

श्री प्रियरंजन दासमुन्शी (रायगंज) : इस भावना के साथ वित्त मंत्री जी को बदलने की भावना को भी पहुंचाइये।

श्री प्रभुनाथ सिहं (महाराजगंज, बिहार) : आप पहुंचाइये, हमारे निवेदन को पहुंचाइये, हमारे आग्रह को पहुंचाइये। आपकी सरकार मजबूती से चले, हम लोग बिल्कुल ईमानदारी से साथ हैं, दिलेरी से साथ हैं और साथ रहेंगे। ये लोग तो इन सब बिंदुओं पर राजनीति कर रहे हैं। यदि ये लोग राजनीति नहीं करते तो आज श्रीमती सोनिया गांधी यहां मौजूद होतीं …(व्यवधान) अगर राजनीति नहीं करते तो आज यहां सोमनाथ बाबू मौजूद होते, मुलायम सिंह जी मौजूद होते, इंद्रजीत गुप्त जी मौजूद होते। कांग्रेस का बॉक्स बिल्कुल निल नहीं होता, खाली नहीं होता। आप इसमें राजनीति मत कीजिए। यदि थोड़ी भी जनता के प्रति हमदर्दी है तो आवश्यक वस्तुओं के बारे में बात कीजिए। इन्हीं बातों के साथ हम आपसे निवेदन करेंगे कि कहीं ऐसा न हो जाए …(व्यवधान)

श्री प्रियरंजन दासमुन्शी (रायगंज) : सभापति जी, जितना सुन्दर वर्णन इन्होंने वित्त मंत्री जी का किया है, इतना सुंदर वर्णन वित्त मंत्री जी का आज तक कोई नहीं कर पाया है। इसके लिए मैं इन्हें बधाई दे रहा हूं, इसमें गुस्से की क्या बात है।

श्री प्रभुनाथ सिंह (महाराजगंज, बिहार) : हमे ऐसा लगता है कि जैसी अभी सदन की स्थिति है कि जिस समय मंत्री जी जवाब देने के लिए खड़े हों, कहीं ऐसा न हो कि वह अकेले भााण देते रह जाएं और आपको सुनना पड़े…(व्यवधान) इन्हीं शब्दों के साथ हम आपको धन्यवाद देते हैं और पुन: सरकार से निवेदन करते हैं। धन्यवाद।

(इति)

2022 बजे

श्री जोवाकिम बखला (अलीपुरद्धारस) : सभापति महोदय, आपने मुझे बोलने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं। आज की चर्चा में मैं अपने दल आर.एस.पी. की ओर से आवश्यक वस्तुओं के मूल्य में वृद्धि करने का जो सरकार का निर्णय है, उसका पुरजोर विरोध करने के लिए मैं खड़ा हुआ हूं। माननीय सदस्यों के बयानों से मैं अवगत हुआ हूं कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली के माध्यम से आवश्यक खाद्यान्नों का वितरण करने का जो प्रबंध हमारे देश में हैं और इस प्रबंध के माध्यम से गरीबी की रेखा से नीचे के लोगों तक सस्ते दामों में अनाज पहुंचाने का जो सरकार का कर्तव्य है, इस कर्तव्य से हमारी सरकार दूर भागना चाहती है। इसलिए पी.डी.एस. के माध्यम से गरीबों तक जो अनाज पहुंचाए जाते हैं विशेकर गेहूं, चावल, रसोई गैस और मिट्टी के तेल के दामों में वृद्धि करने का जो निर्णय इस सरकार ने लिया है, यह एन्टी पूअर, एन्टी पीपुल नीति है। सिर्फ मैं ही यह नहीं कहना चाहता हूं, ये लोगों को भावनाएं है और उस भावना का सिर्फ प्रतिपक्ष के लोगो ही ने नहीं, बल्कि एन.डी.ए. की सरकार में जो सहयोगी दल हैं, उनकी भी ओपीनियन इसके विरोध में हम लोगों को यहां सुनने को मिली। हमारे माननीय प्रधान मंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी हमेशा आम सहमति की बात करते आये हैं। लेकिन आज इस सदन का जो दृश्य है और जिस तरह से माननीय सदस्यों ने अपने अनुभव और आम जनता की भावनाओं को यहां प्रकट करने का काम किया है, उससे साबित हो जाता है कि एन.डी.ए. की सरकार में शामिल सहयोगी दल भी सरकार के निर्णय का विरोध करने को तैयार हैं। सरकार में शामिल सहयोगी दलों से भी यह सरकार आम सहमति प्राप्त करने में असफल रही है।

(w4/2025/rpm/pb)

सभापति महोदय, उनका मत भी नहीं लिया गया, उनका सहयोग नहीं लिया गया, उनसे सलाह नहीं ली गई और इसी वजह से आज सहयोगी दल भी मूल्य-वृद्धि का विरोध कर रहे हैं। जो अनाज आज सार्वजनिक वितरण प्रणाली के माध्यम से लोगों तक पहुंचना चाहिए, वह नहीं पहुंच रहा है। उसके मूल्य बढ़ाकर संबंधित मंत्री महोदय ने कह दिया कि मूल्य वृद्धि का जो निर्णय लिया गया है वह सही है और उससे गरीब लोगों को लाभ मिलेगा। मैं उनके इस निर्णय से सहमत नहीं हूं।

सभापति महोदय, गरीबी की रेखा के नीचे रहने वाले व्यक्तियों को जो अनाज सार्वजनिक वितरण प्रणाली के माध्यम से दिया जाता है, मूल्य-वृद्धि करते समय उनकी परचेजिंग पॉवर को ध्यान नहीं रखा गया है। मैं चाहता हूं कि मूल्य-वृद्धि करते समय कंसर्न्ड मिनिस्ट्री को गरीबी की रेखा के नीचे रहने वाले लोगों की परचेजिंग पावर को ध्यान रखना चाहिए था और उसको ध्यान रखते हुए मूल्यों में वृद्धि करनी चाहिए थी। जो इस प्रणाली के माध्यम से उनको 10 किलो अनाज दिया जाता है, वे उसको भी बड़ी मुश्किल से खरीद पाते हैं और उन्हें कहा जा रहा है कि हमने तुम्हें 10 की जगह 20 किलो अनाज देने का निर्णय लिया है, जिसे खरीदने

की उनकी क्रय शक्ति ही नहीं है। पहले ही वे बहुत मुश्किल से 10 किलो अनाज खरीद पाते थे, अब 20 किलो अनाज खरीदने की उनकी ताकत कहां है?

सभापति महोदय, इसी प्रकार से कैरोसीन तेल के दाम बढ़ाने का जो निर्णय लिया है, उसका भी मैं विरोध करता हूं क्योंकि जो लोग कैरोसीन का इस्तेमाल करते हैं वे बहुत गरीब होते हैं और उनकी इतनी क्षमता नहीं है के वे एल.पी.जी. का सिलैंडर खरीद कर उसे इस्तेमाल कर सकें। उनकी तो कैरोसीन तेल खरीदने की ही क्षमता नहीं है। अब वे बढ़े हुए दामों पर कैसे कैरोसीन तेल खरीदेंगे। इस प्रकार से कैरोसीन तेल एवं अनाज के दाम बढ़ाकर क्या गरीबी की रेखा के नीचे रहने वाले लोगों के साथ अन्याय नहीं किया जा रहा है? मैं सरकार के इस विाय से संबंधित सभी मंत्रियों से अनुरोध करना चाहूंगा कि वे मूल्य-वृद्धि पर पुनर्विचार करें।

सभापति महोदय, मैं जानता हूं कि रोल-बैक करने की प्रक्रिया शुरू हुई है और इस प्रक्रिया में शायद यह मुद्दा भी आ जाए। खाद्यान्न के ऊपर जो मूल्य-वृद्धि करने का निर्णय इस सरकार ने लिया है, उसे वापस लेने के लिए मैं आपके माध्यम से सरकार से निवेदन करना चाहता हूं। सरकार को गरीब लोगों की अवस्था को ध्यान में रखते हुए मूल्य-वृद्धि को वापस ले लेना चाहिए। यह निर्णय गरीब जनता के हित का नहीं है। इस बात का पता तो आपको तभी लगेगा जब आप जनता के पास वोट मांगने जाएंगे।

जब आप वोट लेकर चुनाव जीत जाते हैं, तो सत्तारूढ़ होकर बड़ी-बड़ी बातें करने लग जाते हैं और आम जनता की भावनाओं की उपेक्षा करना शुरू कर देते हैं। यह अच्छी बात नहीं है। इसका जवाब जनसाधारण आपको देगा तब आप समझ पाएंगे। यदि आप गरीबों की भावनाओं का आदर करना चाहते हैं, तो आपको मूल्य-वृद्धि को वापस लेना चाहिए, यदि आप ऐसा नहीं करते हैं, तो आपको सत्ता में रहने का कोई अधिकार नहीं है। इन्हीं शब्दों के साथ मैं सरकार के मूल्य-वृद्धि के निर्णय का विरोध करता हूं।

(इति)

2029 hours

SHRI ARJUN SETHI (BHADRAK): Mr. Chairman, Sir, thank you very much for giving me this opportunity to speak on behalf of the Biju Janata Dal.

As has been mentioned by my hon. friends present here from different parties, it is really a matter of regret that the common man below poverty line is being targeted by the Government.

(x4/2030/krr/rjs)

We do appreciate the problems of the Government in managing the finances as well as carrying on with the developmental activities in the country. There is no doubt that there are constraints. Constraints are not new to this Government. In the past also, constraint of funds was there before the Government.

We do not appreciate the recent rise in prices of urea, PDS items of rice, wheat and kerosene and LPG. The Biju Janata Dal, being in the Government, being a partner in the Government, requests the hon. Prime Minister as well as the hon. Minister present here that they should re-consider the proposal, specially in the State of Orissa where we are facing a very severe crisis and near-drought conditions.

The hon. Minister of Food and Consumer Affairs has visited Orissa State and has seen on the spot the problems being faced by the people there. The whole economy of the State has been broken and the backbone of the people, specially the poor and downtrodden has been broken. They are

completely in disarray. We have a very peculiar problem there. Previously the State Government, specially in the scheduled areas and 118 ITDA blocks, was supplying subsidised rice on a payment of Rs. 2 per kilogram. It was provided in the ITDA areas. But since the supercyclone that affected the State's economy, the Government exchequer has been badly affected and the State Government is not in a position to subsidise the rice being sold in the ITDA blocks. It was earlier sold at Rs. 2 per kilogram. After the recent reduction of subsidy, now the rice is being sold in those ITDA blocks at Rs. 6.50 per kilogram. You can imagine the effect of more than 300 per cent increase that has taken place in those areas.

In these ITDA blocks the tribal people live. We all know about their conditions of living. They have no purchasing power. They have no houses to live in. They have no source of income so that they can maintain their livelihood. That is why the Government of Orissa had earlier taken a position to provide rice at Rs. 2 per kilogram. But after the supercyclone, the State exchequer is now completely empty. The hon. Minister is well aware of this fact.

I would request the hon. Minister present here as well as the Government at the Centre and the hon. Prime Minister that unless this subsidy is provided from the Centre, the condition of the people living there will become very precarious and they may not get enough rice to eat.

MR. CHAIRMAN (DR. RAGHUVANSH PRASAD SINGH) : Please conclude.

SHRI ARJUN SETHI (BHADRAK): Sir, I am sorry to point out that I have been waiting here for the past six-and-a-half hours and I have not even started my speech that you are ringing the bell and asking me to conclude. … (*Interruptions*)

(y4/2035/san-mkg)

I will say in brief that the economy of our State is in complete mess. It is not the fault of the Government or anybody else. The Central Government has sanctioned many schemes and funds for the rehabilitation and restoration works after that super-cylone, but unless these ITDA blocks are looked after and subsidised foodgrains are provided to the people, they may not survive or may not be able to purchase rice at Rs. 6.50 per kilogram. So, I would request the hon. Minister to reconsider the increase in prices of urea, kerosene, LPG etc. because the people of Orissa are not in a position to bear this burden imposed by the Central Government. So, I would join our allies supporting the Government at the Centre to demand that the Central Government should reconsider this increase. I would also request the Government to see to it that in the ITDA blocks, subsidised rice is provided and that subsidy should be borne by the Centre because the State Government is not in a position to bear it as they have no funds even to make payment of salaries to its employees.

Thank you.

(ends)

27.4.2000/2035 hours

***SHRI P. MOHAN (MADURAI):** Hon'ble Chairman Sir, I thank you for the opportunity you have given me to participate in the discussion on rise in prices of essential commodities. The prices of rice, wheat, kerosene and cooking gas have been increased causing great hardship to the poor and the middle class. Both the Standing Committees on Petroleum and Food & Civil Supplies have stoutly opposed the move of the Government. I urge upon the Government to take note of the feelings and sentiments of the people in this regard. It is to be noted that even the alliance partners of this NDA Government have criticised the Government for the price increase. Hence it becomes all the more important for the Government to seriously reconsider its decision to hike the prices.

I would like to appreciate the parties in the ruling NDA who have vehemently opposed the Government. Particularly DMK, the dominant partner from Tamil Nadu has impressed upon the Government to reconsider it. Its leader in the House pointed out that he would not use the word 'roll back' but would rather use the word 'reconsider'. Both of them would mean the same. It must be withdrawn, that is it. I would like to appreciate them. Not only that. The leader of their party who is the Chief Minister of Tamil Nadu who is also an important leader in the NDA has criticised the Union Government's move to hike the prices. My colleagues in this House the members of DMK have stated that this price rise is 'avoidable'. At a time when it had been stated that the price hike was 'inevitable', their own partners call it 'avoidable'. I would like to appreciate some of the alliance partners in the NDA who have truly represented the feelings and sentiments of the common people who are the worst hit. I would like to point out that this Budget in the millennium year presented by the Government that includes both the BJP and the DMK is a Budget that would adversely affect the poor and the people in the lower strata of the society. The price of these essential

*Original in Tamil.

commodities has been increased twice. Both before and after the Budget presentation the prices have been hiked. This is unprecedented. Sugar prices have been increased. Not only that. It would also be denied to the middle class, as they are income tax assessees. Those who pay income tax cannot get sugar from fair price shops. Instead, they would get a raw deal.

Some of the Hon. Members from the ruling alliance have stated that the quantity of rice and wheat distributed through PDS has been enhanced. It was announced that rice and wheat distributed to the poor would be doubled. It was announced that it would be 20 kgs from now on instead of 10 kgs so far given. While reading about that in newspapers we felt happy. It was heartening. But we were equally disheartened when we read that the prices for those commodities have also been doubled. The very purpose of providing more of quantity has been defeated by the move to double the prices in PDS. Those who could not buy even 10 kgs at a lesser rate will definitely find it difficult to buy the doubled quantity at double the price. At a rate of Rs 5.85 per kg such people may not be able to buy even 5 kgs of wheat. You have defeated the very purpose you want to cite as your defence argument.

The middle class people most of them working in Central and State Government offices and public sector undertakings constitute a good chunk of income tax payers. Such of them would now be penalised for paying regularly income tax. They would be denied sugar in PDS. Their only sin is that they have been paying income tax diligently. Middle class section of the society would now find it difficult to make both ends meet.

The price of urea and fertilisers have been increased by 15%. Already the prices of agricultural inputs have increased. The subsidy withdrawal on fertilizers and urea price hike is a further blow. Agriculturists have been demanding reasonable remunerative prices for their produce. Sugarcane growers demand Rs 1000/- per quintal. They have also been demanding supportive procurement price for rice and wheat. The Government must give a thought to it.

At the same time we must think of the plight of the agricultural labourers. Government must ensure that they are paid minimum wages. Suitable legislation has not been resorted to as yet. Both agriculturists and agricultural labourers are at the receiving end, receiving blows in the form of harsh measures and they are neglected. This august House has not found the ways and means to provide at least a cent of land to the landless agricultural labourers. In such a scenario where everyone in the agricultural sector is clamouring for relief, the retail price of urea has been enhanced by 15%. This is nothing but a serious blow to the farming community.

I was amazed to listen to the BJP members from Balassore. He raised a question as to whether Government servants are poor. He tried to say that they are well off of which fact is to the contrary. I do not know whom do they consider to be poor and who in their view are not poor. I think they have changed the yardstick to identify those who live below poverty line.

The price of petrol, kerosene and LPG were increased on March 22. That was the day when the US President Mr Bill Clinton addressed a function at the Central Hall of our Parliament. On that day several Standing Committees convened their meetings. The very same day the Standing Committee on Petroleum met at 1 o'clock in the afternoon. Neither its Chairman nor its members had any inkling about such a move to hike the prices of petroleum products including kerosene and LPG. During the midnight the price increase came into effect. Bill Clinton came. Petrol prices were increased. LPG prices were enhanced and poor man's fuel kerosene too faced hike in price. American President came to India and price increase was the prize given to the Indian public.

Even the Standing Committee was bypassed. No one attached to the Committee were informed of the price increase proposal. This is highly condemnable an act. Even the Parliamentary Standing Committee is relegated to be a non-entity. It is ignored to remain there for namesake. Agriculture Committee has also criticised the Government's move. Hence I urge upon the Government to take into consideration the feelings expressed by all concerned in this regard.

2044 HOURS (Mr. Speaker *in the Chair*)

Many of the Hon. Members have pointed out the withdrawal of subsidy. Even the member from Bihar Shri Prabhunath Singh who is part of the ruling alliance condemned it and demanded the continuation of subsidies. All the Ministers including the Hon. Railway Minister claim that they have resource crunch. We also agree. How to mobilise resources? There is a way out. As was pointed out by the Hon. Member from Bihar the money is there but it is elsewhere. When Mrs Gandhi was the Prime Minister, Justice Wanchoo Committee was set up to study the effect of black money. Even at that point of time it was estimated that the black money in circulation was about Rs 50,000 crores. This was 20 years ago. Now it could be one lakh to one and a half lakh crores. Likewise, we have crores of rupees of pending arrears from those who have borrowed from nationalised banks. Instead of taking effective steps to mobilise funds from the defaulters and illegal operators, the Government crushes the poor who are already crushed. It is anti-people a move to

withdraw subsidies aimed at benefitting the poor. During elections you promise people's Government and once you come to power you distance yourself from the people especially the poor.

I would like to point out that this Government is hitting hard the very same elite and educated middle class people and office goers without whose support base this Government would not have come to power. With the very same power they were provided with, they hit hard those who helped them to occupy power.

Already there is a long pending demand from the salaried class and middle class to increase the income tax ceiling. They were ignored on that count. Not only that, they have also been taken off from the list of PDS beneficiaries just because they pay income tax.

Some members pointed out there were many Governments that ignored the plea of these Government employees and salaried class in the last 5 decades. It could be true. It is also a fact that such Governments were changed by the people for their omissions. Then why do this Government would want to commit the same mistake. It is not justified to claim that you too will follow suit.

With all these I would like to impress upon the Government that it would be better you rescind the decision to increase the prices of the essential commodities. I also would like to urge upon the members of the NDA that they too, if they feel sincerely, must make the Government yield to their demand to consider their suggestions and withdraw the move to hike the prices.

With this I conclude. Thank you.

(ends)

(a5/2045/kmr/asa)

2047 hours

SHRI BIR SINGH MAHATO (PURULIA): Mr. Speaker, Sir, I associate myself with the views expressed by my colleagues in the Opposition, some NDA alliance partners like TDP, Trinamool Congress, BJD, JDU, and even some of the BJP friends who did not dare to speak in the Parliament but did speak outside the Parliament against price rise.

While presenting the Budget in the Lok Sabha on 29th February, the Finance Minister announced the increase in the prices of rice and wheat supplied through fair price shops. In effect, wheat is now available at the rate of Rs.9 a kilogram against Rs.6.82 a kilogram and rice is available at Rs.11.80 a kilogram against Rs.9 a kilogram for APL families. The BPL families would be charged Rs.4.20 a kilogram against Rs.2.50 a kilogram of wheat and Rs.5.90 a kilgram against Rs.3.50 a kilogram of rice.

Several State Governments, including Andhra Pradesh, Kerala, Tamil Nadu, and West Bengal, protested against the price rise. For BPL families the increase in the price of wheat has been about 65 per cent. For APL families increase in the price of wheat has been 23 per cent and that of rice is 26 per cent. Therefore, increase in the price will reduce substantially the real income of the millions of consumers. Increase in allocation to BPL households from 10 kilograms to 20 kilograms per family per month at 50 per cent economic price was overdue.

(b5/2050/vbr/sb)

But the cheap food will not reach the poor people because they would not have the money and the capacity to buy it.

Reduction of subsidy on kerosene by 33.3 per cent and LPG by 15 per cent would greatly affect the poor people.

Increase in the price of fertiliser will have a cascading effect in the long-term production and productivity and growth of agriculture.

Therefore, I would request the Government to call a meeting of the representatives of all the political parties and discuss the matter. The Government should finally see how far they could roll back the prices of essential commodities.

Thank you.

(ends)

2051 बजे

श्री सत्यव्रत चतुर्वेदी (खजुराहो) : महोदय, मैं समय की सीमा जानता हूं और मैं यह कोशिश करूंगा कि अपनी बात समय के अंदर ही समाप्त करूं। वे तमाम बातें, जो हमारे पूर्व वक्ताओं ने कही हैं मैं उन्हें दोहराने की कोशिश नहीं करूंगा। इस देश में जब सरकार बनी तो आम लोगों की यह धारणा थी कि यह सरकार कम से कम जमीन से जुड़े हुए आदमियों का जरूर ख्याल करेगी। यह धारणा सही थी या गलत थी, मैं इस बहस में नहीं जाना चाहता, लेकिन सरकार के सत्ता में आने के बाद दो काम इन्होंने शुरू किए। पहला यह कि जो गठबंधन की संस्कृति होती है, इन्होंने अपने कुछ निर्णयों से जाहिर कर दिया कि गठबंधन की संस्कृति से इनका दूर से भी कोई लेना-देना नहीं है। उस संस्कृति को यह समझते ही नहीं हैं। सत्ता में जरूर बैठे हैं, गठबंधन के जो अन्य दल हैं वे स्वाभाविक रूप से अपेक्षा करते हैं।...(व्यवधान)

महोदय, गठबंधन की सरकार से यह स्वाभाविक अपेक्षा होती है कि वह जब कोई महत्वपूर्ण निर्णय ले, कोई व्यापक प्रभाव डालने वाला निर्णय ले तो उस निर्णय को लेने के पहले जो गठबंधन के सहयोगी दल हैं, उन सबसे सलाह-मशविरा करना चाहिए। उन्हें अपने विश्वास में लेना चाहिए। लेकिन इस सरकार ने दो-तीन बार ऐसा निर्णय लिया है, बाद में सरकार को उस निर्णय से पीछे हटना पड़ा, क्योंकि उसने अपने गठबंधन के दलों को भी विश्वास में नहीं लिया। उसी तरह का सब्सिडी घटाने का एक तुगलकी फरमान हमारे वित्त मंत्री जी ने जारी कर दिया और वह सब्सिडी घटाने का सबसे अधिक प्रभाव किस पर पड़ा। उस वर्ग पर पड़ा जो सबसे गरीब, कमजोर वर्ग है और जिसे हर पिछली सरकार ने यह कोशिश की कि उसे संरक्षण मिले. सहयोग और सहायता मिले।

महोदय, इस सरकार ने अपने निकम्मेपन, निठ्ठलेपन और अपने नकारापन की सजा सबसे गरीब वर्ग के इस देश के करोड़ों लोगों को दी है। कीमतें किन चीजों की बढ़ाई गईं- मिट्टी का तेल, शक्कर, रासायनिक खाद, रसोई गैस और डीजल आदि सारी चीजों की कीमतें बढ़ाई हैं। ये किस के उपयोग की वस्तुएं हैं, क्या ये किसी करोड़पति, अरबपति के उपयोग की वस्तुएं हैं, व्यापारी वर्ग के उपयोग की वस्तुएं हैं, नौकरीपेशा वर्ग के उपयोग की वस्तुएं हैं। इसमें से कुछ डीजल या मिट्टी का तेल जैसी चीजें उपयोगी हो सकती हैं, सारी चीजें उस वर्ग के उपयोग की वस्तुएं हैं, जो वर्ग सबसे अधिक प्रभावित होता है, जब जरा सी भी कीमत बढ़ती है, क्योंकि उसे तो रोज कुंआ खोदना पडता है और रोज चुल्लू-चुल्लू पानी पीने का काम करना पड़ता है। उस वर्ग के ऊपर तो वह बोझ लादा गया, किन्तु जिस वर्ग पर बोझ नहीं लादा गया उसे देख लीजिए। टेलीविजन की कीमतों में कोई बढ़ोत्तरी नहीं हुई। कारों की कीमतों में कोई बढ़ोत्तरी नहीं होती।

(c5/2055/har/rsg)

आयात-निर्यात में भी तमाम प्रकार की छूटें किस वर्ग को दी जाती हैं? लाभ देने के जितने काम हैं ये उस वर्ग को जा रहे हैं जो संपन्न वर्ग है इस देश का, जिसकी आय और क्रय की क्षमता बढ़ी है उसको ये छूट दी जा रही हैं। लेकिन दूसरे वर्ग को जिन कारणों की वजह से लपेटा जा रहा है उसके दो कारण बताए जा रहे हैं। एक तो यह कि अन्तर्राट्रीय बाजार में पेट्रोलियम की कीमते बढ़ने के कारण इन कीमतों की वृद्धि की गयी और दूसरा यह कि देश की सरकार का बजट का जो घाटा हो रहा है इस घाटे को नियंत्रित करना है।

माननीय अध्यक्ष महोदय, मुझे बड़ा आश्चर्य होता है कि घाटे को नियंत्रित करने के लिए सरकार ने वे कोई उपाय नहीं किये जिनसे ये घाटा असरदार ढंग से नियंत्रित होता। मैं आपके सामने कुछ उदाहरण रखता हूं। बैंकों से लिए गये कर्जों की बकाया राशि है जो अदा नहीं किये गये हैं उनकी 58 हजार करोड़ रुपये की बकाया लोगों पर पड़ी है। इनमें से 90 प्रतिशत कर्जा बड़े-बड़े मिल-मालिकों और व्यापारियों के ऊपर पड़ा है। उनसे अगर इस कर्जे की उगाही होती तो यह 8-10 हजार करोड़ का घाटा पूरा करने के लिए गरीब पर बोझ नहीं डालना पड़ता। ...(व्यवधान) अगर जो हमने किया था वही करने के लिए आप यहां बैठे हैं तो आपको बहुत-बहुत बधाई है। अगर आप समझते हैं कि हमने गलत किया था तो उसे सुधारिये।

मैंने इसी लोक सभा में पूछा था कि प्रथम सौ घराने जो इस देश के हैं उनके ऊपर आयकर की कितनी राशि बकाया है। मुझे जो उत्तर मिला, उसमें यह है कि आज लगभग 52 हजार करोड़ रुपया उन सम्पन्न वर्गों के ऊपर आयकर के बकाया के रुप में चल रहा है। उसकी वसूली के लिए अगर आप कोई प्रावधान लाते तो हम आपको बधाई देते, आपको सहयोग देते और कहते कि इस वर्ग से पैसा वसूल कीजिए। लेकिन उस 52 हजार करोड़ रुपये की वसूली का आपने कोई प्रावधान नहीं किया।

सन् 1999-2000 में जो इन्होंने रैवेन्यू इकट्ठा करने का लक्ष्य रखा था उससे ये 4000 करोड़ रुपया आप उस लक्ष्य से पीछे हैं। यह आपकी कमी और कमजोरी है। आप उस लक्ष्य को प्राप्त नहीं कर सके और आप उन सारी चीजों का बोझ गरीब आदमी के ऊपर लादना चाहते हैं।

रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया जो लोन देती है उसमें से 90 प्रतिशत से ज्यादा कर्जा व्यापारी वर्ग और बड़े उद्योगपतियों को जाता है। अभी हमारे एनडीए के एक साथी बोल रहे थे कि बैंकों के द्वारा बीपीएल के लोगों को एक प्रतिशत से भी कम लोन दिया जा रहा है, साथ ही एक प्रतिशत ब्याज जो बैंक देता है वह घटाया जा रहा है। एक प्रतिशत ब्याज जो घटाया गया है वह किस वर्ग के फायदे में गया और इसका कितना बड़ा इम्प्लीकेशन होगा। सैंकड़ों करोड़ रुपये का इम्प्लीकेशन बैंक के ऊपर होगा। आप संपन्न वर्ग को सब कुछ लुटाइये, आप वसूली मत कीजिए, बैठे रहिये लेकिन जब बोझ बढ़े, घाटा बढ़े तो सरकार का साइज बढ़ाते जाइये। उत्तर प्रदेश में तो आपने रिकार्ड स्थापित कर दिया है। यह इतिहास का विाय रहेगा। आप 100-105 लोगों का मंत्रिमंडल बनाते जाइये और इन सारी चीजों का जो बोझ बढ़ रहा है गरीब आदमी से उसकी वसूली करने का काम किया जा रहा है।

(d5/2100/am-vb)

पी.ए.सी जो इस सदन की सर्वाधिक महत्वपूर्ण समिति है, मैंने उसकी रिपोर्ट पढ़ी। उसमें 39 करोड़ रुपए की राशि वसूल करने के लिए शासन को लिखा गया। वह रिपोर्ट इनके पास पड़ी है। उसने इस बात पर नाराजगी जाहिर की। उस पैसे को वसूल करने, जिम्मेदारी फिक्स करने और एकाउंटेबिल्टी फिक्स करने का इन्होंने अभी तक कोई प्रयास नहीं किया। अगर मैं पूरा हिसाब लगाऊं तो एक लाख 53 हजार करोड़ रुपया आपकी गफलत की वजह से पड़ा है। यदि आप चाहते और आपकी इच्छा शक्ति होती तो आप उसे वसूल करते। अगर यह वसूल होता तो मिट्टी के तेल, गैस और खाद के दाम बढ़ाने नहीं पड़ते। आप जिस आठ हजार करोड़ रुपए की बचत करना चाहते हैं, उसकी बजाय एक लाख 53 हजार करोड़ रुपए की बचत कर सकते थे। आपके सामने यह अवसर था। लेकिन आपकी नीतियों के कारण ऐसा नहीं हो सका। इसके दो कराण हो सकते हैं। या तो आप स्वीकार करें कि यह आपका निठल्लापन है, आपके पास इच्छा शक्ति नहीं है। या आप स्वीकार करें कि आपकी उस वर्ग से मिलीभगत है, जो चुनाव में खर्चा देता है। वह व्यापारी वर्ग, वह बड़ा वर्ग जो पूंजिपति वर्ग है, जो सरमायेदार है आप उस वर्ग की सरकार का प्रतिनिधित्व करते हैं इसलिए यदि सबसे ज्यादा किसी की हड्डी से रस निचोड़ना चाहते हैं तो गरीब की हड्डी से निकालना चाहते हैं।

यहां किसान की बात करने वाले बहुत लोग हैं। आप जो समर्थन मूल्य तय करते हैं क्या कभी इस बात को ध्यान में लिया कि उसकी जो लागत मूल्य है, जिन वस्तुओं को वह खर्च करता है और जब उसे खेती करनी पड़ती है जैसे मजदूरी बढ़ गई, रासायनिक खाद की कीमत बढ़ गई, बिजली, सिंचाई की दरें भी बढ़ी, वे कहीं ड्योढ़ी कहीं तिगुनी हो गईं। पेस्टिसाइट्स इनसैक्टिसाइट्स की कीमतें मानमाने तौर पर बढ़ रही हैं। इन पर कोई नियंत्रण नहीं है। ट्रैक्टर और सिंचाई के पंप की कीमतों पर

कोई नियंत्रण नहीं है। आपका मुर्गी, गाय और भैंस के दाने की कीमतों पर कोई नियंत्रण नहीं है। फैक्ट्री वाले चाहे मनमाने ढंग से बढ़ाते जाएं। इस तरफ नियंत्रण करने का कोई उपाय नहीं किया। इनकी लागत बढ़ती जा रही है। दूसरी तरफ समर्थन मूल्य और लागत मूल्य के बीच कोई संतुलन नहीं किया गया। नतीजा यह हो रहा है कि जो ग्राणीण अंचल है, जो देश की आधारशिला है, वह धीरे-धीरे कमजोर हो रही है। उसकी क्रय शक्ति कमजोर हो रही है। अगर इस देश के गांव कमजोर हुए मैं नहीं समझता कि कोई सरकार कभी यह कल्पना भी कर सके कि गांव कमजोर हो जाए और देश मजबूत हो जाए। अगर आप ऐसी कोई मजबूती दिखाना चाहते हैं तो वह खोखली मजबूती है। इसलिए मैं आपको आगाह करना चाहता हूं। राजनीतिक रूप से हम चाहे जहां हो, भूख की कोई राजनीति नहीं होती। उसका कोई रंग नहीं होता। भूख न भाजपाई होती है, न कांग्रेसी होती है और न ही कम्यूनिस्ट होती है, भूख सिर्फ भूख होती है। वह शख्स जिसने आपको वोट दिया हो, आपको यहां सत्ता में लाने का काम किया हो, यदि उसके प्रयोग में आने वाले मिट्टी के तेल और दूसरी चीजों की कीमतों में बढ़ोत्तरी होगी तो वह सबसे ज्यादा प्रभावित होगा। हम इस पाखंड से बाज आएं। मैं विशो रूप से उन लोगों को आगाह करना चाहता हूं जो एन.डी.ए. में हैं, वे एक तरफ कहते हैं कि इनकी कीमतें घटनी चाहिए और दूसरी तरफ कहते हैं कि हम इस सरकार को समर्थन भी देंगे। आप दो में से एक बात करिए। आप एक तरफ उस पाप का भागीदार नहीं बनना चाहते हैं, सत्ता में रहने का नुकसान नहीं लेना चाहते हैं, वहां अलग खड़े हो जाते हैं, और कहते हैं कि हम इसके पक्ष में नहीं हैं, यह घटाना चाहिए, यह रोल बैक करना चाहिए और दूसरी तरफ सत्ता में रहने का सवाल आता है तो सरकार गिरने न पाए, इसलिए समर्थन भी देना चाहते हैं।

(e5/2105/skb-rbn)

यह हिपोक्रेसी है, यह डैमोक्रेसी नहीं है, जनता इसे अभी बहुत दिनों तक बर्दाश्त नहीं करेगी। अंत में एक बात जरूर कहूंगा कि इसके अलावा और कोई दूसरा विकल्प नहीं। यदि आपने समय रहते इन गरीबों और किसानों की आवाज को नहीं सुना, कीमतें वापस नहीं ली तो एक बड़ा भारी जनांदोलन गांवों में उठकर खड़ा हो जायेगा और तब न कुर्सी रह पायेगी, न सत्ता रह जायेगी, न ताज रह पायेगा और न तख्त रह जायेगा।

अध्यक्ष महोदय, आपने मुझे बोलने का समय दिया, उसके लिये धन्यवाद।

(इति)

2106 बजे

कुंवर अखिलेश सिंह (महाराजगंज उ.प्र.); अध्यक्ष महोदय, आपने मूल्य वृद्धि पर चर्चा में भाग लेने के लिये अनुमति दी, उसके लिये धन्यवाद।

जब से यह सरकार दूसरी बार सत्ता में आई है, इस सरकार का एक ही काम रह गया है कि आवश्यक वस्तुओं के मूल्य में वृद्धि करना। अभी इस सरकार ने शपथ ग्रहण नहीं की थी, रातों-रात डीजल के मूल्यों मे भारी वृद्धि करके देश के सम्पूर्ण जनमानस को हिला देने का काम किया और तब से लेकर आज तक लगातार, चाहे डीजल हो, चाहे पेट्रोल हो, चाहे रसोई गैस हो या खाद हो, चीनी मूल्य हो या खाद्यान्नों में सबसिडी का सवाल हो, यह वृद्धि का सिलसिला लगातार जारी रख रही है। पता नहीं सत्ता में बैठे हुये लोगों को आम जनता के गुस्से का अहसास कब होगा। मैं एक बात निश्चित रूप से कहना चाहता हूं कि चाहे इसमें सत्ता पक्ष के लोग हों या विपक्ष के लोग हों, 95 प्रतिशत लोग अपने दिल पर हाथ रखकर कहेंगे कि इस मूल्य वृद्धि को उचित ठहराने का कार्य नहीं करेंगे। माननीय खाद्य मंत्री ने गेहूं का समर्थन मूल्य 580 रुपये क्विंटल निर्धारित किया है और जब वह गेहूं आम जनता के बीच जायेगा तो यह 900 रुपये क्विंटल लेगी। डीजल और मिट्टी के तेल के मूल्यों मे वृद्धि की मार किसानों पर पड़ी है। अभी सत्ता पक्ष के समर्थित सदस्य मिट्टी के तेल मूल्य वृद्धि को जायज ठहरा रहे थे जिसे मैं उचित नहीं समझता। मिट्टी का तेल गरीबों की रोशनी है। जब आज हम गांवों में बिजली नहीं दे पाये हैं तो गरीबों की झोंपड़ी में रोशनी का सहारा मिट्टी का तेल ही है। बाढ़ के दिनों में जब बिजली की लाइन काट दी जाती है तो मिट्टी के तेल से रोशनी करके जहरीले कीड़ों से अपने परिवार की सुरक्षा का काम करते हैं। यह सही है कि गरीबों को मिट्टी का तेल महंगा मिलता है लेकिन हमारे प्रभाव का इस्तेमाल करते हुये हम राजनैतिक लोग बहुत बड़ी संख्या में लोगों को वाजिब दाम पर मिट्टी का तेल दिलाने का काम करते हैं। आज मिट्टी का तेल बड़े पैमाने पर ब्लैक में बेच दिया जाता है। इस प्रकार मिट्टी के तेल के मूल्य में वृद्धि करना उचित नहीं है। आज लकड़ी जलाकर खाना बनाना मंहगा है जबकि रसोई गैस पर खाना पकाना सस्ता है। शहर में रहने वाले हो या देहात में रहने वाले हों लकड़ी कहां मिल रही है? आज पर्यावरण का खतरा मंडराता चला जा रहा है। आज कृा क्षेत्र में सबसिडी कम की जा रही है। यह

आपका आर्थिक दबाव है, इसलिये आप सबसिडी खत्म करते चले जा रहे हैं लेकिन मेरी यह निश्चित मान्यता है कि अमरीका द्वारा संचालित आई.एम.एफ. और विश्व बैंक के दबाव से कृिा क्षेत्र की सबसिडी घटाते चले जा रहे हैं। जिस अमरीका ने अपने राज्य में 250 प्रतिशत कृिा क्षेत्र में सबसिडी दी हो, उसी अमरीका के इशारे पर आप सबसिडी को समाप्त करके किसानों को मार डालना चाहते हैं। आज आप कहते हैं कि देश के सामने आर्थिक संकट है। हम जानते हैं कि इस सरकार के कार्यक्रम और कार्यान्वयन मंत्री श्री अरुण शौरी के पूर्व में लिखे गये लेखों को पढ़िये और उनसे पूछिये तो बतायेंगे कि कितनी फिजूलखर्ची या सरकार या जितनी भी सरकारें कर रही है, वे खर्च करती रही हैं। आज अधिकारियों के पास गाड़ियों का लम्बा बेड़ा है कि कितना प्रशासनिक मद में फिजूलखर्ची कर रहे हैं। यदि यह फिजूलखर्ची 50 प्रतिशत भी अंकुश में आ जाये तो इस देश का 10 हजार करोड़ रुपया बच सकता है। आज निर्माण कार्यों में लूट हो रही है, उन कार्यो पर रोक लगनी चाहिये। इससे दो हजार करोड़ रुपया मिल जायेगा। यदि आप रुपया बचाना चाहते हैं तो फिजूलखर्ची पर रोक लगायें। यदि आप आम आदमी के हितों पर कुठाराघात करके देश की अर्थ व्यवस्था मजबूत करना चाहते हैं तो आप मुगालते में हैं।

(f5/2110/bks-rk)

आप भ्रम की स्थिति में हैं। हम आपसे बड़ी विनम्रतापूर्वक कहना चाहते हैं कि नौकरशाही के चंगुल से उबरिये और आम जनता को देखिये और आम जनता के नजरिये से इस देश को चलाने की कोशिश करिये। अगर नौकरशाही के नजरिये से इस देश को चलाने की कोशिश करेंगे तो मैं समझता हूं कि ज्यादा दिनों तक यह कुर्सी आपको नसीब नहीं होगी। हम मानते हैं कि आज आपका इस सदन के अंदर बहुमत है। लेकिन जब आपकी गलत नीतियों के कारण जनता विद्रोह के रास्ते पर सड़कों पर आयेगी तो न आपके एम.पी. दिखायी देंगे और न हम दिखायी देंगे और ये सारे लोग दिखायी नहीं देगे। आज संसदीय जनतंत्र के अंदर जनता का जो विश्वास है, उस विश्वास को टूटने मत दीजिए। आज मूल्य वृद्धि को उस चरमोत्कर्ा पर मत ले जाइये जब जन ि वद्रोह की स्थिति पैदा हो जाए। अगर देश के अंदर जन विद्रोह की स्थिति पैदा हो जायेगी तो संसदीय जनतंत्र से लोगों का विश वास टूट जायेगा। इसलिए मैं बड़े ही अदब के साथ कहना चाहता हूं कि आज देश की गरीब जनता के हित में, किसान के हित में और देश के हित में इस मूल्य वृद्धि को वापस लीजिए। इन्हीं शब्दों के साथ मैं अपनी बात समाप्त करता हूं। धन्यवाद।

(इति)

2111 बजे

श्री किशन सिंह सांवगान (सोनीपत) : अध्यक्ष महोदय, धन्यवाद। महोदय, सारा सदन कई घंटे से लगातार आवश्यक वस्तुओं की मूल्य वृद्धि पर चर्चा कर रहा है और इसका देश में बड़ा प्रचार भी हो रहा है। स्वाभाविक है कि जब भी कोई सरकार किसी भी वर्ग के लोगो पर कोई टैक्स लगाती है, किसी आइटम में मूल्यवृध्दि करती है तो उस वर्ग के लोगों की प्रतिक्रिया होती है। दूसरी ओर जो विरोधी दल होते हैं वे उसका राजनीतिक लाभ उठाते हैं और आलोचना भी करते हैं। कोई पहली बार मूल्य वृद्धि नहीं हो रही है, लगातार, हर बार सरकारो में यह मूल्यवृद्धि होती रही है। लेकिन इसकी अब ज्यादा आलोचना क्यों हो रही है उसका कारण यह है कि पहले किसी एक आइटम में मूल्य वृद्धि होती थी। कभी एक की हो गई, कभी दूसरे की हो गई, कभी तीसरे की हो गई और यह दो-चार-छह महीने के गैप में होती थी। अब इत्तेफाक से ऐसा हुआ है कि कई चीजों मे एक साथ ही मूल्य वृद्धि हो गई है। इसलिए इसका रीएक्शन ज्यादा है। किसी मरीज को यदि इंसान का टीका लग जाए तो वह बर्दाश्त कर लेता है। लेकिन अगर उसे पशुओं का टीका लग जाए तो वह ज्यादा चिल्लाता है। क्योंकि कई आइटमों के मूल्य में वृद्धि हो गई है, इसलिए उसका ज्यादा रीएक्शन है।

इसमें कोई दो राय नहीं है कि आज हमारे देश की अर्थव्यवस्था काफी खराब हो चुकी है और यह सब कांग्रेस पार्टी की देन है। आज कांग्रेस के लोग चिल्ला रहे हैं कि मूल्य वृद्धि हो गई है। लेकिन सारी अर्थव्यवस्था को खराब करने की जिम्मेदार कांग्रेस पार्टी है। इन्होंने इस देश में 50 वी तक राज किया है। देश पर जितना भी कर्जा है वह कांग्रेस पार्टी की बदौलत है। उसका मिसयूटीलाइजेशन हुआ है। आज हमारा देश इतना कर्जदार है कि इस देश में जो भी बच्चा पैदा होता है वह आठ हजार रुपये कर्ज लेकर पैदा होता है। इसके लिए कौन जिम्मेदार है। एक तरफ हम जब जनता में जाते हैं तो जनता की तकलीफ नजर आती है,

किसान रोता है, गरीब रोता है। जब हम देश को देखते हैं, देश की अर्थव्यवस्था को देखते हैं तो हमें देश नजर आता है। जब हम एक तराजू में तौलते हैं कि क्या होना चाहिए तो पाते हैं कि देश सबसे बडी चीज है, देश बचेगा तो हम बचेंगे, वरना कुछ बचने वाला नहीं है। इसलिए अर्थव्यवस्था को सुधारने का जो प्रयास किया जा रहा है, इसकी हम सराहना करते हैं, लेकिन जहां-जहां ि वशो तौर पर किसान और गरीब लोगों की जो हालत है, वह बहुत दयनीय है। कई सालों से लगातार किसान आत्मदाह पर मजबूर हैं। कर्ज के नीचे दबे हुए हैं। एक किसान के ऊपर प्रति एकड़ 1750 रुपये का कर्ज है, इतने कर्ज में किसान दबा हुआ है। जब भी कोई रेट बढ़ता है, टैक्स लगता है या किसी चीज की सब्सिडी कम होती है, तो छुरी खरबूजे पर गिरे या खरबूजा छुरी पर गिरे, कटता खरबूजा ही है। किसान हर बार कटता है, फ्लड आये तो मरता है, सूखा पड़े तो मरता है। खाद की सब्सिडी जो कम की गई है इससे किसान की हालत बहुत बुरी हुई है।

(g5/2115/rpm/rc)

अध्यक्ष महोदय, परसों जब प्रधान मंत्री जी राट्रपति के अभिभााण पर हुई बहस का उत्तर दे रहे थे तब उन्होंने बताया कि खाद पर दी जा रही सबसिडी उद्योगपतियों को जा रही है और उससे किसानों का कोई फायदा नहीं हो रहा है। किसानों के नाम से सबसिडी का लाभ उद्योगपति उठा रहे हैं, यह सत्य है। इसलिए सबसिडी बन्द होनी चाहिए। जो लागत मूल्य तय करने वाली समिति है उसकी सिफारिश के अनुसार जो उद्योग 90 प्रतिशत उत्पादन करता है उसे 100 प्रतिशत के हिसाब से सबसिडी दी जाती है और देश के उद्योग तो पहले 100 की बजाय 120 प्रतिशत उत्पादन कर रहे हैं। इस प्रकार से 30 परसेंट उत्पादन ज्यादा कर के वे ज्यादा सबसिडी का लाभ तो पहले ही उठा रहे हैं। अत: किसानों के नाम से सबसिडी का लाभ उद्योगपति ही ले रहे हैं।

अध्यक्ष महोदय, पिछले साल 12वीं लोक सभा में जब इस मुद्दे पर बहस हुई थी, तब भी मैंने कहा था कि खाद पर दी जाने वाली सबसिडी बन्द होनी चाहिए क्योंकि वह किसानों के नाम पर दी जाती है और किसान को उसका कोई फायदा नहीं मिलता, बल्कि उसका फायदा उद्योगपति उठा रहे हैं, लेकिन इसके साथ-साथ किसान के नाम से दी जाने वाली कुल सबसिडी का आधा भाग यदि किसान को नकद दे दिया जाए, तो इससे उसका बहुत भला होगा। आज विदेश से जो खाद आ रही है और देश में जो खाद पैदा हो रही है, उनके दामों में कोई अन्तर नहीं है। इससे आप स्वयं अनुमान लगा लीजिए के देश के उद्योगपति अपने कारखानों में कास्ट आफ प्रोडक्शन किस प्रकार से बढ़ा कर बताते हैं। बाहर से आने वाली खाद पर ट्रांसपोर्टेशन लगने के बाद देश में उसी कीमत पर बिक रही है। इसका एक ही उदाहरण मैं देना चाहता हूं कि कोआपरेटिव सैक्टर में इफको और कृभको की खाद की कास्ट आफ प्रोडक्शन क्या पड़ती है और प्राइवेट खाद कारखाने की कास्ट आफ प्रोडक्शन क्या पड़ती है। इसका सीधा मतलब यह है कि बेइमानी से कास्ट आफ प्रोडक्शन ज्यादा दिखा कर उद्योगपति ज्यादा सबसिडी हथिया रहे हैं। यह सब कांग्रेस सरकार की बनाई हुई नीतियों और उसके कारण हो रहा है। इसलिए मैं कहना चाहता हूं कि सबसिडी खत्म की जाए और जितनी सबसिडी खत्म की जाए उसका 50 प्रतिशत किसान को नकद दे दिया जाए, तो किसान को उसका सीधा लाभ पहुंचेगा।

अध्यक्ष महोदय, मैं एक और बात की ओर सरकार का ध्यान दिलाना चाहता हूं और वह यह है कि जब किसान का अनाज कटकर बाजार में आ जाता है, तब उसके दाम निश्चित किए जाते हैं। यह नीति बिलकुल ठीक नहीं है। मैं चाहता हूं कि जब किसान अनाज बोना शुरू करे तभी उसकी घोाणा करनी चाहिए ताकि वह उसके अनुसार बुआई कर सके। पिछले अनेक वाों से कांग्रेस के लोग किसान की मजबूरी का फायदा उठाते रहे हैं। इसका मैं एक ही उदाहरण देना चाहता हूं। पिछले वाों का इतिहास देख लीजिए, कांग्रेस के समय में कभी एक रुपया, कभी दो रुपए या पांच रुपए किसान की उपज की कीमत बढ़ाई गई, लेकिन पिछले वा अटल बिहारी वाजपेयी जी की सरकार ने 90 रुपए प्रति क्विंटल की दर से गेहूं के दाम बढ़ाए और इस वा भी 25 रुपए प्रति क्विंटल दाम बढ़ाकर दिए हैं। इससे स्पट होता है कि यही सरकार किसानों की रक्षा करेगी और इसे किसानों की रक्षा करनी भी चाहिए। यदि किसानों की रक्षा नहीं की जाएगी तो इस देश में कोई सरकार नहीं टिकेगी क्योंकि हमारा देश कृाि प्रधान देश है और इस देश में 80 प्रतिशत किसान हैं। जब किसान बचेगा, तभी देश बचेगा। यदि किसान नहीं बचेगा, तो देश नहीं बचेगा।

अध्यक्ष महोदय, माननीय मंत्री शान्ता कुमार जी बैठे हैं। गेहूं और चावल के मूल्य बढ़ाए हैं हालांकि इन्होंने 2200 करोड़ रुपए का फायदा किया है, लेकिन जो प्रचार किया जा रहा है वह विपरीत किया जा रहा है। पब्लिक को असलियत नहीं बताई जा रही है बल्कि उल्टा प्रचार किया जा रहा है कि कीमत बढ़ा दी गई हैं। वे अपने भााण में इस बात को स्पट करेंगे और जब जनता में असली बात चली जाएगी, तो क्रिटिसिज्म बन्द हो जाएगा।

अध्यक्ष महोदय, मैं अन्त में आपके माध्यम से देश के गरीबों, किसानों के ऊपर जो बढ़े हुए दामों का असर पड़ रहा है, उसके बारे में सरकार से विचार करने का अनुरोध करता हूं और उन्हें राहत देने की अपील करता हूं। इतना कहकर मैं अपनी बात समाप्त करता हूं और आपका शुक्रिया अदा करता हूं। धन्यवाद।

(इति)

श्री सुरेश रामाराव जाधव (परभनी): सर, दो-दो मिनट सबको दे दीजिए। बोलने का मौका तो मिलना चाहिए। हमारी पार्टी का तो सिर्फ एक ही सांसद बोला है।...(व्यवधान)

MR. SPEAKER: Hon. Members, time allotted for the discussion on this subject was two hours. You have already taken seven hours and 30 Members have already spoken.

SHRI MANI SHANKAR AIYAR (MAYILADUTURAI): Sir, it is a very important subject.

MR. SPEAKER: That is why, so much time has been given.

श्री रामदास आठवले (पंढरपुर) : अध्यक्ष महोदय, मूल्यों में जो वृद्धि हुई है, उसके बारे में रोज चर्चा चल रही है। सरकार का कहना है कि देश को बचाने के लिए हमने महंगाई बढ़ाई है। जिन गरीबों के वोटों पर यह सरकार सत्ता में आयी है, उन गरीबों के बारे में भी सरकार को कुछ सोचना चाहिए मगर सरकार सत्ता में आने के बाद कुछ भी सोच नहीं रही है, यह एक गंभीर बात है। मेरा कहना है कि अगर आप मूल्यों में पांच-दस प्रतिशत बढ़ा देते तो वह ठीक था मगर आपने गेहूं के दामों में काफी वृद्धि की है। पहले गेहूं का दाम 5 रुपये 82 पैसे पर के.जी. था परन्तु अब आपने 9 रुपये 50 पैसे कर दिया है। इसी तरह चावल के दाम पहले 7 रुपये 55 पैसे थे परन्तु अब 12 रुपये 30 पैसे कर दिये हैं। इस तरह आपने 4 रुपये 85 पैसे एकदम बढ़ाने का काम इस सरकार ने किया है।

2121 बजे (उपाध्यक्ष महोदय पीठासीन हुए)

इस तरह सरकार ने गरीब आदमी की गरीबी बढ़ाने का काम किया है।

गरीबों की गरीबी हटाना, तुम्हारा काम नहीं है,

अमीरों की अमीरी बढ़ाना ही तुम्हारा काम है।

सरकार ज्यादा दिन चलाना भी तुम्हारा काम नहीं है,

महंगाई को बढ़ाना ही तुम्हारा काम है।

मेरा कहना यह है कि आप लोगों ने बहुत महंगाई बढ़ाई है। आप कह रहे हैं कि कांग्रेस ने 50 साल में ऐसा किया, वैसा किया जबकि दो साल में आपने 50 साल से ज्यादा महंगाई बढ़ाई है। आपने महंगाई एकदम बढ़ा दी है। यदि देश को बचाते-बचाते यहा के लोगों को आप खत्म करने की कोशिश करेंगे तो यह जनता आपको आने वाले चुनावों में, वह चुनाव कब आता है, मालूम नहीं है, मगर उस वक्त आपको खत्म करने वाली है।

श्री शांता कुमार जी शांत मंत्री हैं, अच्छे मंत्री हैं। मगर खाली मंत्री अच्छे होने से कुछ होने वाला नहीं है। इनको निर्णय लेने की आवश्यकता है। इसी तरह प्रमोद महाजन जी महाराट्र के हैं। आपको अच्छा अनुभव भी है। मेरा कहना है कि आप शांता कुमार जी को ज्यादा शांत करने का प्रयत्न करे., मतलब उनको निर्णय में आपको सहयोग करने की आवश्यकता है। मेरा निवेदन यह है कि इस बढ़ी हुई महंगाई को कम करने के लिए सरकार को सोचना चाहिए और आपको इस बारे में एनाउंस करना है। आपकी जो भी मित्र पार्टियां है, वे भी महंगाई का विरोध कर रही हैं। यह बात अच्छी है कि अगर वे महंगाई के इश्यू पर विरोध नहीं करेंगे तो वे मैम्बर बाद में चुनकर आने वाले नहीं हैं, यह इनको मालूम है। इसलिए यह हाउस में महंगाई का विरोध कर रहे हैं और बता रहे हैं कि हम वैसे तो सरकार को सपोर्ट कर रहे हैं। ...(व्यवधान)

उपाध्यक्ष महोदय : आप महंगाई कम करने के लिए कुछ सुझाव ही दे दीजिए।

श्री रामदास आठवले (पंढरपुर) : जब हम सत्ता में आयेंगे तब हम महंगाई कम करने के लिए सुझाव देंगे। आर.के. पुरम. में सुधा भारती नाम की एक औरत रहती है। उसका कहना है कि प्याज के दाम बढ़ाने की वजह से दिल्ली की बी.जे.पी. सरकार चली गयी, उसी तरह अगर यह सरकार महंगाई कम नही करेगी तो जिस तरह दिल्ली की सरकार गई है, उसी तरह केन्द्र से भी इनकी सरकार चली जायेगी। मेरा कहना है कि इस संबंध में लोगों में काफी रोा है। आप लोगों को लगता होगा कि हम इस देश की इकोनोमी को सुधारने के लिए ऐसा कर रहे हैं पर जिन लोगों ने आपको वोट दिया है, उनमें से 85 परसेंट से ज्यादा लोग आपसे नाराज हैं। अतः महंगाई कम करने का जो निर्णय है, वह सरकार को लेना चाहिए।

आपने पेट्रोल के दाम 13 पैसे और डीजल के 52 पैसे बढ़ा दिये हैं। रसोई गैस के भी दाम आपने बढ़ा दिये हैं। दिल्ली में पहले गैस का मूल्य 151.60 पैसे था परन्तु अब वह 196.35 पैसे है।

(j5/2125/mkg/ru)

इसका मतलब 44.75 रुपये की बढ़ोतरी दिल्ली में गैस सिलेण्डर के ऊपर हुई है। कलकत्ता में पहले इसका मूल्य 170.20 रुपये था, मगर आपने इसको बढ़ाकर 222.45 रुपये किया है, इसका मतलब 51.25 रुपये आपने इस पर बढ़ाये हैं। मुम्बई में यह 153.20 रुपये था, इसे बढ़ाकर आपने 198.80 रुपये किया है, इसका मतलब 45.60 रुपये आपने इस पर बढ़ाये हैं। चेन्नई में यह 155.35 रुपये एक सिलेण्डर का मूल्य था, इसे आपने बढ़ाकर 202.25 रुपये किया है, इसका मतलब 46.90 रुपये इसका भाव आपने बढ़ाया है। उसके साथ-साथ कैरोसीन के भाव दिल्ली में 2.67 रुपये प्रति लीटर थे, इसे आपने एकदम बढ़ाकर 5.46 रुपये किया है, इसका मतलब 2.79 रुपये इसका मूल्य आपने बढ़ाया है, मतलब 50 परसेंट इसका मूल्य आपने बढ़ाया है। कलकत्ता में यह तीन रुपये था, उसे आपने 5.87 रुपये किया है, इसका मतलब 2.87 रुपये आपने मूल्य बढ़ाया है, इसका मतलब 49 परसेंट से भी ऊपर आपने इसे बढ़ाया है। मुम्बई में यह पहले 2.75 रुपये था, उसे आपने बढ़ाकर 5.57 रुपये किया है, इसमें 2.82 रुपये, मतलब 50 परसेंट से भी ज्यादा आपने बढ़ोतरी की है। चेन्नई में यह 2.80 रुपये था, अभी आपने 5.64 रुपये किया है, इसका मतलब 2.84 रुपये, यानी 50 परसेंट से भी ज्यादा बढ़ाया है। एकदम इतनी महंगाई बढ़ाने का काम इस सरकार ने किया है। मैं सरकार को चेतावनी देना चाहता हूं कि अगर आपको पांच साल राज करना है तो जल्दी से जल्दी इस महंगाई को कम करो, नहीं तो बीच में ही चुनाव आ जायेगा। लेकिन बीच में चुनाव नहीं आना चाहिए, क्योंकि इतनी महंगाई पहले ही बढ़ गई है, फिर चुनाव कराने के लिए और भी पैसा लगने वाला है, इसलिए जल्दी चुनाव नहीं आना चाहिए। मगर हम आप लोगों को बताना चाहते हैं, जो लोग आपकी मित्र पार्टियां हैं, जो इनको सपोर्ट कर रही हैं, उनको भी हम चेतावनी देना चाहते हैं कि आप लोगों को वहां ज्यादा दिन रहना ठीक नहीं है, नहीं तो और भी ज्यादा महंगाई बढ़ने वाली है। इसलिए आप लोगों को भी इस पर विचार करने की आवश्यकता है। आप लोगों को इस सरकार से सपोर्ट निकालनी चाहिए। इतनी महंगाई, एकदम से 50 परसेंट से ज्यादा बढ़ाने वाली यह सरकार है। टी.डी.पी. को भी हम बताना चाहतेहैं कि आपकी सरकार उधर तो अच्छी है, मगर इधर की सरकार उतनी अच्छी नहीं है। इसलिए आपको भी इस बारे में विचार करने की आवश्यकता है। मैं तो इस पर कोई ज्यादा पोलिटिकिल बात नहीं करना चाहता, लेकिन आपको इस पर गम्भीरतापूर्वक विचार करने की आवश्यकता है। महंगाई कम करने के बारे में प्रमोद महाजन जी मंत्री महोदय को बताओ, आप सब लोग भी बताओ, नहीं तो ये कोई सुनने वाले नहीं हैं। हम सब लोगों को मिलकर इस सरकार को बताना चाहिए। जब तक हम इनको नहीं बताएंगे, इस सरकार को जब तक हम ठिकाने पर नहीं लाते हैं, तब तक मंत्रिमंडल निर्णय लेने वाला नहीं है, इसलिए हम सब लोग मिलकर सरकार को बताना चाहते हैं कि देश को अगर बचाना है तो यहां के आदमी को बचाना होगा। यहां के आदमी को मारकर आप लोग अगर इस देश को बचाना चाहते हो तो हम भी तुमको नहीं बचाएंगे और यहां की जनता भी आपको नहीं बचाने वाली है इसलिए महंगाई को कम करिये। आप उनको आदेश दीजिए, आज ही यहां एनाउंसमेंट करने की आवश्यकता है, मेरा निवेदन इतना ही है।

उपाध्यक्ष महोदय : रामदास जी, अब तो समाप्त कीजिए।

श्री रामदास आठवले (पंढरपुर) : मैं समाप्त तो करूंगा, लेकिन जब तक महंगाई कम नहीं होती है, तब तक मैं अपना भााण बन्द करने वाला नही हूं। अगर मंत्री जी महंगाई कम करने का वायदा करते हैं तो मैं अपना भााण बन्द करूंगा।

उपाध्यक्ष महोदय : पार्लियामेंटरी अफेयर्स मिनिस्टर को वायदा देना है।

श्री रामदास आठवले (पंढरपुर) : मंत्री महोदय बोलिये। मैं निवेदन करना चाहता हूं कि इसके बारे में आप जल्दी से जल्दी निर्णय लीजिए। आप भी उनको आदेश दीजिए, आप भी उनको बताइये। मैं भााण समाप्त करता हूं, लेकिन आप मुझे खत्म मत करिये।

मुझे खत्म नहीं करना है, इस महंगाई को खत्म करने की आवश्यकता है। मैं इतना ही निवेदन करता हूं कि महंगाई को कम करो।

(इति)

2129. hours

SHRI K. YERRANNAIDU (SRIKAKULAM): Hon. Deputy-Speaker Sir, I am fully endorsing the views expressed by my friends from the DMK, JD(U), Samata Party, the Trinamul Congress and others.

SHRI MANI SHANKAR AIYAR (MAYILADUTURAI): And us also. We are on the same side as you are.

SHRI K. YERRANNAIDU (SRIKAKULAM): But your aspirations are different and our aspirations are different.

Sir, at this juncture, subsidy is the need of the hour.

(K5/2130/brv-jr)

That is our Party's policy. In our country, thirty-five crore people live below the poverty line. Professor Lakarawala categorically said that an average thirty-five per cent people live below the poverty line. After fifty-two years of Independence, we have not removed the poverty level. Under the Constitution of India, it is the responsibility of the State to provide food, shelter and clothing, which are the basic minimum needs, to the common man.

Sir, the Government of India has taken a decision to reduce the food subsidy, the fertilizer subsidy and it has increased the prices of kerosene and cooking gas. Kerosene is an essential commodity for the poor man. I was a Minister in the United Front Government. Even the United Front Government and the Congress Government had not taken any decision in this matter. There was no increase in the price of kerosene. This time, the increase is 125 per cent. But the Government has categorically said that it is the need of the hour because there is a large gap between the actual price and the price at which we are giving these things to the common man. It has given examples of other countries. To some extent, it is all right. But how can the poor man accept the hike of 125 per cent at a stretch? So, my Chief Minister has already written a letter particularly on kerosene and cooking gas saying that it should reduce the price to a reasonable level. We are not asking for a complete rollback on kerosene and cooking gas. We are asking for reconsideration of the price hike in respect of the items sold through the TPDS.

In this country, there is no protection available to farmers. Everywhere we are witnessing suicide deaths. Now the country is witnessing the drought. The magnitude of drought is increasing day by day. The Government has taken a decision to supply 20 kgs. of foodgrains instead of 10 kgs. I am putting a straight question to the Government. Without increasing the purchasing power of the common man, how can he buy 20 kgs. rice? Take the States like Rajasthan, Gujarat, Andhra Pradesh, a part of Madhya Pradesh and so many areas in this country which are facing a severe drought. People are migrating. So, without work, where is the money to purchase? All the rice supplied through the TPDS ultimately goes to the blackmarket. The middlemen will benefit. So, the

poor man is not responsible for this. My point is that the subsidy should reach the common man. It is the duty of the Government to create infrastructure.

In Andhra Pradesh, we have established a fool-proof system. In the year 1982, we introduced the card system to the common man. We have removed 19 lakh bogus cards. Still, some more bogus cards are there. We cannot achieve hundred per cent results. So, in this country, subsidies are required. In the name of establishing fertilizer plants, they are getting the money. But that is the failure of the Government in not controlling the situation. Whatever subsidy we are giving should reach the farmer. We should evolve a mechanism. The benefit should reach the targeted people.

In Andhra Pradesh, recently, we carried out a household survey. We have taken the General Information System. As I said earlier, whatever subsidy we are giving to the poor man should reach him without the involvement of any middle men. It should not go to the APL people also. That is why, I humbly request the Government not to stand on prestige. We are living in a democratic world. In the recent elections, people voted for us. Thirty-five per cent of the people are living in this country without any basic minimum facility. There are a lot of tribal areas. Just now, the hon. Member from the Biju Janata Dal spoke that previously they supplied rice at Rs.2 per kg in the tribal areas. We are now supplying it at Rs.6.45 per kg. There are so many tribal areas.

(l5/2135/ksp/sb)

In this country, there is a coastal line for 9,600 kms. from West Bengal to Gujarat and there are a lot of fishermen. They are living in miserable conditions, without proper food and education facilities. It is the duty of the Government to provide them the basic minimum needs.

If the Government wants to reduce the fiscal deficit, it should call an all-party meeting and take the opinion of all the political parties. They should discuss with all the parties as to what are the available areas where they can impose fresh taxes to raise more revenue. There is a lot of black money in this country. The Government should think of bringing some legislation to unearth the black money and get some more revenue to the Exchequer. The Government should think on these lines to reduce the fiscal deficit. It is not proper to put more burden on the common people of this country.

In the State of Andhra Pradesh, our Government has decided to give 10 lakh gas connections. The Government of India has extended a lot of help in this regard. Recently, we have given 7 lakh gas connections to the poorest of the poor, particularly to the women folk, in the rural areas. But after the increase in the price of gas cylinder, they are not able to purchase the cylinders even at the old price.

So, these are the problems faced by the common people of this country. So, it is not only the demand of the allied parties to reconsider the decision on the increase in prices of essential commodities, but it is also the demand of even the Members of Parliament belonging to the Bharatiya Janata Party. We are all talking

about it in the Lobby. The Government can see the indications, which are appearing through the media. Therefore, I, once again, request the Government to coolly think over it and reconsider the decision on the increase in prices of essential commodities.

(ends)

2138 बजे

श्री हरीभाऊ शंकर महाले (मालेगांव) : महोदय, आपने मुझे इस विाय पर बोलने का मौका दिया, उसके लिए मैं आपका आभारी हूं। सरकार ने गलती की है, उन्होंने यह गलती की है उन्हें मेवा खाना चाहिए था लेकिन इन्होंने चने खाने शुरू कर दिए, इसलिए चने खाने से तो आवाज जरूर आएगी। मेवा खाने का काम स्व. मोरारजी भाई ने किया। हमेशा यह चर्चा होती है-

" वाह रे सरकार तेरा खेल, सस्ती दारू महंगा तेल।"

इन्होंने शुगर और पता नहीं क्या-क्या महंगा किया। महोदय, मोरारजी भाई की उल्टी स्थिति थी-

" वाह रे सरकार तेरा खेल, महंगी दारू सस्ता तेल।"

यह देश में पहले पंथ प्रधान थे, जिन्होंने ऐसे किया। दूसरे पंथ प्रधान देवेगोड़ा जी थे। उस समय जो अर्थ मंत्री थे, उन्होंने सब्सिडी बंद कर दी। उनकी कांग्रेस के साथ मिल कर सरकार बनी थी, जैसे आपकी सरकार है वैसे उस समय इनकी सरकार बन गई। उस समय देवेगोड़ा जी ने नहीं माना और सब्सिडी शुरू कर दी, खाद का दाम कम कर दिया। यह तो देवेगोड़ा जी की करामत थी, दस किलो लोगों को अनाज देने के लिए उनकी करामत है।

(m5/2140/har/ss)

फिर भी 20 किलो देना, यह उनकी करामात है। यह कार्यक्रम सरकार ने अच्छा चलाया, इसके लिए मैं सरकार को धन्यवाद देता हूं। लेकिन मनमोहन सिंह साहब की यहां लोग चर्चा बहुत करते हैं। उन्होंने तो खाद के दाम बढ़ाए और सब्सिडी को बंद कर दिया था और आपने भी वही चालू कर दिया है। यह ठीक नहीं लगता है। उपाध्यक्ष जी, जो झुग्गी-झोंपड़ी में रहने वाले लोग हैं, देहात में रहने वाले लोग हैं वे 80 प्रतिशत लोग हैं। नौकरीपेशा वर्ग जो आपके सामने बैठा है वह तो सामान्य वर्ग में आता है। मैं उदाहरण देता हूं कि मोरारजी भाई के दोस्त किर्लोस्कर थे। जब वे उनके घर में गये और बैठे तो उनकी पत्नी ने कहा कि ये तो मोरारजी भाई हमारे शत्रु हैं। इनका राज आया और इन्होंने हमारा, बड़े लोगों का दिवाला निकाल दिया। ये मोरारजी भाई ने किया। सरकार को यही करना चाहिए। जो बड़े-बड़े लोग हैं उनसे पैसा निकालो और जो घाटा पड़ता है उसमें डालो। यही मेरा सवाल है। आपने मुझे समय दिया, धन्यवाद।

(इति)

2142 बजे

श्री देवेन्द्र प्रसाद यादव (झंझारपुर) : उपाध्यक्ष महोदय, जिस मूल्य-वृद्धि पर आज चर्चा हो रही है, उस पर हमारे साथी येरानायडु साहब, सुदीप जी ने और और भी हमारे घटक दल के माननीय सदस्यों ने तथा और दलों के सदस्यों ने अपने विचार रखे हैं। हम लोग एन.डी.ए. की रीढ़ हैं इसलिए हमें पूरा भरोसा है कि सरकार हमारी आवाज को पूरी गंभीरता से लेगी और उसे लेना चाहिए। इसीलिए येरानायडु साहब और अन्य घटक के लोग आपस में मिलते हैं और कल भी हम लोग मिले थे। हम लोग मंत्री जी आपको परेशान करने के लिए नही मिलते हैं बल्कि गरीबी रेखा से नीचे के लगभग जो 33 करोड़ लोग हैं उनका जो दर्द है, उस दर्द में आपको शामिल करने के अहसास को दिलाने के लिए मिलते हैं। इसका एन.डी.ए. सरकार ने संकल्प भी लिया था और जो नेशनल एजेंडा था वह भूख मिटाने का था, उसको प्राथमिकता देने का था। इस एनडीए सरकार की कोई तो प्राथमिकता होगी? क्या बेसिक नीड प्राथमिकता नही है? रोटी-कपड़ा और मकान का इस देश में बहुत नारा लगता रहा। देश की आजादी के 52 साल बाद भी रोटी-कपड़ा और मकान की क्या हालत है, वह हम सबको मालूम है। लेकिन रोटी प्रथम प्राथमिकता किसी भी सरकार के लिए होती है। आजाद मुल्क में किसी भी कल्याणकारी सरकार की प्रथम जिम्मेदारी होती है कि भूख से कोई आदमी मरे नहीं। आज चाहे राजस्थान, उड़ीसा या और किसी स्थान पर इस तरह की घटना हो रही है लेकिन भूख से कोई आदमी मरे नहीं। हम इंश्योर करें कि फूड सिक्योरिटी हमारी प्रथम जिम्मेदारी है।

उपाध्यक्ष महोदय, मैं गांधी जी के मंत्र के बारे में कहना चाहता हूं। टैलिस्मैन का जिक्र सदन में आया है।

(n5/2145/am-rs)

मैं उसकी दो-तीन लाइनें पढ़ना चाहता हूं। इस देश में गांधी जी ने एक अचूक मंत्र खास तौर पर शासन करने वालों के लिए दिया था। उसमें था कि जब कभी आप दुविधा में हो या आपको अपना स्वार्थ प्रबल होता दिखाई दे तो यह नुस्खा आजमा कर देखिए। अपने मन की आंखों के सामने किसी गरीब और असहाय व्यक्ति का चेहरा लाइए जिसे आप जानते हों और अपने आप से पूछिए कि आपकी करनी उसके लिए काम आएगी, क्या उसे कोई लाभ होगा? क्या उस काम से उसे अपना जीवन और भविय बनाने में कुछ मदद मिलेगी? दूसरे मायने में क्या आपकी करनी हमारे देश के लाखों करोड़ों, भूखे नंगे लोगों की स्वराज्य की राह दिखाएगी। बस इतना सोचते ही आपकी सारी दुविधा दूर हो जाएगी और स्वार्थ पिघल कर बह जाएगा।

जो टी.पी.डी.एस. था, इसका मूल उद्देश्य था कि स्पैशल सब्जिडाइज्ड रेट पर गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले लोगों को थोडो अपलिफ्ट किया जाए। उनके लिए फूड सिक्योरिटी इंश्योर की जाए। यह उस योजना का लक्ष्य था। मैं माननीय मंत्री जी की भा वना पर प्रश्न नहीं उठा रहा हूं लेकिन अब टी.पी.डी.एस. के मूल उद्देश्य खंडित हो रहे हैं। इसलिए मेरा दिल पिघल रहा है। बेजुबान लोगों की रोटी का सवाल इसमें जुड़ा है। आजादी के 52 साल पहले जो लोग गरीबी रेखा के नीचे थे, वे आज भी वहीं हैं। उनके मुंह में जुबान नहीं है। उनमें बुद्धि है लेकिन उनकी जुबान नहीं चल पाती। जिन की जुबान चलती है वे देश के सारे पैसे लूटते हैं और अपने लिए सारे कानून बना लेते हैं। 20 अक्तूबर 1998 को ऑस्टैरिटी मैजर्स उठाने के लिए एक सर्कुलर निकला। मंत्री जी किसी विभाग का मुआयना करा लें और देखें इस पर कितने परसैंट कंट्रोल किया गया? आपका सरकारी खर्चों को कम करने पर कोई कंट्रोल नहीं है। विलासिता की चीजों पर आप कोई कंट्रोल नहीं करते। मोबाइल फोन्स पर आपका कोई कंट्रोल नहीं है। इस देश में जब तक आर्थिक विामता बनी हुई है तब तक सरकार को गरीबों को दी जाने वाली सबसिडी को हटाना नहीं चाहिए। यह सरकार की प्रथम जिम्मेदारी है। आज इकोनोमिक डिस्पैरिटी का क्या फासला है? गरीबी और अमीरी के बीच में जो आर्थिक विामता है, उसे दूर करना होगा। आज लगभग डेढ़ प्रतिशत लोग 33 हजार फुट ऊपर उड़ रहे हैं। हमें लोक सभा में जो सुविधा प्राप्त है, उससे हम लोग भी ऊंचे उड़ जाते हैं। पुराने जमाने में एक गरीब और अमीर के बीच में खास अंतर नहीं होता था। केवल पांच फीट का अन्तर था। मैं गांव से आता हूं इसलिए मैं वहां की भावना रखना चाहता हूं। गांव में बड़ा आदमी पहले हाथी की साढ़े बारह फुट जैसी ऊंचाई पर बैठता था। बहुत ऊंचा होगा तो वह 15 फुट होगा। यदि एक गरीब आदमी की ऊंचाई पांच फीट थी और बड़ा आदमी हाथी की 12 फुट जितनी ऊंचाई पर बैठता था तो यह फर्क केवल सात फीट का था लेकिन आज गरीबी और अमीरी का फर्क 33 हजार फीट हो गया है। ऐसे में हिंसा कैसे रुकेगी? हमारे रक्षा मंत्री जी का भााण आया। वह हमारे दल के नेता हैं। जब तक ए.के.-47 चलेगी, हिंसा रुक नहीं पाएगी और फूड को लेकर दंगे होंगे। यदि फूड को इंश्योर नहीं किया गया तो उसकी सबसिडी को बनाए रखना होगा चाहे जो भी मजबूरी हो। हम मंत्री जी को जानते हैं। हमने भी यह विभाग चलाया है। हमारे सामने भी बहुत सी मजबूरियां आईं। हमें टी.पी.डी.एस. को बनाने में सात महीने लग गए थे। यहां देवेगौड़ा जी का नाम लिया गया। उस समय के वित्त मंत्री अब इस सदन के सदस्य नहीं हैं और वे यहां जवाब नहीं दे सकते इसलिए मैं उनका नाम लेना उचित नहीं समझता। जो-जो माननीय सदस्य सदन में नहीं हैं और वे डिफेंड नहीं कर सकते, उनका सदन में नाम लेना उचित नहीं हैं। यहां बहुत से तर्क दिए गए। वे फिजिकल डेफिसिट का तर्क दे रहे थे। आज भी बजटीय घाटे का तर्क दिया जा रहा है। कहा जाता है कि इकोनोमी को पटरी पर लाना है और आर्थिक सुधार करने हैं। गरीबों के बारे में विचार करना चाहिए। आप लग्जरी गुड्स पर टैक्स लगा सकते हैं।

(o5/2150/skb-lh)

अगर आपको टैक्स करना है तो आप कर सकते हैं, आप आसटैर्टी मेजर्स पर कटौती कर सकते हैं, सरकार के खर्चे में कटौती कर सकते हैं। यहां मंत्री जी बैठे हुये हैं, क्या वे फैसला नहीं ले सकते हैं?APL people and affluent class should be excluded from the PDS system. मंत्री जी अखबारों में बयान देते रहते हैं कि यह निर्णय सरकार ने 1996-97 में लिया था, उसे 2-3 साल हो गये हैं, लागू क्यों नहीं किया जाता है? उसे धीरे धीरे लागू होना था। एक मुख्यमंत्रियों का कांफ्रेंस था। उसमें फूड मिनिस्टर्स भी आये थे। यह सम्मेलन फूड की बेसिक सर्विसेज के बारे में था। उसमें भी यह तर्क आया था। यह डेमोक्रेटिक कंट्री है जहां डैमोक्रेटिक तरीके से फैसला लेना होगा। इस फैसले को अमल में लाने की जिम्मेदारी सरकार की है। मैं सिर्फ तर्क के आधार पर बोल रहा हूं। उपाध्यक्ष महोदय, आप मेरी भावनाओं को समझें। मुझे मंत्री जी की भावना और नीयत पर कोई संदेह नहीं है। यदि देश में एक व्यक्ति से गड़बड़ हो जाये तो देश का कुछ नहीं बिगड़ेगा। जब देश में प्लानिंग नासमझी से चलेगी तो देश का नुकसान हो जायेगा। नासमझी से प्लानिंग नहीं होनी चाहिये। जे.आर.वाई. और सुनिश्चित रोजगार योजना के तहत प्रति व्यक्ति जो लैंडलैस मजदूर हैं, बुनकर और लेबर हैं, उन बेजुबान लोगों की चर्चा कर चुका हूं, जो झोंपड़ी में रहते हैं। टी.पी.डी.एस. किन लोगो के लिये है, जो बी.पी.एल. हैं, उनके लिये है। आपने बहुत हिसाब किताब एक्सरसाइज किया है, जब

देखते हैं तो दंग रह जाते हैं। इसमें तय किया गया है जिससे आपको ताज्जुब होगा। जब प्रति परिवार 10 किलो दिया जायेगा तो 5 रुपये बी.पी.एल. के लिये हो गया। इसमें 10 किलो दिया गया है और यदि 55 किलो बाहर से लेगा तो दोनों जोड़कर 627.50 रुपये पड़ेगा। इसमें कहा गया कि 58 रुपये की बचत होगी। कितना बढ़िया तर्क है? इसके बाद चावल में दिया गया है। यह 751 रुपये हो जाता है। इसमें 10 किलो सब्सिडाइज्ड रेट पर है। एक आदमी को 2700 कैलोरी चाहिये। हमने पता किया कि किस डाक्टर ने यह बताया है तो मालूम हुआ कि स्वास्थ्य विभाग से मामला आया है। हमें आश्चर्य हुआ कि यह अंदाजा लगाया जा रहा है क्योंकि 52 साल की आधी उम्र भी गरीबी रेखा के नीचे रहने वाला नहीं बिता पाता है जबकि नारम्ल जीवन 80-90 साल है। उनका तन पिघल रहा है और वह 50 र्वा में मर जाता है। इसलिये मैं कह रहा हू कि जो तर्क दिया, क्या उसकी खोज की? यह कैबिनेट का फैसला था । मैं आज यह सवाल आप पर छोड देता हूं। यदि कोई मजदूर सुनिश्चित रोजगार योजना या जे.आर.वाई. में काम करेगा तो एक किलो सब्सिडाइज्ड रेट पर अनाज मिलेगा। यदि दस दिन काम किया तो 10 किलो अनाज मिला और 20 दिन किया तो 20 किलो अनाज मिला। इस प्रकार 30 किलो हो गया। हमें लगता है कि इसे नजर में नहीं रखा गया है। पहले गरीबों का ख्याल किया गया था, इस तरह का फैसला सरकार ने लिया था। इसलिये सरकार इस ओर ध्यान दे। लगता है कि वह बात अब छूट गई है। यह फैसला जे.आर.वाई और सुनिश्चित रोजगार योजना के तहत लिया गया था कि जिस जिन वह काम करेगा, उसे कूपन के आधार पर अनाज मिलेगा और उन लोगों को बाहर से अनाज खरीदने की जरूरत नहीं होगी। लेकिन अब यह विकल्प कहां गया, हमें मालूम नहीं। ग्रामीण क्षेत्र में रोज़गार मिले, लेकिन इसे दबा दिया गया है। फूड मिनिस्ट्री का फैसला कहां गया?

(p5/2155/bks-tkd)

इसलिए हम चाहेंगे कि माननीय मंत्री जी जब अपना भााण दें तो इसे जरूर साफ करें कि इसका क्या हुआ, क्या यह वापस ले लिया गया या क्या हुआ। इसलिए ए.पी.एल. में जो एफ्लुएन्ट क्लास है, इन्कम टैक्स पेयी हैं, क्रीमी लेयर है, उन्हें निश्चित रूप से निकाल देना चाहिए।

उपाध्यक्ष महोदय, एक तर्क और दिया जाता है। यूरिया के दाम के विाय में हमारे कुलीग श्री प्रभुनाथ सिंह जी ने बताया है कि यूरिया का छ: परसेंट दाम बढ़ा।

श्री राजेश पायलट (दौसा) : 15 परसेन्ट।

श्री देवेन्द्र प्रसाद यादव (झंझारपुर) : प्रभुनाथ जी ने छ: परसेंट बताया है। दाम के विाय में मत पूछिये। गेहूं का जो दाम बढ़ा है वह 67.5 बढ़ा है और फूड पर जो सब्सिडी घटी है वह 12.5 है। इसी तरह से खाद का 15 प्रतिशत है, इसमें जो कट हुआ है उससे बढ़ा है। किसी माननीय सदस्य ने ठीक ही कहा कि अमरीका में किसानों के लिए 250 परसेंट सब्सिडी है। इसलिए मैं किसानों और गरीबी की रेखा से नीचे जीवन बसर करने वाले लोगो के बारे में कहना चाहता हूं कि इन्हें एक विशो सहायता दर पर अनाज मिले। ताकि आजादी के 52 साल के बाद कम से कम उनकी फूड सिक्युरिटी इंश्योर्ड रहे। चूंकि जब तक इकोनोमिक डिस्पैरिटी खत्म नहीं होती, जब तक उनकी परचेजिंग कैपेसिटी नहीं बढ़ती, तब तक सरकार की जिम्मेदारी है कि उन्हें सस्ते दर पर भोजन मिले। मैं अंतिम तर्क कहना चाहता हूं कि गरीब लोगों को अनाज मिलता नहीं है। टाटा कंसल्टेंसी का शायद आपने कोई अध्ययन इससे पहले करवाया हो कि 35 परसेंट अनाज मिलता ही नहीं है।

उपाध्यक्ष महोदय : यादव जी, अब आप समाप्त कीजिए।

श्री देवेन्द्र प्रसाद यादव (झंझारपुर) : उपाध्यक्ष महोदय, मेरा लास्ट प्वाइंट है। अनाज फेयर प्राइस शॉप्स में नहीं जाता है, कालाबाजारी में चला जाता है। यह किसकी जिम्मेदारी है। ई.सी. एक्ट लगाने में क्या दिक्कत है। एक्जीक्यूटिव आदेश इस बारे में पारित करके देश भर में होर्डर्स और कालाबाजारियों को पकड़ने के लिए स्टेट गवर्नमैंट से कोऑर्डीनेशन करके शिकायत सैल खोलकर भारत सरकार स्वयं मॉनीटर करे तो यह कालाबाजारी रुक सकती है। यह अनाज कालाबाजारी में चला जाता है इसलिए यह योजना खत्म कर दो, इसी तरह से इंदिरा आवास योजना भी समाप्त कर दी जाए, त्वरित जल आपूर्ति योजना जिसमे पानी नही मिलेगा, उसे भी समाप्त कर दिया जाए। चूकि स्टेट में चोरी हो जाती है, इसलिए केन्द्र द्वारा प्रायोजित सभी योजनाएं बंद कर दी जाएं, यह बिल्कुल गलत तर्क है। मैं इसीलिए कहना चाहता हूं कि सब्सिडी कट होनी चाहिए। लेकिन कहते हैं - धन और धरती बंट के रहेगी अपनी-अपनी छोड़ के। लेकिन बड़े लोगों पर कोई कटौती नहीं हो और जो सरकारी खर्च है, जो लग्जूरीयस गुड्स है, उसे राहत दी जाए, यह उचित नहीं है। गरीब पर बोझ बढ़ाना उचित नहीं है। इसीलिए माननीय मंत्री जी मैं निवेदन करना चाहता

हूं कि...(व्यवधान) मुझे खाद के विाय में बोलने के लिए कह रहे हैं। खाद पर आप लोग बोल चुके हैं। इस देश का जो कमेरा वर्ग है, जो चोरी नहीं करता है, जो अपने लक्ष्य को पूरा करता है, पूरे देश को अनाज खिलाता है। पैसा बहुत लोग कमा सकते हैं, लूट सकते हैं। लेकिन खाना अनाज ही पड़ेगा। उसे पैदा करने वाला जो उत्पादक वर्ग है...

उपाध्यक्ष महोदय : मि. यादव, अब आप समाप्त कीजिए। आपको रिकमेंड करने की जरूरत नहीं है, मैं जानता हूं।

श्री देवेन्द्र प्रसाद यादव (झंझारपुर) : उपाध्यक्ष महोदय, उस पर तर्क दिया जा रहा है, मैं नाम लेना नहीं चाहता हूं।...(व्यवधान)

राजेश पायलट (दौसा) : सर, यह अच्छा प्वाइंट है, सरकार को इसका नोट लेना चाहिए। बहुत अच्छा सजेशन है।

श्री देवेन्द्र प्रसाद यादव (झंझारपुर) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं किसान के विाय में कहना चाहता हूं। माननीय प्रधान मंत्री जी का मैं आदर करता हूं। उन्हें जहां से भी फीड हुआ हो। कारखाने वाले सब्सिडी ले लेते हैं, हमें बहुत ताज्जुब हुआ। माननीय मंत्री जी फूड मिनिस्टर है, जानते होंगे। एफ.सी.आई. सरकार का अभिकरण है। एफ.सी.आई. एक रुपया 38 पैसा सब्सिडी लेता है, एफ.सी.आई. को भी बंद करना होगा, चूंकि कारखाना भी बंद हैं। खाद पर सब्सिडी देते हैं तो उसका फायदा कारखानों को हो जाता है। गरीबी की रेखा से नीचे रहने वाले लोगों के लिए अनाज पर जो सब्सिडी दी जाती है, वह फूड कारपोरेशन ऑफ इंडिया को चली जाती है। एक किलो पर एक रुपया 38 पैसे सब्सिडी दी जाती है। इसलिए उपाध्यक्ष महोदय, दोनों को संतुलित होकर ि वचार करना पड़ेगा। यदि किसानों के लिए आप सब्सिडी घटा रहे हैं तो एफ.सी.आई. पर भी सब्सिडी घटनी चाहिए। उसकी कैरिंग क़ॉस्ट, हैंडलिंग क़ॉस्ट या प्रचालन कॉस्ट में कमी होनी चाहिए, तभी बैलेन्स हो सकता है। इसलिए दोनों को सम्यक दृटि से विचार करना चाहिए। हम सरकार से आग्रह करेंगे कि सरकार इस पर एक बार फिर से गंभीरता से विचार करे कि जो वह फैसला ले रही है वह गरीबों के हित में है या नहीं।

उपाध्यक्ष महोदय, 16-17 मार्च को सामान्य बजट पर डिबेट थी। उस सामान्य बजट पर इसी सदन में माननीय वित्त मंत्री जी ने साफ-साफ कहा था, यह प्रोसीडिंग्स में देखा जा सकता है कि घटक दलों के सेन्टीमेन्ट्स का हम ऑनर करते हैं।

(q5/2200/rpm/pb)

उपाध्यक्ष महोदय, हमें इसको देखना है कि हम क्या कर सकते हैं। हम लोगों को देखते हुए अभी तक एक महीने 10 दिन से ऊपर हो गए हैं। वित्त मंत्री जी ने 16 मार्च को बजट भााण दिया था और आज 27 अप्रेल हो गया, लेकिन अभी तक वित्त मंत्री जी ने कोई ध्यान नहीं दिया। हम इस सवाल को बराबर सदन के भीतर और सदन के बाहर उठाते रहेंगे। हम घटक दल हैं और जब तक घटक दलों के विचारों को नहीं सुना जाता है तब तक हम सदन के भीतर और सदन के बाहर अपनी बात को कहते रहेंगे और मन वाने का प्रयास करेंगे।

उपाध्यक्ष महोदय, इन्हीं शब्दों के साथ, मैं अपनी बात समाप्त करता हूं और आपको धन्यवाद देता हूं।

(इति)

2201 बजे

श्री सुरेश रामाराव जाधव (परमनी): उपाध्यक्ष महोदय, मैं शिव सेना पार्टी का सांसद हूं और शिव सेना पार्टी एन.डी.ए. की घटक दल है। भारत सरकार ने अभी जो जरूरी चीजों के दाम बढ़ाए हैं, जिन आवश्यक वस्तुओं के मूल्यों में वृद्धि की है, उसके विरोध में बोलने के लिए मैं खड़ा हुआ हूं। हम एन.डी.ए. सरकार के घटक दल हैं और वाजपेयी सरकार को स्पोर्ट करेंगे और करते रहेंगे, लेकिन यह जो मूल्य वृद्धि हुई है उसको अपोज करते हैं।...(व्यवधान)

श्री प्रभुनाथ सिंह (महाराजगंज,बिहार): यदि गवर्नमेंट नहीं मानी, तब क्या करोगे?

श्री सुरेश रामाराव जाधव (परमनी): तब, बाहर विरोध करेंगे।

उपाध्यक्ष महोदय, जो तेलुगू देशम पार्टी, त्रृण मूल पार्टी और शिव सेना पार्टी है, ये तीनों एन.डी.ए. सरकार की घटक पार्टियां हैं। इन तीनों की एक ही राय है कि आवश्यक वस्तुओं के सामान में जो आम आदमी की जरूरत का सामान है, उसमें जो मूल्य-वृद्धि की गई है, वह ठीक नहीं है और उसे वापस लिया जाना चाहिए। याहे वह चीनी, दूध, गेहूं, चावल, मिट्टी का तेल, पेट्रोल, डीजल, खाद या गैस के दामों की वृद्धि का मामला हो, इन सभी की कीमतें वापस होनी चाहिए। इन चीजों का आम जनता से गहन रिश्ता है। उपाध्यक्ष महोदय, हमारे देश को आजाद हुए 52 साल हो गए, लेकिन असलियत यह है कि देश में अमीर और अमीर तथा गरीब और गरीब होता जा रहा है। न अमीर की अमीरी घट रही है और न गरीब की गरीबी घट रही है। सरकार का फर्ज है कि देश के हर नागरिक को रोटी, कपड़ा, मकान, स्वास्थ्य और शिक्षा दी जाए और यह हमारा वायदा भी है, लेकिन अभी तक हम इन चीजों को सुलभता से मुहैया नहीं करा पाए हैं।

उपाध्यक्ष महोदय, हमारा देश भारत गांवों का देश है। इस देश के 80 प्रतिशत लोग गांवों में बसते हैं और खेती करते हैं। हमारा देश खेतिहर और ग्राम-प्रधान देश है, लेकिन आज हमारे देश के आम नागरिक को रोटी, कपड़ा, मकान, स्वास्थ्य और शिक्षा कितनी मिल रही है, यह आप सब जानते हैं। आज देश के गांवों में पीने का पानी नहीं है, सड़कें नहीं हैं, स्वास्थ्य और शिक्षा नहीं मिल रही है। ये सुविधाएं आम आदमियों को मिलनी चाहिए, ये जीवन की न्यूनतम एवं आवश्यक सुविधाएं हैं जिन्हें हम देहात में अभी तक नहीं पहुंचा सके हैं।

उपाध्यक्ष महोदय, जो मूल्य-वृद्धि हुई है, इसका संबंध 80 प्रतिशत देहात में बसने वाले लोगों से है, इसका संबंध देश के श्रमिकों से है, इसका संबंध छोटे किसानों से है, इसका संबंध क्लास-तीन, क्लास-दो की सेवाओं में कार्य करने वाले लोगों से है। उनके संबंध में सर, मैं इतना ही कहना चाहता हूं कि यदि बजिटरी घाटा कम करना है, तो इस देश के धनी वर्ग पर, उद्योगपतियों पर देश का जो कर्ज बकाया है, उसे वसूला जाए। यदि ईमानदारी से इस कार्य को कर दिया जाए, तो देश में किसी प्रकार की कमी नहीं रहेगी। यदि सरकार यह हिम्मत करे, तो मैं कह सकता हूं कि देश का बजिटरी घाटा समाप्त हो सकता है। बजिटरी घाटे को कम करने के अन्य तरीके भी हैं। गवर्नमेंट का खर्च कम करो।

(r5/2205/rjs-krr)

गवर्नमैंट का मंत्रिमंडल है, उसको थोड़ा कम करो, ऐसी घोणा हुई थी लेकिन उस पर अमल नहीं हुआ। मैं केवल एक घटना के बारे में बताकर अपनी बात समाप्त करूंगा। मैं एक लेबर के घर गया। वहां चीनी के डिब्बे पर लिखा था कि 16 रुपये किलो, एन.डी.ए. की देन। दूध के पैकेट के ऊपर लिखा था कि 14 रुपये पर लीटर, एन.डी.ए. की देन, मिट्टी का तेल का डिब्बा देखा तो उस पर लिखा था प्रति लिटर 9 रुपये, एन.डी.ए. की देन। डीजल पेट्रोल की भी वैसी ही हालत है। गेहूं के बारे में भी मैंने यही देखा। गांव के एक किलो बैग के ऊपर लिखा था 9 रुपये 50 पैसे, एन.डी.ए. की देन। वैसे ही चावल के एक किलो बैग के ऊपर लिखा था कि 12 रुपये किलो, एन.डी.ए. की देन। यूरिया के बैग में भी लिखा था कि एन.डी. की देन, सबसिडी हटाई। ...(व्यवधान) मैं किसान का बेटा हूं और किसान के लिए दर्द क्या है, जो देहात में रहता है, उसके लिए दर्द क्या होता है, वह आपको क्या मालूम। हम सपोर्ट जरूर करेंगे, पांच साल करेंगे लेकिन अच्छी चीजों के लिए करेंगे, अच्छे काम के लिए करेंगे। मैं क्लर्क के घर गया, तो वहां भी वही पोजीशन थी। मैं शांता कुमार जी कोठी पर गया तो वहां भी वही पोजीशन थी।

उपाध्यक्ष महोदय : आपने कहा था कि मैं एक घटना सुनाकर खत्म करूंगा।

श्री सुरेश रामराव जाधव (परभनी) : जो घटना घटी, उसको बोल रहा हूं। वहां पर भी चीनी, दूध, गेहूं, मिट्टी का तेल, गेहूं, चावल, डीजल और पेट्रोल आदि सबका वही दाम लिखा है। मैंने भाभी जी से पूछा कि यह सब क्या है तो वह बोली कि यह सब एन.डी.ए. की देन है। इसके बारे में घर के सब लोग बोले। जो मूल्य वृद्धि हुई, उसे शांता कुमार जी के घर के लोग भी मंजूर नहीं करते तो हम कैसे मंजूर करेंगे, इस देश की जनता कैसे मंजूर करेंगे। हम एक विनती करना चाहते हैं कि यह आम जनता का मुद्दा है। इस देश के 80 फीसदी लोग देहात में रहकर अपना गुजारा करते हैं।

मैं आपके माध्यम से सरकार से यही विनती करूंगा कि जो मूल्य वृद्धि की है, उस पर पुनर्विचार करे और करना ही होगा। धन्यवाद।

(इति)

2208 hours

SHRI MANI SHANKAR AIYAR (MAYILADUTURAI): Mr. Deputy-Speaker, Sir, the *Economic Survey* tells us that the burgeoning fiscal deficit is the major concern of this Government and the food subsidy contributes to that burgeoning deficit. The hon. Minister of Finance has told us at paragraph 68 of his speech that the major subsidies on food and fertiliser constitute a significant proportion of our non-Plan expenditure.

My first question to the Government is this : Is this the truth? Why are you not telling the truth in this regard? For if we look at the real impact of the food subsidy on the fiscal deficit, the first point for us to note is that the total non-Plan expenditure as stated in this Budget is Rs. 2.5 lakh crore. That is the total non-Plan expenditure. The food subsidy is Rs. 8,000 crore. If you take Rs. 8,000 crore as a proportion of Rs. 2.5 lakh crore, the percentage of the food subsidy in total non-Plan expenditure is just three per cent.

Ninety seven per cent of the non-Plan expenditure is on matters other than the food subsidy and yet this three per cent is what they describe as … (*Interruptions*)

(s5/2210/mkg/san)

डॉ. मदन प्रसाद जायसवाल (बेतिया) : अब घर से लोग आ रहे हैं और भााण दे रहे हैं। हम लोग सुबह से बैठे हुए हैं।

उपाध्यक्ष महोदय : आप भी भााण करना चाहते हैं तो आप भी भााण करिये।

डॉ. मदन प्रसाद जायसवाल (बेतिया) : हम भााण करना नहीं चाहते हैं, लेकिन इसका कहीं कोई अन्त तो होना चाहिए।

उपाध्यक्ष महोदय : अन्त करेंगे, लेकिन आप थोड़ा सब्र से बैठिये। वे अच्छी बात बोल रहे हैं।

डॉ. मदन प्रसाद जायसवाल (बेतिया) : अच्छी बात तो सब बोल रहे हैं। लोग बैठे नहीं हैं और भााण देने के लिए 10 बजे आ रहे हैं।

उपाध्यक्ष महोदय : आपको कुछ सबमिशन करना है तो खड़े होकर कहना चाहिए।

डॉ. मदन प्रसाद जायसवाल (बेतिया) : उपाध्यक्ष जी, मेरा आग्रह यह है कि हम लोग सुबह से बैठे हुए हैं। अब 10 बज गये। कोई समय की सीमा थी, जिस समय हमारे संसदीय कार्य मंत्री ने कहा कि एक समय निश्चित कर दिया जाये कि नौ बजे खत्म होगा या दस बजे खत्म होगा। बहुत से ऐसे माननीय सदस्य हैं, वे खाना खाकर दिन भर अपने आफिस में रहकर घर से आ रहे हैं और अभी भााण देना शुरू कर रहे हैं, जबकि हम लोग सुबह से यहां बैठे हुए हैं।

श्री मणि शंकर अय्यर (मयिलादुतुराई) : कौन खाना खाकर आया है ?…(व्यवधान)

उपाध्यक्ष महोदय : अब आप इण्टरप्शन मत कीजिए।

…(व्यवधान)

उपाध्यक्ष महोदय : हम सब लोग इधर बैठे हैं। दो बजे प्राइस राइज पर डिस्कशन शुरू हुआ। आपने देखाहै कि कितना टाइम एक्सटेंड करके भााण किया। हम सब लोगों का ऐसा होगा। आप थोड़ा सा सब्र करो। इनके भााण के बाद हम मिनिस्टर का भााण सुनेंगे। आपको इतना तो सब्र होना चाहिए।

SHRI MANI SHANKAR AIYAR (MAYILADUTURAI): I was saying, when I was interrupted, that out of a total Non-Plan expenditure of Rs. 2,50,000 crore given in the Budget, the food subsidy amounts to only Rs. 8,000 crore and it takes very little mathematics to find that this means that the food subsidy constitutes a mere 3 per cent of the total Non-Plan expenditure and yet the Finance Minister describes this as a major significant proportion of the total Non-Plan expenditure.

Sir, if you look at the other way round, what is the fiscal deficit given in this Budget? At para 1.72 of the Finance Minister's speech, it is stated that the total fiscal deficit is Rs. 1,11,275 crore. What is the contribution of the food subsidy? It is Rs. 8,000 crore out of Rs. 1,11,275 crore, which little mathematics shows is equal to about 7 per cent. Ninety three per cent of the fiscal deficit has not been contributed by the food subsidy but by other things. So, 97 per cent of Non-Plan expenditure comes from non-food subsidy items, 98 per cent of the total Government expenditure comes from items other than the food subsidy and 93 per cent of the fiscal deficit is contributed by items other than the food subsidy, and yet in order to protect their fiscal deficit, they are targeting the food subsidy. Is this fair? Is this just? Is this sensible?

Sir, we are faced with a really grave economic situation. The growth rate of the GDP is wildly fluctuating. It went up. It went down to 4 per cent in the last year of the last Government. It went up to 6.8 per cent in their first year and it has now fallen to 5.9 per cent. We have an aggravating poverty ratio. I was able to show all statistics last time to indicate that whereas there has been a steep decline in the poverty ratio between early seventies and late eighties, after that, the poverty ratio has been stagnating.

There is a decline in the agricultural growth rate. The total foodgrain increase last year was 0.8 per cent according to themselves. Sir, 22 per cent of the Budget of the Agriculture Ministry of 1999-2000 was not spent by this Government. They reduced the Budget of the Agriculture Ministry by 22 per cent between the Budget Estimate and the Revised Estimate. There is a total disaster taking place on food availability because in the course of the nineties, the food availability *per capita* has declined by four per cent whereas the population has grown by 14 per cent.

I have had the occasion in this House in the last two or three days to point out how the entire social security net for the poor, put in place by friends like Shri K. Yerrannaidu, is being reduced to tatters as a result of mal-administration in the course of the last year.

(t5/2215/sh-jr)

Against this background of the poor suffering on account of several different factors, they choose this time of all times to reduce the food subsidy. Yet, what according to them is the role of the food subsidy? They say at paragraph 5.21 of the Economic Survey, "One of the main constituents of the Government's strategy for poverty alleviation is the Public Distribution System." So, they accept that one of the main components of their scheme of poverty alleviation is the food subsidy. Then they go and attack the food subsidy in this way. Is this the method of promoting poverty alleviation? Who is responsible for the way in which the entire mismatch between the Minimum Support Price (MSP) and the Central Issue Price (CIP) is being handled? Once again, I am obliged to turn to Table 5.10 of this Economic Survey. It shows that whereas the consumer subsidy per kilogram was reduced in our time for wheat from Rs. 225 to Rs. 172, that is, by Rs. 58 or 21 per cent, and rice was maintained virtually steady. What we have had between 1996 and 1999 is that the wheat subsidy has

shot up by Rs. 250 a quintal and the rice subsidy by Rs. 260 a quintal. It is their own inability to maintain the proper balance between the MSP and the CIP that is responsible for a growing food subsidy, which they then say that since we have mismanaged the match between the MSP and the CIP, now the poor must pay the price for this. This is completely unacceptable.

Sir, we have had from Shri Devendra Prasad Yadav, I think, the most eloquent description of the consequences of what they have done for the people who live below the poverty line. But I would urge that since the poverty line is somewhat arbitrarily determined, we look at the National sample Survey, which has shown that out of the 12 income categories that exist, eight of those categories have an income of under Rs. 300 per capita per month; and the poverty line is described as Rs. 226. If you take all these categories together, 80 per cent of the consumers of India are those who have an income which is so low that they have to go to the Public Distribution System. When they go there, if the price of wheat and rice is raised exponentially at one go by these enormous percentages, the consequence is that millions upon millions of Indians whom, with great difficult, we pulled above the poverty line will sink below the poverty line. Therefore, it is not only what has happened to the BPL prices, as explained by Shri Devendra Prasad Yadav, that we need to look at very, very carefully, but there is a large number of poor people who are above the poverty line, whose interests will also have to be looked at. For them, the impact of the increase in PDS prices is so enormous that crores upon crores of Indians who have come above the poverty line are going to be pushed below the poverty line during the course of this year.

The other thing which I must draw attention to is, the more effective your Public Distribution System, the bigger its impact on the open market prices. If your PDS prices are not properly controlled, then your open market prices cannot be properly controlled. As Shri Devendra Prasad Yadav so effectively explained, such a large proportion of BPL purchases have to be from the open market, and APL purchases, of course, also have to be from the open market. If you do not have a proper Public Distribution System, the open market prices are going to spin out of control; it has already begun to happen. So, in two ways, the poor get hit. One, the PDS prices go up; and second, the open market prices go up. Is this the way to reduce the poverty ratio?

(u5/2220/kmr/sb)

Finally, Sir, - and I am saying finally only because you will not give me more time - it is not for me but for the House to take account of the report of the Standing Committee on Food that has just come before us. This is a report not of any one Party but of all the Parties of this House represented in the Standing Committee. They have come to this conclusion unanimously. They have said:

> "By hiking TPDS prices for the BPL, the Government has actually reduced subsidy, causing further hardships to the poor. The purpose of increasing ration from 10 kg to 20 kg for BPL has been badly defeated due to the exorbitant hike in the price of foodgrains. This is totally beyond their low purchasing power. The aim of the TPDS is defeated when the Government is unable to provide wheat and rice at affordable rates to the poorest of the poor in this country"

Therefore, in the light of the fact that every section of this House; every Party of the Opposition; all Parties of the NDA other than the BJP; and a majority of the BJP, do not believe in the myth that is being spread that the new system is more beneficial to the poor than the old system was, I would

appeal to the Government to listen to the voice of the people. The voice of the people is that the prices must be rolled back. We are not prepared to temporise and compromise like some members of the NDA are. We are not prepared to say that in order to remain in power we are willing to allow some increase to take place. Our demand is a total roll back of all the increases in administered prices that had been enforced in the course of the last few weeks.

Thank you.

(ends)

श्री राजेश पायलट (दौसा) : महोदय, मैं सिर्फ दो मिनट के लिए किसानों की बात कहने के लिए खड़ा हुआ हूं।... (व्यवधान)

श्री थावरचन्द गेहलोत (शाजापुर) : महोदय, मेरा प्वाइंट ऑफ आर्डर नियम 291 और 292 के अंतर्गत है। कार्यमंत्रणा समिति ने जो समय निर्धारित किया था, वह बहुत पहले पूरा हो चुका है और चेयर को भी इस प्रकार का कोई अधिकार नहीं है, आप बिना सदन की अनुमति के एक घंटे की वृद्धि से ज्यादा नहीं कर सकते। आप एक घंटे से ज्यादा की समय में वृद्धि सदन की अनुमति के बिना अपनी स्वेच्छा से नहीं कर सकते। आप या तो नियम, कानून, कायदे का पालन करें, नहीं तो सब राजनीतिक दलों का समय समाप्त हो चुका है, आप इस तरह बहुत ज्यादा लोगों को समय देकर हमें कब तक बिठाएंगे।...(व्यवधान)

उपाध्यक्ष महोदय : आप बैठिए, मैं इनका प्वाइंट ऑफ आर्डर डील कर रहा हूं। मैं रूल 291 पढ़ रहा हूं। इसमें लिखा है-

> **"At the appointed hour, in accordance with the Allocation of Time Order for the completion of a particular stage of a Bill or other business, the Speaker shall forthwith put every question necessary to dispose of all the outstanding matters in connection with that stage of the Bill or other business. "**

...(व्यवधान)

श्री थावरचन्द गेहलोत (शाजापुर) : मैंने 291 और 292 दोनों बोले हैं।...(व्यवधान)

उपाध्यक्ष महोदय : देखिए, इतना समय हम बैठे हैं, अब इन्होंने कहा है कि सिर्फ यूरिया के बारे में एक सवाल पूछूंगा। उसके बाद मंत्री जी रिप्लाई देंगे।

...(व्यवधान)

उपाध्यक्ष महोदय : माननीय मंत्री जी, आपको कितना समय लगेगा।

उपभोक्ता मामले और सार्वजनिक वितरण मंत्री (श्री शांता कुमार) : महोदय, इतने माननीय सदस्यों की बातों का जवाब देने में कम से कम आधा घंटा तो लगेगा।...(व्यवधान)

श्री थावरचन्द गेहलोत (शाजापुर) : महोदय, नियम 291 के अंतर्गत भी मेरी बात पूरी होती है।...(व्यवधान)

(w5/2225/har/vbr)

उपाध्यक्ष महोदय : मैंने उनको दो मिनट के लिए यूरिया पर सवाल पूछने के लिए अनुमति दी। प्रोसीजर बताने में तो बहुत समय बर्बाद हो जायेगा। मैंने सोचा कि एक सवाल इन्होंने पूछना है, तो मैंने इजाजत दी। आपने व्यवस्था का प्रश्न पूछा तो मैंने आपको उसके बारे में पढ़कर बताया। ठीक है, आप लोग इधर बैठे हैं, हम लोग अपने चैम्बर में बैठते हैं और पूरा देखते हैं।

श्री थावरचन्द गेहलोत (शाजापुर) : ऐसी बात नहीं है कि हम उनको सुनना नहीं चाहते। लेकिन आपको सदन को नियमों के अनुसार चलाना चाहिए। आप सदन को आगे चलाने की अनुमति सदन से ले लीजिए कि एक घंटा और बढ़ा दिया जाए, हमें कोई एतराज नहीं है। अब कार्य मंत्रणा समिति द्वारा निर्धारित समय समाप्त हो गया है। बिना सदन की अनुमति लिये आप आगे टाइम नहीं ले सकते हैं।

उपाध्यक्ष महोदय : सुनिये, मैटर डिस्पोज ऑफ होने तक के लिए समय लिया था।

श्री थावरचन्द गेहलोत (शाजापुर) : नहीं लिया।

MR. DEPUTY SPEAKER: I will call the hon. Minister. After his speech, you can seek clarification.

... (*Interruptions*)

उपाध्यक्ष महोदय : आपकी जानकारी के लिए बता रहा हूं, आप यहां उस समय नहीं थे।

.MAJ. GEN. (RETD) B. C. KHANDURI (GARHWAL): The Hon. Speaker has said that Shri Ramdas Athawale is the last speaker.

उपाध्यक्ष महोदय : आपको मालूम नहीं है। मैं जब चेयर पर आया, रामदास आठवले के बाद उन्हीं के सामने इतने नाम थे।

श्री राजेश पायलट (दौसा) : अगर आप थक गये हों तो मुझे कोई एतराज नहीं है, मैं किसी और मौके पर बोल लूंगा। मंत्री जी जवाब दे दें, मुझे कोई एतराज नहीं है। .

MR. DEPUTY SPEAKER: The hon. Minister can give his reply now.

SHRI S.S. PALANIMANICKAM (THANJAVUR): We want to know Rule 292 for academic interest.

MR. DEPUTY SPEAKER: Let me see that. It is stated:

"No variation in the Allocation of Time Order shall be made except on a motion made. "

The time was extended till the disposal of this matter. No other matter is taken up. That is the ruling. It is already there.

2228 बजे

श्री राजेश पायलट (दौसा) : उपाध्यक्ष जी, मैं माफी मांगता हूं अगर मेरे भाइयों को कुछ देरी हो रही हो। मैं केवल अपने दो जजबात इसमें जोड़ने आया हूं। हमारी वर्किंग कमेटी की मीटिंग थी, मैं दौड़कर आया कि यूरिया के बारे में मैं भी अपनी भावना इस बहस में जोड़ूं। मैं कहना चाहता हूं कि जो शोर देश में मचा हुआ है कि यह सब्सिडी किसानों को जा रही है वह ठीक नहीं है। असलियत में किसानों को सब्सिडी नहीं जा रही है। एक स्कीम चली थी कि हम अपने देश में यूरिया इतना पैदा करें कि हमें दूसरे देशों पर निर्भर न रहना पड़े। एक इंसेंटिव की स्कीम चलाई जिसको उन्होंने गोल्ड-प्लेटिंग स्कीम कहा। उसके अनुसार जितना किसी कारखाने की क्षमता है अगर वह उस क्षमता के अनुसार पैदा करेगा तो उसे स्टैंडर्ड रेट मिलेगा, उसके ऊपर उसको डेढ़ गुना या दुगुना रेट मिलेगा। कुछ कारखानों ने इसका दुरूपयोग किया। उनकी क्षमता तो थी 100 टन की, दिखा दिया 80 टन और प्रोड्यूस करते रहे 130 टन। तो यह 50 टन का पैसा जो डबल देते रहे, वह हजारों करोड़ रुपये किसानों को नहीं गया, यह कारखानों के मालिकों के पास गया है। मैं पूछना चाहता हूं कि क्या सरकार ने इस बात की कोई खोज की है। मैंने एक डिबेट

पढ़ी थी, जिसमें प्रधान मंत्री जी ने कहा था कि यह सब्सिडी कारखानों में जा रही है। जैसा देवेन्द्र जी ने कहा, किसानों पर बोझ बढ़ा है और माननीय मंत्री जी इस बात को मानें। पहले हमारी कृि की ग्रोथ पॉपुलेशन के बराबर रहा करती थी, बल्कि ऊपर रहा करती थी।

(x5/2230/am-rsg)

आज वह नीचे जा रही है। जैसे अय्यर जी ने कहा कि एक दिन ऐसा न आ जाए कि हम खाद के लिए दूसरे देशों पर निर्भर करते रहें। क्या मंत्री जी इस बारे में आश्वासन देंगे? हनुमंथप्पा कमेटी ने भी इस बारे में पूरा लिख कर दिया है। इस बारे में खोज हो, एनक्वायरी हो, इनवैस्टिगेशन हो। किसान को बदनाम किया जा रहा है कि सबसिडी किसान को जा रही है जबकि वह 4-5 कारखाने वालों के पास जा रही है।

यूरिया का असर आम किसान पर पड़ा है। यह जजबात एक वर्ग के लिए नहीं है। हर वर्ग के किसान पर इसका जोर पड़ा है। इसका सीधे फसल पर असर पड़ेगा। मेरी अपील है कि आप इसे देखे। हम दिल से इस बात के लिए इंटरस्टिड हैं। राते के साढ़े दस बजे तक सब लोग भूखे-प्यासे बैठे हैं और वे चाहते हैं कि प्राइस रोल बैक हों।

एम.एस.पी. और सी.आई.पी. की भी बात है। 580 रुपए एम.एस.पी. एनाउंस है। 580 रुपए में किसान का गेहूं खरीदा जा रहा है और वह 900 रुपए में वहीं बिक रहा है। 320 रुपया कहां जा रहा है? एक रुपए 20 पैसे का भी हिसाब मैं मान सकता हूं। वह इन्होंने एफ.सी.आई. का लगा दिया लेकिन 320 रुपए का फर्क किसान के सामने है। 580 रुपए में एम.एस.पी. दे रहो हो और 900 रुपए सी.आई.पी. ले रहे हो। यह अन्याय है। आप इसे जरूर देखें और एम.एस.पी. के फार्मूले को रिवाइव करें। हम सबसिडी की फेवर में नहीं हैं लेकिन किसान को अपने उत्पादन का मूल्य सही मिल जाए तो अच्छा होगा। आप इस प्राइस राइज को जरूर देखें। हमारी भावना सरकार तक पहुंचा कर इसे रोल बैक करें।

(इति)

2232 बजे

उपभोक्ता मामले और सार्वजनिक वितरण मंत्री (श्री शांता कुमार) :मान्यवर उपाध्यक्ष महोदय, इस सवाल पर बहुत लम्बी चर्चा हुई। चर्चा में भाग लेने वाले सभी माननीय सदस्यों को मैं धन्यवाद देता हूं। सुझाव देने और आलोचना करने के लिए भी उन्हें धन्य वाद करता हूं। जितनी भी आलोचना हुई वह इस धारणा पर हुई कि हमने गरीब पर बोझ डाला। वह इस आधार पर हुई कि गरीब की सबसिडी कम की गई। यह धारणा सही नहीं है। जो भी नई व्यवस्था की गई है, वह उसी भावना से की गई जिस भावना से आपने हमारी आलोचना की। इसे समझने की आवश्यकता है। प्रशंसा करने के तरीके में भेद करने की आवश्यकता है। यहां मुख्य तीन बातें हुई। एक, गरीबी की रेखा से नीचे रहने वाले 33 करोड़ लोगों की अनाज की मात्रा को दुगना कर दिया गया। वह 10 किलो से बढ़ा कर 20 किलो कर दिया गया। दूसरी बात हुई कि गरीबी की रेखा के नीचे के लोगों को दिए जाने वाले अनाज का भाव 50 परसैंट ऑफ इकोनोमिक कॉस्ट कर दिया गया। तीसरी बात यह हुई कि ए.पी.एल. के जो लोग हैं, उनको सबसिडी न देने का निर्णय किया गया। ये बातें पिछले तीन-चार वाों के आर्थिक चिंतन के परिणामों के आधार पर हुईं। निर्णय हमने किया लेकिन चिंतन पिछले तीन-चार सालों से हो रहा था।

नौवीं पंचवाीय योजना के डॉक्यूमैंट में पी.डी.एस. फूड सिक्योरिटी इत्यादि बातों के बारे में बड़ी गम्भीरता से चिंतन और मनन हुआ। पंचवाीय योजना का डाक्यूमैंट किसी पार्टी का डॉक्यूमैंट नहीं होता, किसी सरकार का नहीं होता। इसमें सहमति बनती है। वह नेशनल डेवलपमैंट कौंसिल में भी एप्रूव होता है। उसे नेशनल कनसैंसस का डॉक्यूमैंट मानना चाहिए। उसमें इन बातों की चर्चा हुई। मैं उनमें से कुछ बातें उद्धृत करना चाहता हूं। उसमें कहा गया कि पी.डी.एस. का जो यूनिवर्सल सिस्टम है, उससे गरीबों को फायदा नहीं हुआ। वह बदल कर टारगेटिड होना चाहिए और जो इशू प्राइस है वह इकोनोमिक कॉस्ट का 50 परसैंट होना चाहिए। इस बारे में चितन कई वा पहले हुआ है। मैं इस डॉक्यूमैंट की दो-दो लाइनें उद्धृत करना चाहूंगा :

> "The challenge, however, is to contain the total food subsidy to the minimum necessary by devising a system of targeting so that the subsidies benefit only those sections whom the State wants to protect."

(y5/2235/skb-vp)

इसके बाद उद्धृत करना चाहूंगा ;

> "The key to sustainability lies in adhering to the principle of the targeted subsidy system, in particular, the need for confining the subsidy to the BPL families or reducing them and eventually, eliminating them for the ABL families. "

जो हमने किया, ए.पी.एल. की सबसिडी खत्म करने के लिये किया। आलोचना हमारी हो रही है लेकिन पूरा देश इस सहमति के पक्ष में है। इसके बाद एक बात और उस डाकूमेंट के अंदर कही गई है;

> "The most persistent complaint against the current TPDS is the very low scale of allocation at the rate of 10 kgs. of food grain per BPL family per month; the scale needs to be raised to 20 kgs. "

यह मैं कह रहा हूं कि हम लोगों ने किया है। इस सब के पीछे आर्थिक चिन्तन है। इसके बाद कहा गया है;

> "As per the principle enunciated, the BPL families will have to be issued food grains at half the normal price… "

इस पर ध्यान दीजिये और आगे डिफाइन किया गया है;

> "… which should be defined as equal to economic cost of food grains. "

मैं आपसे निवेदन करना चाहूंगा कि हमारी आलोचना की गई है, जिसका मैं स्वागत करता हूं लेकिन जो कुछ हमने किया है, इस देश के बुद्धिमान और विद्वान लोगो ने किया जो उस समय सरकार में थे, उन्होने यह डाकूमेंट तैयार किया, अप्रूव किया है। इसके अंदर जो तीनों बातें हम लोगों ने की हैं, वे इसमें हैं । यदि यह गलत था तो आपने उस समय इसका विरोध क्यों नहीं किया? अब अपोज़ कर रहे हैं जबकि यह नौवी पंचवर्षीय योजना का डाकूमेंट है।

… (*Interruptions*)

MR. DEPUTY-SPEAKER: Shri Basu Deb Acharia, please sit down.

… (*Interruptions*)

THE MINISTER OF PARLIAMENTARY AFFAIRS AND MINISTER OF INFORMATION TECHNOLOGY (SHRI PRAMOD MAHAJAN): You hear him patiently. You may not agree with him; but that is different. But he has heard you for seven hours. Now do not interrupt him. … (*Interruptions*)

श्री शान्ता कुमार; मैं आपकी बात लगातार सात घंटे से सुन रहा हूं, आपको मेरी बात भी सुन लेनी चाहिये। मेरा निवेदन है कि हमने जो तीन बातें की थी, उसका आधार क्या है? उसका आधार आर्थिक चिन्तन और पंचवर्षीय योजना था। उस पंचवर्षीय योजना की जो तर्कसंगत, अच्छी आर्थिक भावना थी, उसको इम्पलीमेंट किया गया है। अब हमारे कुछ मित्रों ने आलोचना की है। यह ठीक है कि टी.पी.डी.एस. जब शुरु की गई थी तो उस समय यह निर्णय युनाइटेड फ्रंट की सरकार ने किया था । उस समय के माननीय मंत्री यहां बैठे हुये है । उस समय की सरकार को समर्थन देने वाले सभी मित्र भी मेरे सामने बैठे हुये हैं जिनकी आलोचना मैंने सुन ली है। उस समय जो निर्णय किये गये थे , वे ये थे कि इस कार्यक्रम को स्ट्रीमलाइन करने की जरूरत है, पी.डी.एस. को बदलकर टी.पी.डी.एस. करने की जरूरत है। यह बहुत अच्छा निर्णय किया गया था। उस समय निर्णय में एक बात कही गई थी;

> "Access to the PDS will be barred for the affluent section of the society. "

अब अगर ए.पी.एल. वालों को सबसिडी देनी बंद कर दी गई है , अगर इनकम टैक्स देने वालों को चीनी नहीं मिलेगी...(व्यवधान)

SHRI PRAMOD MAHAJAN: You are not able to tolerate one sentence. He tolerated 40 minutes of your speech! ... (*Interruptions*)

श्री शान्ता कुमार; उपाध्यक्ष जी, यह बड़ी हैरानी की बात है कि ये मेरी बात सुनना नहीं चाहते। मेरा निवेदन है कि आप लोगों को मेरी बात आराम से सुननी चाहिये।...(व्यवधान)

MR. DEPUTY-SPEAKER: Let him complete. Do not interrupt. Let him say what he wants to say. Do not give any running commentary.

श्री शान्ता कुमार; मैंने आप लोगों को आठ घंटे शान्ति से सुना है और मैं आप लोगों को आधे घंटे में सुनाकर घर भेजूंगा।

(z5/2240/bks-rbn)

मेरी बातें आपको कड़वी लगें तो इसमें मेरा कसूर नहीं है। 1996 में उस समय की सरकार का पहला निर्णय एफ्लुएन्ट वर्ग को इससे बाहर निकालना था। उसकी शुरूआत हमने कर दी। ए.पी.एल. को सब्सिडी नहीं देने का निर्णय हमने कर लिया। यह उस समय की सरकार का एक निर्णय था। उस समय की सरकार के प्रधान मंत्री महोदय ने 15 अगस्त को जो भााण दिया था, उस भााण की चार पंक्तियां मैं आपको सुनाना चाहता हूं।

> "We have now decided to expand in a phased manner the Public Distribution System and to provide up to 10 kgs. of rice and wheat every month to the poor families at half the normal price. "

यह निर्णय था, जिसे आप इम्पलीमेंट नहीं कर सके। लेकिन आपका निर्णय यह था कि इकोनोमिक कास्ट के आधे पर बी.पी.एल. को यह दिया जायेगा...(व्यवधान) अब मैं बिल्कुल यील्ड नहीं करूंगा।

श्री देवेन्द्र प्रसाद यादव (झंझारपुर) : यह नॉर्मल प्राइस का हाफ था।

श्री शांति कुमार : भााण में प्रधान मंत्री जी ने यहां कहा कि गरीबी की रेखा से नीचे रहने वाले लोगों को दस किलो अन्न दिया जायेगा और यह नॉर्मल प्राइस से 50 परसेन्ट पर दिया जायेगा। नॉर्मल प्राइस के बारे में आपका मतभेद हो सकता है, मैं मानता हूं। अब आगे चलिये, उसी सरकार का एक और निर्णय क्या है।

> "The issue price for the below the poverty line population will be 50 per cent of the economic cost and for the above poverty line population 90 per cent of the economic cost. "

अब यह 50 परसेन्ट ऑफ इकोनोमिक कॉस्ट बी.पी.एल. का रेट है। यह निर्णय तो उस समय की सरकार का था, जो आपके समर्थन से चल रही थी और जिसके एक मंत्री यहां बैठे हुए हैं। ...(व्यवधान) मुझे बड़ी हैरानी है दुनियां का सबसे बड़ा लोकतंत्र भारत और दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र की सबसे बड़ी पंचायत में हमारा विरोध इसलिए हो रहा है ...(व्यवधान) इसलिए मेरा निवेदन है कि जो तीनों निर्णय हमने किये, जिसके लिए आपने आठ घंटे हमारी आलोचना की, ये निर्णय आपके हैं, उस समय की सरकार के हैं, जो सरकार आपके समर्थन से चल रही थी, ये उसके निर्णय हैं। इसमें एक भी ऐसा निर्णय नहीं है, हमने अपने तौर पर नया किया हो। इसलिए सारी की सारी आलोचना का आधार ही समाप्त हो जाता है। यह हमने नहीं किया है, आपने किया है और आपके समर्थन से वह सरकार चल रही थी।...(व्यवधान)

डा.रघुवंश प्रसाद सिंह (वैशाली) : इकोनोमिक कॉस्ट का 90 परसेन्ट ए.पी.एल. के लिए था...(व्यवधान)

श्री शांता कुमार : मैंने यही कहा कि ए.पी.एल. के लिए 90 परसेन्ट को हमने दस परसेन्ट बढ़ाया, वह मैं मानता हूं। लेकिन बी. पी.एल. के लिए पचास परसेन्ट है, आपकी सबसे बड़ी आलोचना तो बी.पी.एल. के लिए है। बी.पी.एल. के लिए इकोनोमिक कास्ट का 50 परसेन्ट का निर्णय आपका है। हमारा निर्णय नहीं है।

श्री मणि शंकर अय्यर (मयिलादुतुराई) : आपने दो साल से क्यों नहीं किया?

संसदीय कार्य मंत्री तथा सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री (श्री प्रमोद महाजन) : मणि शंकर जी, यह आपका अच्छा लॉजिक है ...(व्यवधान)

डा.रघुवंश प्रसाद सिंह (वैशाली) : ए.पी.एल. का भाव छः रुपये हैं, उसे आपने नौ रुपये कर दिया

...(व्यवधान)

उपाध्यक्ष महोदय : आप पैनल ऑफ चेयरमैन की सीट पर बैठने वाले सीनियर मैम्बर है।

...(व्यवधान)

MR. DEPUTY-SPEAKER: Hon. Members can ask for clarification after the hon. Minister finishes his speech.

श्री शांता कुमार : मेरा माननीय सदस्य से निवेदन है और मैं यह मानता हूं कि यह ...(व्यवधान)

उपाध्यक्ष महोदय : आप चेयर की तरफ देखकर सारे डीटेल्स दे दीजिए।

श्री शांता कुमार : मैं यह समझता हूं कि ये जितने निर्णय थे, ये तर्कसंगत थे, अच्छे थे, आर्थिक चिंतन पर आधारित थे। इन अच्छे समझदारी के आर्थिक निर्णयों को करने की समझदारी मेरे दोस्तों ने की थी, लेकिन उन निर्णयों को लागू करने की हिम्मत मेरे दोस्त नहीं कर सके।

(a6/2245/rpm/rk)

होना तो यह चाहिए था कि जब हमने यह निर्णय लागू किया, तो उस तरफ से हमारे मित्र इन फैसलों को करने के लिए हमारी तारफ करते और खुद क्रेडिट लेते, क्योंकि ये सभी निर्णय उनके ही समय में हुए थे हमने तो उन्हें सिर्फ लागू किया है।...(व्यवधान)

SHRI RAJESH PILOT (DAUSA): This is not the way. You have taken vote against those decisions. Now, you are saying that they are bad. This is very surprising.

श्री शान्ता कुमारः मैं यह कह रहा हूं कि आर्थिक चिन्तन के आधार पर, तर्कसंगत निर्णय करने की समझदारी आपने की थी और उन निर्णयों को लागू करने का साहस हमने किया।...(व्यवधान)

संसदीय कार्य मंत्री (श्री प्रमोद महाजन): सर, हमने जिस समय वोट लिया और कांस्टीट्यूशनल रिव्यू किया, तो ये कहते हैं कि मत करो, तब क्यों याद नहीं आता कि हमने वोट लिया था। एन.डी.ए. में लिख कर लिया था। तब क्यों याद नहीं आता कि हमने वोट लिया था। आप भी कमाल करते हैं।...(व्यवधान) When we are implementing our manifesto, on which we got vote, you should say it happily.... (*Interruptions*)

श्री मणि शंकर अय्यर (मयिलादुतुराई): हमने हमेशा विरोध किया है, तब भी विरोध किया था और अब भी विरोध कर रहे हैं, जिन बातों का हमने उस समय समर्थन किया था. उनका आज भी समर्थन करते हैं।...(व्यवधान)

उपाध्यक्ष महोदय: यह क्या हो रहा है। आप लोग आपस में क्यों बोल रहे हैं।

...(व्यवधान)

श्री शान्ता कुमारः इन निर्णयों का आपने कभी विरोध नहीं किया जिनको हमने इम्पलीमेंट किया है।...(व्यवधान)

MR. DEPUTY-SPEAKER: I request the Members, please do not interrupt the Minister.

SHRI K. YERRANNAIDU (SRIKAKULAM): You should leave about the Congress people. You should think about our requests. You should leave the old document and consider the requests made by your allies.

श्री शान्ता कुमारः उपाध्यक्ष महोदय, मैंने प्रारंभ में ही कहा था कि हम पर यह आरोप लगा है कि हमने गरीबों की सबसिडी कम कर दी है, यह सत्य नहीं है। पिछले र्वा सबसिडी 5400 करोड़ रुपए थी, लेकिन इस र्वा बढ़ाकर 7600 करोड़ रुपए हो गई है। गरीबी की रेखा से नीचे रहने वाले लोगों की सबसिडी 2270 करोड़ बढ़ी है, घटी नहीं है। गरीब की सबसिडी बिलकुल नहीं घटाई है, री-फोकस की है, गरीबों की तरफ उसे प्रवाहित करने की कोशिश की है। इसलिए इसमें कोई सचाई नहीं है कि हमने सबसिडी घटाई है। भाव बढ़ाया है इसकी चर्चा हो रही है, लेकिन हमने मात्रा बढ़ाई है, उसकी चर्चा नहीं हो रही है। हमने 100 प्र ातिशत मात्रा में बढ़ोत्तरी की है।

उपाध्यक्ष महोदय, अब यह कहा जा रहा है कि गरीबों की परचेजिंग पावर नहीं है। 33 प्रतिशत गरीबों में कुछ अति गरीब हैं, कुछ कालाहांडी जैसी जगहों पर रहते हैं, उनकी परचेजिंग पावर नहीं है, तो क्या यह दो साल में घट गई या हमारे कारण घट गई या हमारे कारण एक साल में या दो साल में बढ़ जाएगी? ऐसा तो नहीं है।

उपाध्यक्ष महोदय, नई व्यवस्था से कैसे फायदा हो रहा है, मैं उसको बताना चाहता हूं। एक परिवार की 40 या 50 किलो अन्न की आवश्यकता हो सकती है, लेकिन चार-पांच आदमियों के एक परिवार की न्यूनतम आवश्यकता हम 20 किलो मानें क्योंकि इससे कम में गुजारा नहीं होगा, यदि एक परिवार एक महीने में 20 किलो अन्न खरीदे, तो उसको पहले की व्यवस्था में साढ़े तीन रुपए किलो के हिसाब से 10 किलो अन्न खरीदने पर 35 रुपए एवं 10 किलो अन्न खुले मार्केट से खरीदने पर 120 रुपए, यानी कुल मिलाकर उसे 20 किलो अन्न खरीदने पर रु.155 खर्च करने पड़ते हैं। अब हमने कहा है कि राशन की दुकान से आपको 10 किलो की जगह 20 किलो अनाज देंगे, लेकिन महंगे भाव पर मिलेगा। अब 20 किलो अन्न उसे रु.5.90 के हिसाब से मिलेगा और उसका खर्चा रु.118/- होगा। यानी पहले उसे 155 रुपए खर्च करने पड़ रहे थे, अब उसे 118 रुपए खर्च करने पड़ेंगे। उसकी मिनीमम रिक्वायरमेंट जो 20 किलो अनाज की है वह उससे पूरी हो जाएगी और जहां पहले उसे इसके लिए 155 रुपए खर्च करने पड़ते थे वहां अब उसे सिर्फ 118 रुपए खर्च करने पडेंगे जिसका सीधा अर्थ यह हो गया कि पहले के मुकाबले अब उसे 37 रुपए प्रति माह कम खर्च करने पडेंगे। इस प्रकार प्रत्येक गरीब परिवार को कम से कम 37 रुपए की राहत प्रति मास दी गई है। मेरी इस भावना को कृपया एप्रीशिएट करिए। यह आप भी जानते हैं कि 20 किलो से कम अनाज में किसी भी परिवार का गुजारा नहीं होता है और 20 किलो अनाज खरीदने के लिए जहां पहले उसे 155 रुपए खर्च करने थे अब वहां 118 रुपए खर्च करेगा और 37 रुपए प्रति मास उसको लाभ होगा। यह अनाज उसको राशन कार्ड पर हमारी फेयर प्राइस शाप के माध्यम से मिलेगा।

(b6/2250/rjs-rc)

प्रति परिवार को 37 रुपये प्रति महीने की राहत नयी व्यवस्था में दी है। यही 2270 करोड़ रुपये की सबसिडी जो इन गरीब परिवारों को दी है, क्या उसको वापिस ले लिया जाये? क्या वापिस लिया

जाये? इस नयी व्यवस्था के कारण एक साल में कुल 74 लाख टन अनाज गांव के गरीब लोगों की झोंपड़ी में जाने वाला है। सस्ते राशन पर यह 74 लाख टन अनाज उन परिवारों के पास जायेगा। इससे 2270 करोड़ रुपये का फायदा होगा। इस तरह एक महीने में गरीब परिवार को 37 रुपये की राहत मिलेगी। किस चीज को वापिस लेने के लिए हमारे मित्र कह रहे हैं। मैं प्रार्थना करूंगा कि इस भावना को समझने की कोशिश करिये। इस नयी व्यवस्था में सबसिडी काटी नहीं गयी है बल्कि उसे रिफोक्स किया गया है। इस नयी व्यवस्था में 74 लाख टन अनाज गरीब की झोंपड़ी तक पहुंचाने की कोशिश की गई है। इस नयी व्यवस्था के अंतर्गत हर गरीब परिवार को 37 रुपये मासिक की राहत देने की कोशिश की गई है।

...(व्यवधान) अब तो मुझे पूरा करने दीजिए। ...(व्यवधान) अब तो ग्यारह बजने वाले हैं।

श्री देवेन्द्र प्रसाद यादव (झंझारपुर) : उपाध्यक्ष महोदय, प्वाइंट ऑफ इन्फोर्मेशन की परम्परा रही है।

...(व्यवधान)

उपाध्यक्ष महोदय : यादव जी, आप सीनियर मैम्बर हैं।

...(व्यवधान)

SHRI DEVENDRA PRASAD YADAV (JHANJHARPUR): Sir, I am on point of information.

MR. DEPUTY-SPEAKER: If you want to have any clarification, ask it after his completion.

... (*Interruptions*)

श्री शांता कुमार : ग्यारह बजे गये हैं इसलिए मैं पहले अपनी बात पूरी करना चाहता हूं। ...(व्यवधान)

MR. DEPUTY-SPEAKER: When you were speaking, you had taken 20 minutes.

SHRI DEVENDRA PRASAD YADAV (JHANJHARPUR): Sir, I want to have a point of information.... (*Interruptions*)

MR. DEPUTY-SPEAKER: If he yields, then only you can speak.

... (*Interruptions*)

श्री शांता कुमार : अगली बात मैं यह रखना चाहता हूं कि मिनिमम सपोर्ट प्राइस और सैंट्रल इश्यू प्राइस में कुछ रिश्ता जरूर होना चाहए। यह तर्कसंगत बात है जिसका निर्णय उस समय की सरकार ने किया था। अब मीनिमम सपोर्ट प्राइस पिछले दस सालों में सात बार बढ़ा। व्हीट की मिनिमम सपोर्ट प्राइस 158 परसेंट बढ़ गई, राइस की मिनिमम सपोर्ट प्राइस 110 परसेंट बढ़ गई लेकिन इश्यू प्राइस बिल्कुल नही बढ़ी। आखिर यह बात कितने दिन चलेगी।

...(व्यवधान)

श्री मणिशंकर अय्यर (मयिलादुतुराई) : क्यों नहीं बढ़ी?

श्री शांता कुमार : क्यों नहीं बढ़ी, उस वक्त के लोगों ने क्यों नहीं बढ़ाई, वह बात अलग है। लेकिन नहीं बढ़ी, यह सच्चाई है। जिस भाव से हम कोई चीज खरीदते हैं। ... (व्यवधान) जिस भाव से कोई चीज खरीदी जाती है और जिस भाव में सप्लाई की जाती है, दोनों का आपस में कोई तर्कसंगत संबंध होना चाहिए। किसान को अधिक पैसा मिलना चाहिए। हर साल मिनिमम सपोर्ट प्राइस बढ़ती है और वह बढ़ानी चाहिए। लेकिन आखिर वह सारा पैसा आये कहां से? उसका कोई तो आपस में संबंध चाहिए। उसका संबंध होना चाहिए इसलिए फाइव ईयर प्लान डाकूमैंट में कहा गया कि 50 परसेंट इकोनोमिक कॉस्ट हो क्योंकि इकोनोमिक कॉस्ट मे मिनिमम सपोर्ट प्राइस भी इन्कलूड होती है। उस समय फाइव ईयर प्लान डाकूमैंट में ठीक सोचा गया कि इकोनोमिक कॉस्ट का 50 परसेंट हो। 1996 के समय सरकार ने ठीक फैसला किया कि इकोनोमिक कॉस्ट का 50 परसेंट हो। मेरा यह कहना है कि मिनिमम सपोर्ट प्राइस और सैंट्रल इश्यू प्राइस के अंदर आपस में कोई तर्कसंगत संबंध होना चाहिए। उस समय का निर्णय ठीक था लेकिन वह लागू नहीं हुआ। हमने उसे लागू कर दिया। इसको हमने तर्कसंगत बनाने की कोशिश की है।

एक आरोप हमारे ऊपर और लगाया जा रहा है कि अबव पावर्टी लाइन के लोगों पर हमने बहुत बोझ डाल दिया है। पहली बात यह है कि उस समय यह निर्णय लिया गया था कि जो लोग अपने पैरों पर खड़े हो रहे हैं, उनको अब सबसिडी की जरूरत नहीं है। वह लक्षित होनी चाहिए और मैं यह समझता हूं कि समाज के जो वर्ग अपने पैरों पर, कदमों पर चल सकते हैं उन्हें सरकार की बैसाखियां लेने की कोशिश नहीं करनी चाहिए। फिर यह पब्लिक डिस्ट्रीब्यूशन सिस्टम, यह जो हमारा फूड का प्रबंध है, वह सबके लिए नहीं है। यह 100 करोड़ लोगों के लिए नहीं हो सकता। कोई भी सरकार सारे लोगों की अनाज की आवश्यकता को पूरा नहीं कर सकती। यह अनाज की आवश्यकता का विकल्प नहीं है, पूरक है। यह सप्लीमैंट्री है। वैसे भी हम जो प्रोक्योरमैंट करते हैं, वह 18 परसेंट करते हैं। 82 परसेंट अनाज प्राइवेट ट्रेडर्स के पास रहता है।

(c6/2255/mkg/kvj)

हम सारी की सारी आवश्यकता पूरी नहीं कर सकते, इसलिए एबोव पावर्टी लाइन के लोगों के बारे में हम पर आरोप है कि हमने उनका कुछ छीन लिये, कितना नुकसान पहुंचा दिया। कितना नुकसान पहुंचा, इस समय देश के अन्दर एबोव पावर्टी लाइन के 10.50 करोड़ परिवार हैं, उनको जो हम सब्सिडी देते थे, जो हमने देनी बन्द कर दी तो कितना नुकसान हुआ। एक व्यक्ति को एक महीने में तीन रुपये का नुकसान हुआ है। अर्थात अबव पावर्टी लाइन के जो लोग हैं, वे एक महीने में एक चाय का कप नहीं पिएंगे तो हमारी नई व्यवस्था को बर्दाश्त कर सकते हैं। इस पर भी शोर मचाया जा रहा है। 33 करोड़ गरीब लोग हैं, उनको तो 2270 करोड़ रुपया हमने दे दिया, जो गरीबी की रेखा के नीचे के लोग हैं, उनको महीने के 37 रुपये की राहत दे दी, जो गरीबी की रेखा के नीचे के लोग हैं, 74 लाख टन अनाज उनकी झोंपड़ी में पहुंचा दिया। जो गरीबी की रेखा के ऊपर के लोग हैं, उनको हमने कहा कि देखिये, अब आप अपने पैरों पर चल सकते हैं, अब यह तीन रुपये महीने की जो हम आपको मदद करते हैं, कृपया यह छोड़ दीजिए। यह हमने किया है।

उस तरफ साम्यवादी मित्र बैठे हैं, ये पहले नारा लगाते थे कि अमीरों से लो, गरीब को दो। हमने यह काम थोड़ा सा किया है तो हमको एप्रीसिएट करिये। एक और बात कही गईहै कि हम 580 रुपये लेते हैं और 900 रुपये देते हैं। और भी कुछ मित्रों ने बात कही कि एफ.सी.आई. की इकोनोमिक कास्ट ज्यादा है। एक तो मैं इस बात को स्वीकार करता हूं कि इकोनोमिक कास्ट मुझे भी ज्यादा लगती है। इसमें हम प्रयत्न कर रहे हैं, कोशिश कर रहे हैं, एक स्टडी बिठाई है, एक्सपर्ट ओपिनियन भी ले रहे हैं, लेकिन अगर यह इकोनोमिक कास्ट ज्यादा है तो हमारे आने के बाद तो ज्यादा नही हो गई, यह तो पहले भी ज्यादा थी। पहले भी यह ज्यादा थी, जब आपकी सरकार थी, तब भी ज्यादा थी। मैं इसको डिफेंड नही कर रहा हूं। मैं आपकी बात को स्वीकार करता हूं कि एफ.सी.आई. की जो इकोनोमिक कास्ट है, उसको कम किया जाना चाहिए। मैं स्वीकार करता हूं, लेकिन उसमें एक बात है।... (व्यवधान)

उपाध्यक्ष महोदय : रघुवंश जी, आप जवाब पूरा होने दो। उसके बाद कुछ पूछताछ कर सकते हैं।

श्री शान्ता कुमार : उसमें सरकार कोशिश कर रही है कि इकोनोमिक कास्ट को कैसे कम किया जाये। वैसे उसमें बहुत सी कास्ट तो मंडियों के अन्दर टैक्सेज़ हैं, क्योंकि जो प्राइवेट व्यापारी है, वह तो सीधे किसानों से खरीद लेता है, सारे टैक्स उसको नहीं देने होते। मैंने स्वयं बैठकर एक-एक मद को देखने की कोशिश की है, मुझे स्वयं लगता है कि 580 रुपये पर हम लेते हैं और हमारा खर्चा मिलाकर 900 रुपये हमको बैठता है। यह लगता बहुत ज्यादा है, इस पर विचार किया जा रहा है, अध्ययन किया जा रहा है, एक्सपर्ट ओपिनियन ली जा रही है कि इसको कितना कम किया जा सकता है। हम इसको देखेंगे और हम इसको कम करने की कोशिश करेंगे। दूसरी बात यहां की गई कि कि हमारे पी.डी.एस. के बी.पी.एल. के भाव बढ़ जाने के कारण मार्केट में भाव बढ़

जाएंगे, यह आशंका व्यक्त की गई। इसमें कोई सच्चाई नहीं है, इसका एक कारण तो यह है कि हम इसके अन्दर बड़े माइनर प्लेयर हैं, हम 18 परसेंट प्रिक्योर करते हैं, 82 परसेंट तो बाहर रहता है। इसके भाव पहले भी दो बार बढ़े, एक अप्रैल से भाव कर दिये, मार्केट में भाव बढ़े नहीं हैं, बल्कि भाव कम हो रहे हैं। इस आशंका के बारे में भी मैं आश्वस्त करता हूं।

मैं एक और निवेदन करना चाहता हूं, हमारे कांग्रेस के मित्रों ने हमारी बहुत आलोचना की, भाव बढ़ा दिये, भाव बढ़ा दिये। उन्होंने बी.पी.एल. की, गरीबी की रेखा की दुहाई दी, बहुत कुछ कहा, लेकिन मैं रिकार्ड देख रहा था कि जब कांग्रेस के मित्रों ने सरकार छोड़ी, तब गरीबी की रेखा के नीचे रहने वालों को किस भाव से अन्न मिलता था। 402 रुपये पर आप उनको देते थे।...(व्यवधान)

SHRI MANI SHANKAR AIYAR (MAYILADUTURAI): Not for RPDS blocks. 1175 RPDS blocks had been given Rs.50 a quaintal less. This is the way the Finance Minister tried to mislead us in the debate on the General Budget. So, I have checked it up. Please check up what happened with the RPDS blocks.

श्री शांता कुमार : उपाध्यक्ष जी, उस वक्त बिलो पावर्टी लाइन था ही नहीं। उस समय सभी लोगों को जो आप देते थे...(व्यवधान) आप सुन लीजिए। बिलो पावर्टी लाइन शुरू होने से पहले जो भाव था, वह राशन की दुकान का भाव था। 33 करोड़ लोग राशन की दुकान पर आकर 4.02 रुपये के भाव से गेहूं लेते थे। आज 4.50 रुपये किया तो शोर मच गया। आप छः साल पहले 4.02 रुपये पर देते थे। मैं एक और निवेदन करना चाहूंगा कि 1990 में चावल का भाव 290 रुपये था, 1994 में आपने उसको बढ़ाकर 537 रुपये कर दिया। चावल के भाव 537 रुपये थे, जब कांग्रेस ने सरकार छोड़ी। 290 रुपये से बढ़ाकर आपने 537 रुपये चार साल में किया। चार साल में आपने गरीबों के लिए चावल का भाव 247 रुपये बढ़ाया था।

(d6/2300/jr-brv)

तब गरीब को परेशानी नहीं हुई थी। आपने गेहूं का भाव 1990 में जो 280 रुपए था, उसको 1994 में 402 रुपए कर दिया। इस तरह से चार साल में आपने गेहूं का भाव 122 रुपए गरीबों के लिए बढ़ाया था, तब गरीबों के लिए परेशानी नहीं हुई थी। हमने आपके भाव के मुकाबले सिर्फ 53 रुपए चावल पर और 48 रुपए गेहूं पर बढ़ा दिए, तो आप हमारी आलोचना कर रहे हैं। आपके समय में इतने ज्यादा बढ़े, हर समय बढ़ते रहे और आज आप हमारी आलोचना कर रहे हैं।

उपाध्यक्ष महोदय, मैं एक और महत्वपूर्ण बात की ओर सदन का ध्यान दिलाना चाहूंगा। नौवीं पंचवर्षीय योजना में एक महत्वपूर्ण बात कही गई थी, जिस बात को नई व्यवस्था में हमने ठीक करने की कोशिश की है। उस डाक्युमेंट में कहा गया था-

> "Another fall out of the universal PDS has been that the States with the highest incidence of poverty, viz. Orissa, Bihar, Madhya Pradesh and Uttar Pradesh are the ones whose *per capita* PDS off-take has been the lowest. It thus became clear that the PDS, which existed till recently, did not serve the poor well, especially in the poorer States. In view of the mounting food subsidy in recent years, coupled with the fact that the PDS did not reach the poor, a view has emerged that the universal coverage of the PDS is neither sustainable nor desirable."

मैं एक और उदाहरण देना चाहूंगा। तीन प्रदेशों में पुराने सिस्टम में वहां की स्थिति क्या थी। बिहार में ए.पी.एल. की जनसंख्या पूरे देश की ए.पी.एल. की जनसंख्या का 7.56 प्रतिशत है, परंतु सब्सिडी 1.38 प्रतिशत मिलती थी। जहां सबसे ज्यादा गरीब रहते थे, उनको उस पुराने सिस्टम से सबसे ज्यादा नुकसान होता था। उत्तर प्रदेश में भी इसी तरह ए.पी.एल. की आबादी 14.9 प्रतिशत थी और सब्सिडी मिलती थी 5.70 प्रतिशत, मध्य प्रदेश में भी ए.पी.एल. की आबादी कुल आबादी का 7.09 प्रतिशत था और सब्सिडी मिलती थी 1.65 प्रतिशत। इसी तरह उड़ीसा में ए.पी.एल. का प्रतिशत कुल आबादी का 9.26 प्रतिशत था और सब्सिडी मिलती थी तीन प्रतिशत। हमने इसको खत्म कर दिया और बी.पी.एल. को दोगुना राशन देने के कारण जहां ज्यादा गरीब हैं, वहां ज्यादा सब्सिडी देने का काम किया। इसलिए आप हमारी भावना को समझने की कोशिश करें। बी.पी.एल. में एलोकेशन का 80-90 प्र

ातिशत उठा लिया जाता था, लेकिन ए.पी.एल. में नहीं उठता था, गरीब प्रदेश नहीं उठाते थे। इस कारण पुराने सिस्टम से नुकसान होता रहा। इसको केलकुलेट करें तो करोड़ों रुपए का नुकसान गरीब प्रदेशों को हुआ है।

हमने नई व्यवस्था में दोगुनी मात्रा कर दी। जहां गरीब ज्यादा हैं, उन प्रदेशों को दोगुना राशन मिलेगा। पहले जहां बी.पी.एल. के लोग ज्यादा थे उन गरीब प्रदेशों में जो विरोधाभास होता था, सब्सिडी कम मिलती थी, इस नई व्यवस्था में वह खत्म होगा और हमने खत्म करने की कोशिश की है।

यहां बहुत सी बातों का जिक्र किया गया, मैं समझता हूं कि उनका अलग से वर्णन न करूं, क्योंकि समय काफी हो गया है। मुख्य-मुख्य बातें मैंने कह दी हैं। इसलिए यदि सारी बातों का जवाब देने लगूं तो बहुत देर लगेगी। महंगाई की बात की गई है। मेरे कांग्रेस के मित्रों ने महंगाई की बात की। आज प्राइस इंडैक्स पिछले दस साल की तुलना में न्यूनतम पर है यानी 2.9 प्रतिशत है। मैं कांग्रेस के मित्रों को यह भी याद दिलाना चाहता हूं कि 1990-91 में 10.3 प्रतिशत था, तब आपको गरीब का ध्यान नहीं आया।

(e6/2305/sb-ksp)

1991 में प्राइस इंडेक्स 13.7 प्रतिशत था, 1992-93 में 10.1 प्रतिशत था। महंगाई तब भी बहुत थी, आज महंगाई सबसे कम 2.9 प्रतिशत है।...(व्यवधान) आप यह कहेंगे कि महंगाई में खाद्य पदार्थ नहीं आते। खाद्य पदार्थों की महंगाई, जो लगभग 10-11 फीसदी रहती रही है वह आज मिनिमम छ: प्रतिशत है। इसलिए महंगाई का नाम लेकर जो शोर मचाया गया है, उसमें कोई सत्यता नहीं है।

महोदय, अब मैं केवल एक बात कहना चाहता हूं कि हमने 33 करोड़ लोगों को 2270 करोड़ रुपए की अतिरिक्त सब्सिडी दी। उनको हमने 74 लाख टन अनाज दिया और प्रति परिवार 37 रुपए की राहत दी है। हमने एपीएल के लोगों को एक महीने में तीन रुपए की राहत दी, इसलिए सारी बातों को देखते हुए यह नया निर्णय तर्कसंगत है, उचित है और आर्थिक आधार पर है। इसे वापस लेने की बात हमारे जो मित्रों ने कही है मैं उनसे कहना चाहता हूं कि आप अपनी बिना तर्क की आलोचनाओं को वापस ले लीजिए।...(व्यवधान) ये निर्णय जनता के हित में है और तर्कसंगत है। इन्हीं शब्दों के साथ मैं आपको धन्यवाद करता हूं।

(इति)

SHRI BASU DEB ACHARIA (BANKURA): Mr. Deputy-Speaker, Sir, the Minister has not agreed to our proposal to roll back the increase in the prices of foodgrains, fertilisers and other essential commodities. So, we are walking out.

2306 hours

(At this stage, Shri Basu Deb Acharia and some other

hon. Members left the House.)

SHRI RAJESH PILOT (DAUSA): Mr. Deputy-Speaker, Sir, the Government has not agreed to review or reconsider the decision to increase the prices of foodgrains, fertilisers and other essential commodities. So, we are walking out in protest.

2306 hours

(At this stage, Shri Rajesh Pilot and some other

hon. Members left the House.)

2307 hours

The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the Clock on

Friday, April 28, 2000/Vaisakha 8, 1922 (Saka).